राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

दैनिक
हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

R.N.I No.UPHIN /2013/57267
आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 अभिनेत्री हेमा पोथाना: रंगों और सपनों...




सीएम रेखा गुप्ता ने भलस्वा ईडब्ल्यूएस... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 11 दिसंबर 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 12 अंक: 278, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### दर्दनाक हादसा: बम निरोधक दस्ते का वाहन ट्रक से टकराया, 4 जवानों की मौके पर मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के सागर में एक बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ है। जहां एक बीडीएस (बम निरोधक दस्ते) के जवान सड़क हादसे की चपेट में आ गए। इस हादसे में 4 जवानों की मौत की खबर सामने आ रही है वहीं इसमें 1 जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी जवान




ड्यूटी खत्म करके घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में उनका वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया। यह हादसा सागर के नेशनल हाइवे 44 पर बांदरी मालथौन में हुआ। पांचों जवान मुरैना से लौट रहे थे, तभी सुबह के लगभग 4 बजे यह हादसा हो गया। जवानों का वाहन सामने आ रही एक ट्रक से टकरा गया। हालांकि, हादसे की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतकों की पहचान प्रधुमन दीक्षित, अमन कौरव और चालक परमलाल तोमर के रूप में हुई है। तीनों मुरैना के रहने वाले हैं। वहीं, भिंड के डांग मास्टर विनोद शर्मा की भी मृत्यु हो गई है। इसके अलावा मुरैना के आरक्षक राजवीन चौहान दुर्घटना में घायल हो गए हैं, जिनका बंसल अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, पुलिस के वाहन में एक डॉग भी था, जो बिल्कुल सही सलामत है।

### प्रवासी राजस्थानी दिवस: सीएम भजनलाल शर्मा ने 1 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग की

**जयपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर जेईसीसी में रिमोट का बटन दबाकर 1 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग की। साथ ही, उन्होंने 'कमिटमेंट इन एक्शन कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया। इस अवसर पर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। प्रवासी राजस्थानी दिवस पर बोलते हुए, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, ...मैं राज्य को तेजी से आगे बढ़ाने, राज्य की अर्थव्यवस्था को विकसित करने के काम में शामिल हर व्यक्ति को बधाई देता हूं, और हर राजस्थानी एक विकसित भारत के संकल्प में भी योगदान देता है। इसमें हमारे प्रवासी राजस्थानियों का बहुत बड़ा योगदान होगा। प्रवासी राजस्थानी दिवस के मौके पर, मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने कहा, जनता ने हमसे वादा किया है, और हम इसे तेजी से पूरा कर रहे हैं। हम इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और भारत और विदेश में अपनी पहचान बनाने वाले प्रवासी राजस्थानियों के साथ लगातार बातचीत करते हुए, जवाबदेह और भरोसेमंद बने हुए हैं।

### अजमेर में डॉक्टर के फ्लैट में 15 लाख की चोरी : 20 मिनट में गहने लेकर फरार हुए दो बदमाश, वारदात सीसीटीवी में कैद

**अजमेर (आरएनएस)।** शहर में चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार को हरिभाऊ उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र में कोटड़ा स्थित एक अपार्टमेंट के फ्लैट में दिनदहाड़े 15 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए गए। वारदात सीसीटीवी कैमरों में साफ कैद हुई है। गार्ड से बातचीत करते दिखे चोर सीसीटीवी फुटेज में दो युवक अपार्टमेंट परिसर में प्रवेश करते और फ्लैट में घुसने से पहले काफी देर तक गार्ड से बातचीत करते नजर आए। इसके बाद दोनों लिफ्ट से छठी मंजिल पर पहुंचे और डॉक्टर के फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए।

20 मिनट में पूरी वारदातअंदर पहुँचकर दोनों बदमाशों ने करीब 20 मिनट तक पूरे फ्लैट को खंगाला और अलमारियों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात समेट लिए। चोरी के बाद दोनों बिना किसी हड़बड़ी के अपार्टमेंट से बाहर निकल गए।ड्यूटी से लौटी डॉक्टर को मिली चोरी की सूचना पीड़ित डॉ. अवंतिका शर्मा, जो आयुर्वेद चिकित्सक हैं, ने बताया कि वह सुबह काम पर गई थीं।

# पूर्व सीजेआई गवई पर जूता फेंकने वाले वकील की सरेआम धुनाई, कड़कड़डूमा कोर्ट में वकीलों ने चप्पलों से पीटा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की राजधानी दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब सुप्रीम कोर्ट के पूर्व सीजेआई बी.आर. गवई पर जूता फेंकने वाले आरोपी वकील राकेश किशोर की वकीलों के ही एक समूह ने जमकर पिटाई कर दी। कोर्ट परिसर में मौजूद आक्रोशित वकीलों ने राकेश किशोर को घेर लिया और उन पर चप्पलों की बरसात कर दी। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने बड़ी मशक्कत के बाद बीच-बचाव कर उन्हें भीड़ से बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर ले गए। गौरतलब है कि राकेश किशोर ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बी.आर. गवई की ओर जूता उछाल दिया था। हालांकि, जस्टिस गवई ने उदारता दिखाते हुए उन्हें माफ कर दिया था, लेकिन इस घटना से वकीलों की बिरादरी में गहरा रोष था। इसी नाराजगी का नतीजा कड़कड़डूमा कोर्ट में देखने को मिला, जहां राकेश किशोर के पहुंचते ही वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा और धक्का-मुक्की के साथ उनकी चप्पलों से पिटाई कर दी गई। लगभग 71-72 वर्षीय राकेश किशोर



दिल्ली बार काउंसिल में वर्ष 2009 से पंजीकृत एक वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। जूता कांड के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है, जिसके चलते वे अब किसी भी केस की पैरवी नहीं कर सकते हैं। इतनी फजीहत और निलंबन के बावजूद राकेश किशोर को अपने किए पर रत्ती भर भी अफसोस नहीं है। उन्होंने अपनी हरकत के पीछे अजीबोगरीब तर्क देते हुए कहा था कि भगवान ने उनके सपने में आकर उन्हें ऐसा करने का आदेश दिया था, इसलिए उन्होंने जूता फेंका।

## मुख्यमंत्री के दौरे के अंतिम दिन दक्षिण कोरिया में प्रभावशाली निवेश रोड शो को मिला भारी समर्थन

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा अपने दक्षिण कोरिया दौरे के अंतिम दिन आयोजित प्रभावशाली निवेश रोड शो को अग्रणी औद्योगिक कंपनियों की भागीदारी के साथ भारी प्रोत्साहन मिला और इन कंपनियों ने पंजाब में निवेश करने में गहरी रुचि दिखाई। यहां व्यापारिक नेताओं के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पंजाब को स्थिर एवं पारदर्शी शासन वाला तथा भविष्य के निवेश के लिए पूरी तरह तैयार राज्य के रूप में चिह्नित किया। उन्होंने कहा कि पंजाब का मजबूत औद्योगिक इको-सिस्टम, विश्वसनीय और सस्ती बिजली, कुशल एवं मेहनती श्रमिक बल तथा बड़े बाजारों से सुगम संपर्क सुविधाएँ इसे निवेश के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य बनाती हैं। भगवंत सिंह मान ने दोहराया कि पंजाब का शासन मॉडल निवेशक-अनुकूल है,



जो कार्य-कुशलता और कारोबारी चक्र के दौरान पूर्ण सहयोग पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब का विजन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में दक्षिण कोरिया के साथ प्रौद्योगिकी, नवाचार और परस्पर लाभकारी संबंधों से प्रेरित है।

## कांग्रेस को पदों के हिसाब से रेट लिस्ट लगानी चाहिए : हरपाल सिंह चीमा

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के वित्त मंत्री और वरिष्ठ आम आदमी पार्टी नेता एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों पर कांग्रेस पार्टी को घेरते हुए आज सुझाव दिया कि पार्टी को अपने दफ्तर के बाहर एक बोर्ड लगाना चाहिए, जिस पर पदों के हिसाब से रेट लिस्ट लिखी हो। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इन बोर्डों पर लोगों को मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक और पंचायत चुनावों सहित अन्य पदों के लिए टिकट लेने की निर्धारित कीमत की जानकारी दी जा सकती है।

यहाँ पार्टी कार्यालय में पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने नवजोत कौर सिद्धू द्वारा लगाए गए आरोप–कि कांग्रेस पार्टी में मुख्यमंत्री की टिकट 500 करोड़ रुपये में बेची गई थी–का हवाला देते हुए कहा कि अब तक तो यह रेट और बढ़ चुका होगा। उन्होंने हैरानी जताई कि चार दिन बीत जाने के बाद भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से यह स्पष्ट करने के लिए कोई बयान सामने नहीं आया कि यह पैसा कहाँ जाता है। उन्होंने




सुनील जाखड़ द्वारा लगाए गए उस आरोप का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया था कि चरणजीत सिंह चन्नी ने 350 करोड़ रुपये में मुख्यमंत्री का पद हासिल किया था। वित्त मंत्री चीमा ने पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, चरनजीत सिंह चन्नी, संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा की इस मुद्दे पर हैरान करने वाली चुप्पी की ओर भी संकेत किया। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री के उस बयान, जिसमें उन्होंने नवजोत कौर सिद्धू को मनोवैज्ञानिक इलाज कराने की सलाह दी थी, की कड़ी आलोचना करते हुए वित्त मंत्री ने नवजोत कौर सिद्धू के प्रति एक कैंसर सर्वाइवर के तौर पर सहानुभूति जताई और कहा कि कैंसर से अपनी जंग जीतने के बाद अब वह पंजाब के लोगों के लिए लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इलाज की जरूरत नवजोत कौर सिद्धू को नहीं, बल्कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेतृत्व को है।

कांग्रेस के भ्रष्टाचार की एक और घटना का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मीडिया को 10 दिसंबर 2021 को पंजाब भवन में दो मंत्रियों के बीच हुई लड़ाई की याद दिलाई, जिसमें तबादलों में किए गए भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ था। उन्होंने कहा कि यही कांग्रेस नेता आज भी पार्टी में विधायक और सांसद के रूप में सेवा कर रहे हैं।

## गोवा क्लब अग्निकांड : लूथरा ब्रदर्स गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत पहुंचे, रोहिणी कोर्ट में दाखिल की अग्रिम जमानत याचिका

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गोवा नाइट क्लब अग्निकांड मामले के मुख्य आरोपी लूथरा ब्रदर्स गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट की शरण में पहुंचे हैं। नाइट क्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा ने विदेश भागने के बाद दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। ये याचिका अपने वकील के जरिए दाखिल कराई है। याचिका में कोर्ट से जमानत देने की अपील की गई है। वहीं, पुलिस ने लूथरा ब्रदर्स के करीबी और बिजनेस पार्टनर अजय गुप्ता को गोवा पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। अजय गुप्ता ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस को बताया कि वो क्लब में सिर्फ बिजनेस पार्टनर है। उसे कुछ नहीं पता। गोवा पुलिस अजय गुप्ता को साकेत कोर्ट में पेश कर इसका ट्रांजिट रिमांड लेगी। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच गोवा पुलिस को सिर्फ असिस्ट कर रही है। वहीं लूथरा ब्रदर्स ने रोहिणी कोर्ट में एंटीसिपेटरी बेल लगाई है। उनका घर मुखर्जी नगर में है इसलिए अग्रिम जमानत रोहिणी कोर्ट में लगाई गई है। बता हैं कि गोवा के 'बर्च बाय रोमियो लेन



नाइटक्लब के मालिक गौरव लूथरा को थाईलैंड के फुकेट एयरपोर्ट पर देखा गया है। वह हादसे के बाद विदेश भाग गए। गोवा मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इंटरपोल ने नाइटक्लब मालिकों सौरभ और गौरव लूथरा के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है।

## देश को विभाजित करने वाले जयचंद और मीरजाफर जैसे पापी : मुख्यमंत्री योगी

**गोरखपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज और देश



को विभाजित करने वालों से सावधान रहने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे लोग जयचंद और मीरजाफर जैसा पाप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तोड़ने के लिए बहुत से लोग हैं। कोई जाति के नाम पर, कोई क्षेत्र और कोई भाषा के नाम पर बांट रहा है। समाज और देश तोड़क इन तत्वों को जब सत्ता में आने का मौका मिलता है तो वे सिर्फ अपने और परिवार के बारे में सोचते हैं। परिवार के लिए प्रॉपर्टी, विदेश में होटल और द्वीप खरीदते हैं। ऐसे लोग देश को दरिद्र करने का षड्यंत्र करते हैं।

जाति, क्षेत्र आदि के नाम के तात्कालिक लॉलीपॉप से समाज और देश का कल्याण नहीं हो सकता। देश का कल्याण तभी होगा, जब भेदभाव नहीं होगा, सबमें एकता होगी। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने ऑडिटोरियम के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

## ड्रोन शो ने रचा इतिहास, ग्लोबल समिट में बना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट के समापन समारोह में मंगलवार रात अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब 3,000 ड्रोन ने आसमान में दुनिया का सबसे लंबा वायु-आकृति वाक्य बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया। ड्रोन ने राज्य की विजन 2047 महत्वाकांक्षा को शानदार तरीके से प्रदर्शित किया। यह मंत्रमुग्ध कर देने वाला शो उभरते भारत फ्यूचर सिटी स्थल पर आयोजित हुआ, जैसे ही मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने विजन 2047 दस्तावेज का अनावरण किया।

इससे पहले कार्यक्रम में एक रोबोट ने सबसे अधिक सबका ध्यान खींचा, जिसने मंच पर मुख्यमंत्री को विजन 2047 दस्तावेज सौंपा। तकनीक व नवाचार के प्रतीक के रूप में यह पल खूब चर्चित रहा। पूर्व आरबीआई गवर्नर दुव्वुरी सुब्बाराव, पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा, तेलुगू सुपरस्टार चिरंजीवी और अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि 2014 में गठन के बाद से तेलंगाना की




प्रगति दुनिया के लिए मिसाल बन चुकी है। उन्होंने कहा, प्रारंभिक संघर्षों से आगे बढ़कर तेलंगाना आज तकनीक, कृषि और समावेशी विकास का वैश्विक केंद्र बन चुका है।

वहीं, आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि विजन डॉक्यूमेंट शासन में पारदर्शिता, समावेश और कुशल तकनीक को केंद्र में रखकर आगे बढ़ने की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि सफल कार्यान्वयन, सतत मूल्यांकन और समय पर सुधार ही आगे की दिशा तय करेंगे। अरविंद सुब्रमण्यम के अनुसार तेलंगाना केवल भारत के नक्शे पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में भी पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि विजन 2047 राज्य की प्रगति को आईटी-केंद्रित अर्थव्यवस्था से जन-केंद्रित तकनीकी पारिस्थितिकी की ओर ले जाएगा। सुब्बा राव ने कहा कि तेलंगाना आज भारत का नंबर 1 विकासशील राज्य के रूप में उभर रहा है और हैदराबाद फार्मा, बायो और सर्विस सेक्टर का वैश्विक हब बन चुका है।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा कि विश्व बैंक मानकों के अनुसार तेलंगाना अपर मिडिल इनकम इकॉनमी का स्तर हासिल कर चुका है। वह लक्ष्य जिसे भारत अगले पांच वर्षों में हासिल करना चाहता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नीति आयोग तेलंगाना की विकास यात्रा में हर कदम पर भागीदार रहेगा।

**मुलाकात**

### भारत में निवेश और विस्तार की प्रतिबद्धता को दोहराया

# शीर्ष कंपनियों के सीईओ ने पीएम मोदी से मुलाकात की

रवि कुमार एस ने एक अलग पोस्ट में कहा कि भारत के एआई-फर्स्ट रोडमैप, वैश्विक उद्यमों द्वारा एआई अपनाने की गति को तेज करने की आवश्यकता, एआई क्षमताओं के निर्माण हेतु शिक्षा और कौशल सुधारों और समावेशी विकास के लिए उत्पादकता में वृद्धि पर एक प्रेरणादायक बातचीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दुनिया की कई दिग्गज कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने मुलाकात की। इनमें इंटेल के सीईओ लिप-बू टैन, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला और कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस और उसकी भारतीय इकाई के एमडी एवं चेयरमैन राजेश वरियर शामिल थे।

प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद लिप-बू टैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर पोस्ट में कहा कि आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात हुई। हमने टेक्नोलॉजी, कंप्यूटिंग और भारत के लिए अपार संभावनाओं वाले विविध विषयों पर व्यापक चर्चा की। मैं एक व्यापक सेमीकंडक्टर डिजाइन और निर्माण नीति लागू करने के लिए प्रधानमंत्री की सराहना करता हूं और इंटेल भारत सेमीकंडक्टर मिशन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ पीएम मोदी ने कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस और उसकी भारतीय इकाई के एमडी एवं चेयरमैन राजेश वरियर से मुलाकात की। इस पर कॉग्निजेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सइ पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे सीईओ रवि कुमार एस और कॉग्निजेंट इंडिया के एमडी एवं चेयरमैन राजेश वरियर ने



पीएम मोदी से मुलाकात की। जहां उन्होंने एआई को अपनाने में तेजी लाने और एआई क्षमताओं एवं उत्पादकता को बढ़ाने हेतु शिक्षा एवं कौशल विकास को आगे बढ़ाने पर एक प्रेरक बातचीत की। वहीं, रवि कुमार एस ने एक अलग पोस्ट में कहा कि भारत के एआई-फर्स्ट रोडमैप, वैश्विक उद्यमों द्वारा एआई अपनाने की गति को तेज करने की आवश्यकता, एआई क्षमताओं के निर्माण हेतु शिक्षा और कौशल सुधारों और समावेशी विकास के लिए उत्पादकता में वृद्धि पर एक प्रेरणादायक बातचीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर चुके हैं। सत्य नडेला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि देश की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट 17.5 अरब डॉलर का निवेश कर रहा है, जो एशिया में हमारा अब तक का सबसे बड़ा निवेश है, ताकि भारत के एआई-प्रधान भविष्य के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे, कौशल और संप्रभु क्षमताओं के निर्माण में मदद मिल सके।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# नगर पालिका की जमीन पर पीडब्ल्यूडी ने बनाई सड़क और कर दिया बड़ा खेला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** पीडब्ल्यूडी विभाग का एक नया कारनामा आया सामने,उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में दैनिक बुलंद संदेश अखबार ओर तेज लाइव न्यूज टीम जब स्थानीय लोगों की समस्या को उठाने के लिए मौके पर पहुंची तो पीडब्ल्यूडी विभाग बुलंदशहर का एक कारनामा सामने आया है आपको बता दें कि बी0एस0जी0 मार्ग के किमी0-2 से मोहन डेयरी के सामने वाली गली की विशेष मरम्मत 200 मी जिसकी लागत लगभग 24.61 लाख से होना है जबकि यह मार्ग पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत नहीं आता है और ना ही कभी इस मार्ग पर पीडब्ल्यूडी के द्वारा कोई निर्माण कार्य कराया गया है जिसको विभाग विशेष मरम्मत कार्य बता रहा है यह सड़क पूर्ण रूप से कच्ची है। स्थानीय लोगों की माने तो उनके द्वारा कहा गया है यहां पर कभी किसी विभाग द्वारा कोई सड़क नहीं बनाई गई है जबकि वह लोग 12- 14 साल से यहां के निवासी हैं और यह क्षेत्र नगर पालिका के अंतर्गत आता है। लेकिन बड़ा सवाल यह है उच्च अधिकारियों से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया है कि यहां पर पहले पीडब्ल्यूडी ने सड़क को बनाया था जिस पर अब विशेष मरम्मत कार्य का टेंडर किया गया है। आखिर जब सड़क वहां पर कभी बनी ही नहीं है तो विभाग किस रोड की बात कर रहा है और यह रोड कब बन गया इसका



पेमेंट किस तरह से किया गया है यह एक गंभीर जांच का विषय क्योंकि स्थानीय लोगों का साफ कहना है यहां पर कभी कोई सड़क बनी नहीं है ना ही कोई सरकारी पैसा लगा है। साथ ही स्थानीय लोगों द्वारा यह भी बताया गया कि किसी के द्वारा उनसे कहा गया की कोई भी यहां पर आए तो उसको यही बताना है कि यह रोड पहले भी पीडब्ल्यूडी ने बनाई थी।

आखिरी स्थानीय लोगों से इस तरह का झूठ बुलवाने के पीछे क्या मनसा हो सकती है यह एक बड़े जांच का विषय है देखना होगा खबर के बाद जांच में क्या तथ्य सामने निकाल कर आते हैं जैसा स्थानीय लोगों के द्वारा कहा गया है अगर यह तथ्य सामने आते हैं तो विभाग में किस तरह की कार्रवाई होगी जानकारी होने पर फिलहाल विभाग में खलवाली मची हुई है।

# मानवाधिकार कानून सर्वांगीण विकास को जरूरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर** । सरस्वती विधा मंदिर लॉ कॉलेज, में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ० बिनोद कुमार सिंह, डॉ० अरविंद कुमार तथा वरिष्ठ प्रवक्ता सुहैल आलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



मंच का सफल संचालन डॉ० अरविंद कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ प्रवक्ता सुहैल आलम ने मानवाधिकार दिवस पर अपने विचार रखे। उन्होंने मानवाधिकारों के ऐतिहासिक विकास, समानता के अधिकार, लिंग भेद की समस्या तथा शिक्षा के समान अवसर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। छात्राओं अंजलि, ममता एवं प्राची ने भी मानवाधिकारों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसने सभा को और अधिक ज्ञानवर्धक बना दिया।

# जनपद में गठित 12 क्रिटिकल कोरिडोर टीम (सीसी टीम) द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही की गयी

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**बुलंदशहर।** जनपद में गठित 12 क्रिटिकल कोरिडोर टीम (सी सी टीम) द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। सभी टीम द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु दुर्घटना संभावित स्थलों पर चेकिंग की गई अभियान के दौरान सी. सी. टीम द्वारा- यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों बिना हेलमेट / सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाने आदि के विरुद्ध चालान व आवश्यक कार्यवाही की गई। सार्वजनिक स्थानों पर यातायात बाधित करने वाले वाहनों को हटाने की कार्रवाई भी की गई। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत संवेदनशील मार्गों पर सीसी टीम द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही हैं। सीसी टीम द्वारा किए गए इस प्रवर्तन अभियान का उद्देश्य जनपद में दुर्घटनाओं की रोकथाम करते हुए सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करना है।बुलन्दशहर पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती हैं कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा में सहयोग दें।

# भाजपा जिला कार्यालय पर मतदाता गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के अंतर्गत बुलंदशहर विधानसभा कार्यशाला का सफल आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** मतदाता गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय पर बुलंदशहर विधानसभा की कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास चौहान एवं सदर विधायक प्रदीप चौधरी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन आनंद चौधरी द्वारा किया जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि ्मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण संगठन का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि लोकतंत्र को सशक्त करने का कार्य है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ की मतदाता सूची का गहराई से अध्ययन कर नए मतदाताओं को जोड़ना, छूटे हुए नामों को शामिल कराना और स्थानांतरण या विलोपन की त्रुटियों को सुधारना चाहिए। भाजपा का कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हें मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करे और संगठन के प्रति





विश्वास मजबूत करे सदर विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण आगामी चुनावों की तैयारी की आधारशिला है। प्रत्येक कार्यकर्ता को यह संकल्प लेना चाहिए कि उसके बूथ पर एक भी पात्र नागरिक का नाम सूची से न छूटे। भाजपा का कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग तक पहुँचने का माध्यम है। यह अभियान जनता से सीधा जुड़ाव बढ़ाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का अवसर है।

बैठक में भावतोष गुर्जर, जिला महामंत्री अजय त्यागी, हितेश गर्ग शंभू सिंह राघव, सुंदर सिंह तेवतिया, मंडल अध्यक्ष भीष्म सिसोदिया बिल्लू पंडित सिंह केपी सिंह, सभासद योगेश गुप्ता सुखदेव शर्मा अजय कुमार, त्रिभुवन सिंह, अनिल चौधरी, अशोक चौधरी ,मंडल महामंत्री हिमांशु तोमर ,संस्कार वर्मा, प्रतीक शर्मा, पालीवाल, मंडल प्रभारी, सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, तथा अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, कार्यों का विभाजन और समयबद्ध लक्ष्य निर्धारण पर

# शातिर गौकश गैंगस्टर की पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 02 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** थाना पुलिस ग्राम मोहना में आईटीआई कॉलेज के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी तभी एक बाइक पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये, जिनको पुलिस टीम द्वारा

**कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, बाइक व पशु काटने के औजार बरामद**

रोकने का प्रयास किया गया, नहीं रुके तथा बाइक को तेजी से मोड़कर ग्राम ईसेपुर की तरफ भागने लगे, पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा कर घेराबंदी की गयी तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी





आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में दोनो बदमाश गोली लगने से घायल हो गये जिन्हें घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 1. युनिस उर्फ चीना पुत्र मेंहदी हसन निवासी ग्राम बडौदा सिहानी थाना हाफिजपुर जिला हापुड हाल निवासी ग्राम लाडलावास थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर 2. जावेद उर्फ एजाज उर्फ मुर्गा पुत्र इलियास निवासी बहेरिया थाना फाफा मऊ जिला इलाहाबाद हाल निवासी ताज बाग कॉलोनी थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ के रुप में हुई हैं घायल बदमाशों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, बाइक व पशु काटने के औजार बरामद हुए हैं उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के गौकश अपराधी है जो आज आवारा पशुओं को काटने की तलाश मे घूम रहे थे। दोनो शातिर बदमाशों पर गौकशी व अन्य धाराओं मे विभिन्न थानों पर अभियोग पंजीकृत है।

# क्षमा शर्मा की हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गत 28 नवम्बर को थाना चोला में क्षमा शर्मा पुत्री दिनेश शर्मा निवासी ग्राम नैथला हसनपुर थाना चोला जनपद बुलन्दशहर की गुमशुदगी परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी, जिसका शव दिनांक 01.12.2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत वलीपुरा नहर में मिला था। दिनांक 02.12.2025 को परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना चोला पर मुअसं 295/25 धारा 87/103 (3)/238/ 61(2) बीएनएस बनाम शलीम पुत्र असरफ निवासी पीरवाली गली निकट मामन चौकी कस्बा थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर आदि 04 नफर अभियुक्त पंजीकृत




किया गया था। दिनांक 03.12.2025 को थाना चोला पुलिस द्वारा अभियुक्त शलीम उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा दिनांक 06.12.2025 को 02 अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था थाना चोला पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त सलीम को कलेक्ट्रेट गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना चोला पर विधिक कार्यवाही करते अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैगिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता- 1-सलीम पुत्र नसरुद्दीन निवासी मौ0 चांद खाँ कस्बा व थाना हापुड जनपद हापुड।

# नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने के 01 आरोपी को 03 वर्ष का कारावास व 15,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर नाबालिग लडकी के साथ छेड़खानी करने के 01 आरोपी को 03 वर्ष का कारावास व 15,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयीः अभियुक्त मोहित उर्फ भीमा पुत्र सोमवीर निवासी ग्राम पारौली थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2016 में वादिया की नाबालिग पुत्री के कपडे खींचकर जान से मारने की धमकी देने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी।

जिसके संबंध में दिनांक 03.01.2016 को थाना सलेमपुर पर मुअसं- 02/2016 धारा 354/452/506 भादवि व 8 पोक्सों एक्ट पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 22.01.2016 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई। जिसके परिणामस्वरुप को न्यायाधीश कल्पना (मा0 न्यायालय पोक्सो-02 बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त मोहित उर्फ भीमा को 03 वर्ष का कारावास व 15,000/- रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक धर्मेन्द्र राघव, देवेन्द्र माहुर, मॉनीटरिंग सैल प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह, पैरोकार है0 का0 प्रवीण राणा व कोर्ट महोरिर्र है0का0 कपिल राणा का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पुलिस कार्यलय में उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों को मानवाधिकार अधिकारों के संरक्षण हेतु शपथ ग्रहण करायी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यलय पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारीगण/कर्मचारीगणों को मानवाधिकार अधिकारों की शपथ ग्रहण करायी गयी तथा मानवाधिकारों के संरक्षण के प्रति पुलिस विभाग के उत्तरदायित्व को समझाते हुए पूर्णतः मानवाधिकार संरक्षण हेतु भारतीय संविधान एवं विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय अनुबंधों द्वारा भारत में अंगीकृत एवं लागू समस्त मानवाधिकारों के संरक्षण के प्रति सत्यनिष्ठ एवं वफादार रहने, मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए अपने कर्त्तव्यों का पूर्णरूप से पालन करने, बिना पक्षपात के मानवाधिकारों का सम्मान एवं सभी के आत्म सम्मान का आदर करने, अपने शब्दों, दस्तावेजों एवं विचारों द्वारा परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से किसी के



मानवाधिकारों का उल्लंघन न करने एवं मानवाधिकारों के विकास एवं सुरक्षा के लिए सदैव कर्त्तव्य बद्ध रहने की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ तेजवीर सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर ऋजुल व अन्य अधिकारिगण/ कर्मचारिगण उपस्थित रहे।

# एसआइआर पर मजबूती से काम करें कार्यकर्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य एवं एसआइआर के जिला प्रभारी जावेद अली ने प्रदेश में चल रहे एसआ आर पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन नगर की एक मैरिज होम में किया । बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने कहा कि 2027 में सपा को प्रदेश में सत्ता दिलाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सपा कार्यकर्ता मजबूती से जुटे रहे। जिससे सही वोट ने कटे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को वोट बनवाने का कार्य करें। इस दौरान हाजी अख्तर कुरैशी, मनीष शर्मा, पिंटू प्रमुख, संदीप राघव, विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार




बघेल, महेंद्र कुमार वाल्मीकि, मोहम्मद नाजिम, परवेज आलम, आदिल, जलीस, डॉक्टर असद, बिद्दू ठाकुर, आस मोहम्मद कुरैशी, गुड्डू राजा, और अन्य नेता उपस्थित रहे।

## उर्स का आगाज

## कव्वालों ने पढ़े सूफि याना कलाम, बाँधा समाँ

# हजरत बाबा सैयद फरीदुद्दीन शाह मिस्कीनी साबरी का चौथा वार्षिक उर्स का आगाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** हिंदु मुस्लिम एकता के प्रतीक अल्हाज बाबा सैयद फरीदुद्दीन शाह मिस्कीनी ताजी साबरी का एक दिवसीय चौथा वार्षिक उर्स श्रद्धा एवं शांति पूर्वक कुल शरीफ कि रस्म के साथ संपन्न हुआ। सर्दी के बावजूद उर्स में विभिन्न अंचलों के बाबा के सेंकड़ों अनुयाई व अक ीदतमंदों ने बाबा फरीद शाह मिस्कीनी के मजार पर चादरें और पुष्प भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। दरगाह हाजी बाबा मिस्कीन शाह ताजी रहम तुल्लाह अलैह के सज्जादानशीन सैयद बाबा शाह हुसैन मिस्कीनी ने देश में एकता और शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। उर्स के मुख्य आकर्षण में विभिन्न कव्वालों ने सूफि याना कलाम पेश कर अक ीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बुधवार को प्रातः कुरान ख़्वानी से उर्स का आगाज हुआ। शाम को फातेहा के बाद संदल व चादर के साथ अक ीदतमंदो का जत्था सज्जादानशीन सैयद शाह हुसैन मिस्कीनी ताजी के नेतृत्त्व में लदरगाह हाजी बाबा मिस्कीन शाह रहम तुल्लाह अलैह पहुंचा जहाँ सैयद शाह हुसैन मिस्कीनी , खलीफा व जाँनशीन सैयद सज्जाद शाह मिस्कीनी और बाबा फरीदुद्दीन शाह मिस्कीनी ताजी साबरी के मुरीदों ने मजार मुबारक पर फूल और चादरें पेश कर अपनी मन्नतें मांगी।



रात्रि में गौस मंज़िल में मीलाद शरीफ और जलसा नात ओ तकरीर का आयोजन हुआ। जिसमें शायरों, उलेमा व सूफ़िया ने अपने अपने कलाम व तकरीरों से नवाजा। तत्पश्चात महफिले कव्वाली का आयोजन हुआ जिसमें लईक ताज कव्वाल सिकंदराबाद और जमीर कव्वाल अमरोहा आदि कव्वालों और उनके हमनवाओं ने सूफि याना कलाम पेश कर अक ीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सज्जादानशीन सैयद शाह हुसैन शाह मिस्कीनी ताजी साबरी ने देश की एकता खुशहाली और शांति की विशेष प्रार्थना कराई। इस अवसर पर सदस्य हज कमेटी उत्तर प्रदेश सरकार कामरान खान, राष्ट्रीय सचिव अंजुमन फैजाने औलिया खलील अहमद साबरी, सह सचिव तालिब खान, सूफी इमदाद शाह राजशाही खानदान से आफताब खान मीलाद ख्वाँ, सज्जादानशीन लुत्फुलाह शाह दरगाह दनकौर सूफी फजलुर्रहमान लुत्फी, समीर लुत्फी, सज्जादानशीन खजूर शाह दरगाह दनकौर रिहान साबरी, साबरी खान मिस्कीनी, सैयद सज्जाद शाह मिस्कीनी, सैयद आतिफ शाह मिस्कीनी, अब्दुल समद मिस्कीनी, अब्दुल हमीद मिस्कीनी, सूफी नर्मदा प्रसाद कटारी, साबरी खान, गुलाम ताजुद्दीन, हनीफ खान,गुलाम मिस्कीनी, अख्तर मिस्कीनी,हाजी खलील मिस्कीनी, रफीक मिस्कीनी,मुतीब खान,नेता शकील अहमद, सद्दीक खां, यूसुफ खाँ, आमिर जैदी, सैयद मखदूम मिस्कीनी गुड्डू, सूफी शरीफ अहमद,बादशाह मिस्कीनी,सूफी शाकिर गाजी, सलीम अल्वी और मकसूद जालिब आदि मोजूद रहे।

# मानव अधिकार दिवस पर पुलिसकर्मियों को दिलाई शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर** । मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगी राम द्वारा कोतवाली परिसर में उपस्थित सभी पुलिस कर्मचारीगणों को मानवाधिकारों की शपथ ग्रहण करायी गयी तथा मानवाधिकारों के संरक्षण के प्रति पुलिस विभाग के उत्तरदायित्व को समझाते हुए पूर्णतः मानवाधिकार संरक्षण हेतु भारतीय संविधान एवं विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय अनुबन्धों द्वारा भारत में अंगीकृत एवं लागू समस्त मानवाधिकारों के संरक्षण के प्रति सत्यनिष्ठ एवं वफादार रहने मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए अपने कर्त्तव्यों का पूर्ण रूप से पालन करने बिना पक्षपात के मानवाधिकारों का सम्मान एवं सभी के आत्म सम्मान का आदर करने, अपने शब्दों, दस्तावेजों एवं विचारों द्वारा परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से किसी के मानवाधिकारों का उल्लंघन न करने एवं मानवाधिकारों के विकास एवं सुरक्षा के लिए सदैव कर्त्तव्य बद्ध रहने की शपथ दिलायी गयी ।

# छाया पब्लिक स्कूल में SDG लक्ष्यों पर प्रदर्शनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** राज चौपला स्थित छाया पब्लिक स्कूल में संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रस्तावित सतत विकास लक्ष्यों (SDG) पर आधारित छात्र प्रस्तुतियों का आयोजन सोमवार को हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों ने

**विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने बटोरी सराहना**

सभी 17 लक्ष्यों जीरो हंगर, नो पॉवर्टी, स्वच्छ जल-सफाई, सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा, सतत शहर एवं समुदाय, पानी के नीचे जीवन सहित अन्य विषयों–पर मॉडल, नाट्य प्रस्तुतियों का शानदार प्रदर्शन किया। जिन्हें अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, विद्यालय प्रबंधक अधिराज द्विवेदी, निदेशिका डॉ. राजुल द्विवेदी और अंबिका गौड़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की। प्रस्तुतियों के दौरान दर्शक दीर्घा में मौजूद अभिभावकों और अतिथियों ने विद्यार्थियों के कार्य को लगातार सराहा। मुख्य अतिथि विनोद वैशाली ने कहा कि छाया पब्लिक स्कूल ने शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण को जोड़कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। हाल ही में राष्ट्रपति द्वारा विद्यालय को मिले सम्मान को उन्होंने मोदीनगर के लिए गौरव का क्षण करार दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों की समृद्ध धारा बच्चों को मजबूत आधार प्रदान करती है। कार्यक्रम में विद्यालय की चेयरपर्सन कुसुम द्विवेदी और अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के एक्जीक्यूटिव वीसी व खेल साहित्य के प्रसिद्ध लेखक डॉ अरुण त्यागी के अलावा रजनी आगाखान, कपिल कुमार, नीलम, अदिति, मीनू और रिंकू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकाएँ मौजूद रहे।

# प्रोजेक्ट मैनेजर इन्द्रप्रताप सिंह को किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था की जिला इकाई ने छिजारसी टोल प्लाजा पर एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित कर टोल प्रोजेक्ट प्रबंधक इन्द्रप्रताप सिंह को सम्मानित किया। संस्था के पदाधिकारियों ने उन्हें संस्था की वार्षिक पत्रिका भेंट कर सौजन्य सम्मान प्रदान किया।

जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए ने बताया कि इन्द्रप्रताप सिंह को यह सम्मान उनके संतुलित व्यवहार, सरल कार्यशैली और सार्वजनिक सुविधाओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता को देखते हुए दिया गया है। संस्था का मानना है कि सार्वजनिक ढाँचों के संचालन में शालीनता और जिम्मेदारी दोनों अनिवार्य हैं, और इन्द्रप्रताप सिंह इन मूल्यों का प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वहीं प्रतिनिधिमंडल में शामिल पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समाज में सेवा भाव और पेशेवर आचरण को प्रोत्साहित करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी, जिला सचिव मुकेश प्रजापति, अनुशासन सचिव गुलशन राजन और युवा कमांड के जिला उपाध्यक्ष अनिल त्यागी मौजूद रहे।

# गरीब जरूरतमंद लोगों में बाटे गर्म कपड़े

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर में समर्पण वेलफेयर ट्रस्ट ने बढ़ती ठंड को देखते हुए कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में कार्यरत जरूरतमंद श्रमिकों व गरीब जरुरतमंद लोगों में गर्म कपडे बाटे। संस्थापक सरिता तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि समर्पण वेलफेयर ट्रस्ट समाज के गरीब कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करता है। सर्दियां शुरू हो गईं है, इसी को देखते हुए बुधवार को कस्बे के कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में जाकर वहां कार्य कर रहे जरूरतमंद श्रमिकों व गरीब लोगों में गर्म कपडे बाटे गए, ताकि वह अपना ठंड से बचाव कर सके। आगे भी ऐसे कार्य किये जायेंगे, मानव सेवा ही माधव सेवा है। इस कार्य में चन्द्रमणि भारद्वाज, आलोक तिवारी, सोनी प्रसाद और अल्का मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

# छाया पब्लिक स्कूल में हुआ माही अ सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित प्रदेश स्तरीय संविधान ज्ञान प्रतियोगिता में छाया पब्लिक स्कूल की छात्रा माही ने प्रथम स्थान

**प्रदेश स्तरीय संविधान ज्ञान प्रतियोगिता में माही रही अव्वल**

हासिल कर अपने विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए माही को 21 हजार रुपये नकद, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उनकी सफलता पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सोमवार को विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि छाया पब्लिक स्कूल शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने माही की सफलता को विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। नगरपालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा कि विद्यालय प्रारंभ से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देता आया है, जिसके चलते यहां से निकले विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में छाया पब्लिक स्कूल से कई नई प्रतिभाएं प्रदेश और देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी व कुसुम द्विवेदी ने कहा कि माही की उपलब्धि विद्यालय के उस शैक्षणिक वातावरण की प्रतिछवि है, जहाँ विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर संविधान, समाज और लोकतांत्रिक मूल्यों की गहरी समझ विकसित की जाती है। प्रधानाचार्य डॉ अरुण त्यागी कहा कि माही की सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणा है और यह साबित करती है कि समर्पित तैयारी और सही मार्गदर्शन से विद्यार्थी किसी भी मंच पर उत्कृष्टता हासिल कर सकते हैं।

वहीं माही ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन द्वारा दी गई स्कॉलरशिप, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# क्षेत्र में रोहिंग्या मौजूदगी पर उठे सवाल,ज्ञापन सौंप कर प्रशासन से की तत्काल कार्रवाई की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** क्षेत्र में रोहिंग्या समुदाय के कथित अवैध निवास को लेकर स्थानीय सामाजिक संगठनों ने चिंता जताई है। अपराध मुक्त गाजियाबाद सेवा समिति के जिला अध्यक्ष पंकज कंसल ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ज्ञापन में कहा किया गया है कि मोदीनगर और आसपास के इलाकों में लगभग छह स्थानों पर रोहिंग्या परिवार बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे हैं। समिति के अनुसार विजयनगर में दो जगह, विशोखर, लंकापुरी, सीकरी कलां के काजमपुर रोड और सुमन टॉकीज के पीछे स्थित क्षेत्रों में उनकी मौजूदगी दर्ज की गई है। ज्ञापन सौंपते हुए पंकज कंसल ने आशंका जताई है कि इन बस्तियों के कारण क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों और चोरी की घटनाओं में वृद्धि दर्ज की जा रही है। पंकज कंसल और उनके समर्थकों ने इसे सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़ा मामला बताते हुए उपजिलाधिकारी से तत्काल सत्यापन अभियान शुरू करने, अवैध निवास की स्थिति स्पष्ट करने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। प्रशासन की ओर से ज्ञापन प्राप्त होने की पुष्टि की गई है। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच कर तथ्यात्मक स्थिति के आधार पर आगे की कार्यवाही तय की जाएगी।

पंकज बंसल के साथ ज्ञापन सौंपते वालों में नीरज कुमार शर्मा, सुबोध कुमार, अश्वनी गुप्ता, अभिनव, आशीष बजरंगी, आलोक, पंकज शर्मा आदि शामिल रहे।

# युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने जीता दर्शकों का मन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**मोदीनगर (अनवर खान)।** डॉ केएन मोदी इंटर कॉलेज में सोमवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, गाजियाबाद के तत्वावधान में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा उत्साह और प्रतिस्पर्धा के माहौल में संपन्न हुई। क्षेत्रभर से पहुंचे युवा खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में अनुशासन, दक्षता और टीम भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं क्षेत्रीय विधायक मंजू शिवाच ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहते हुए कहा कि खेल व्यक्ति के भीतर नेतृत्व क्षमता, सामूहिक सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में दिखाई देने वाली ऊर्जा और प्रतिबद्धता ही राष्ट्र निर्माण की सशक्त नींव होती है। स्पर्धा के दौरान खिलाड़ियों की भागीदारी और आयोजन समिति की व्यवस्थाओं ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और प्रभावशाली बनाया। विधायक मंजू शिवाच ने प्रशिक्षकों और आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं को प्रोत्साहन देने वाली ऐसी प्रतियोगिताएँ समाज में स्वस्थ और प्रतिस्पर्धी वातावरण तैयार करती हैं। कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र, अभिभावक और खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे। स्पर्धा के अंत में विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की गई।

# ग्राम अबूपुर में माता रमाबाई लाइब्रेरी एवं टेबलेट लैब शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** ग्राम अबूपुर में डॉ अंबेडकर समाज कल्याण समिति की ओर से स्थापित माता रमाबाई लाइब्रेरी एवं टेबलेट लैब का राज्य मंत्री असीम अरुण द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को पुस्तक संसाधन तथा डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार यह केंद्र इलाके में शैक्षिक ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रमुख प्रयास माना जा रहा है।

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने अपने संबोधन में कहा कि लाइब्रेरी के शुरू होने से छात्रों को नियमित अध्ययन, संदर्भ सामग्री और शांत पठन-पाठन वातावरण की सुविधा मिलेगी, जबकि टेबल लैब तकनीकी व प्रायोगिक शिक्षा को लेकर नई संभावनाएं खोलेगी। इस अवसर पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों से जोड़कर दीर्घकालिक रूप से क्षेत्र की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने का लक्ष्य रखती है। वहीं प्रदेश अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया ने कहा कि इस केंद्र के संचालन से ग्रामीण बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस बदलाव दिखाई देगा। उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद राजकुमार सांगवान, चेयरमैन विनोद वैशाली, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, राजन चौधरी, देवपाल हरित आदि नेतागणों के अलावा सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# महिला प्रीमियर लीग 2026 में चमकी गाजियाबाद की आयुषी सोनी, गुजरात जायंट्स ने 30 लाख रुपये में किया चयन, विजय नगर की बेटी ने बढ़ाया शहर का मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** वूमैंस प्रीमियर लीग 2026 की शुरूआत नौ जनवरी से होने जा रही है। टीमों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया आरंभ हो गई है और बीसीसीआइ ने

- जिले में बैडमिंटन और क्रिकेट मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम-विजेताओं को किया सम्मानित
- नशामुक्त समाज के लिए आबकारी विभाग की सख़्ती की भी की गई सराहना

तारीखों की भी घोषणा कर दी है। इस मौके पर गाजियाबाद के विजय नगर की महिला क्रिकेटर आयुषी सोनी को गुजरात जायंट्स टीम में शामिल किया गया है। उन्हें टीम की ओर से 30 लाख रुपये में खरीदा गया। आयुषी सोनी दिल्ली टीम की ओर से खेलती हैं और उनकी आलराउंडर प्रदर्शन की बदौलत टीम में जगह मिली। उन्होंने बताया कि वह प्रीमियर लीग के लिए पूरी तैयारी में जुटी हैं और शत प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन करेंगी। उनका मानना है कि यह अवसर उन्हें अपनी खेल क्षमताओं को और निखारने का मौका देगा। जिले में आयोजित सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला खिलाड़ियों ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन किया। महिला डबल्स में मधुमिता और दीपिक ने सिमरन और नीतू को हराकर खिताब अपने नाम किया। महिला डबल्स में यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और दोनों टीमों ने पूरे खेल में उच्च स्तरीय प्रदर्शन किया। महिला सिंगल्स में रेखा सिंह ने सुनीता यादव को हराया। इसके अलावा मिक्स्ड डबल्स में रेखा सिंह और सुनील दत्त त्यागी ने हंसवीर और सुनीता को हराकर चैंपियनशिप में अपना दबदबा बनाए रखा। महिला डबल्स में प्रीति त्यागी और निधि चौहान ने पति ठाकुर अजय चौहान के साथ खेलते हुए अपनी टीम को विजयी बनाया। इस प्रतियोगिता में विजेताओं को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के आयोजक ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि महिला खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने जिले की खेल संस्कृति को नई दिशा दी है।







अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अवाचीन स्कूल और रवि ब्रदर्स अकादमी के बीच मुकाबला हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए अवाचीन की टीम ने 36 ओवर में 188 रन बनाए, जिसमें शशिभान ने 63 रन का योगदान दिया। जवाब में रवि ब्रदर्स की टीम 155 रन पर ऑलआउट हो गई और अवाचीन ने 33 रन से जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। राजनगर एक्सटेंशन के अल्फा ग्राउंड पर आयोजित लीग मैच में रैना अकादमी ने अंबिका एम्सटर्डम क्लब को 249 रन के विशाल अंतर से हराया। रैना अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में आठ विकेट पर 249 रन बनाए। इसमें रौनक ने 69, अंशुल ने 44 और करण ने 26 रन की पारी खेली। अंबिका की टीम केवल 92 रन पर ऑलआउट हो गई और 157 रन से हार गई। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शशिभान और टीम के अन्य खिलाड़ियों को दिया गया।

गाजियाबाद की महिला खिलाड़ियों आयुषी सोनी, मधुमिता, दीपिक, रेखा सिंह, प्रीति त्यागी और निधि चौहान ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से जिले की खेल संस्कृति में नया उत्साह और प्रेरणा पैदा की है। इन खिलाड़ियों ने न केवल व्यक्तिगत क्षमता का प्रदर्शन किया बल्कि टीम भावना और अनुशासन का भी परिचय दिया। वूमैंस प्रीमियर लीग 2026 के लिए चयनित आयुषी सोनी का चयन जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने साबित कर दिया कि गाजियाबाद की महिला खिलाड़ियों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल दिखाने की क्षमता मौजूद है। इस लीग में उनके प्रदर्शन पर जिले की नजरें टिकी रहेंगी।

**निर्देश** बैठक में जलकल विभाग के बाबुओं की लगी क्लास, नगर आयुक्त ने जलकल के चल रहे कार्यों को GNN पोर्टल पर अपलोड करने के लिए दिए तीन दिन

# नगर आयुक्त ने की जलकल विभाग के चल रहे कार्यों की समीक्षा, 33 रुके कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने की दिए निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** 5000 लीटर के 20 टैंकर खरीदेगा जलकल विभाग मलिन बस्तियों में जलापूर्ति होगी सरल नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा जलकल विभाग अधिकारियों के साथ-साथ सुपरवाइजर व टीम के साथ बैठक की गई बैठक में महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, अधिशासी अभियंता जल आश कुमार, सहायक अभियंता जल शेषमणि यादव, तथा समस्त जोन के अवर अभियंताओं द्वारा चल रहे कार्यों की जानकारी नगर आयुक्त को प्रस्तुत की गई' जलकल विभाग के 60 कार्य की सूची जिसमें इंदिरापुरम सहित पांचो जोन के अंतर्गत नए नलकूप लगाने, खराब नलकूप को रिबोर करने, सीवर कनेक्शन करने, पानी की पाइपलाइन डालने, मैंन हाल की मरम्मत करने के कार्यों की बिंदुवार जानकारी ली गई, 33 कार्य जलकल विभाग के जिनको निविदा प्रक्रिया पूर्ण करते हुए प्रारंभ करने के निर्देश टीम को दिए गए नगर आयुक्त द्वारा एक सप्ताह का समय निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए दिया गया तथा जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में धरातल पर कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देश दिए गए ल इंदिरापुरम सहित नगर निगम सीमा अंतर्गत 30 एचपी के लगभग 6 करोड़ से नए 12 नलकूप लगाने का कार्य तत्काल प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया जिसमें वार्ड संख्या 22 गगन एनक्लेव, वार्ड संख्या 61 वसुंधरा सेक्टर 2 को भी शामिल किया गया है, इंदिरापुरम क्षेत्र में 30 एचपी के साथ नलकूप रोबोर करने हेतु तथा 15 एचपी के 5 नए नलकूप लगाने हेतु तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए, वार्ड संख्या 59 अनाज मंडी में पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए निर्देशित किया गया, वार्ड संख्या 47 में महिंद्रा एंक्लेव में तत्काल कार्यवाही करते हुए पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए निर्देशित किया गया, नीति खंड एक में 7 करोड़ से बनने वाले सम्प वेल का कार्य, न्याय खंड में 7 करोड़ से नई पानी की पाइपलाइन बिछाने का कार्य तथा इंदिरापुरम के अन्य क्षेत्रों में 5 करोड़ से पुरानी पानी की लाइन को सही करते हुए नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य कॉल करने हेतु टीम को निर्देश दिए गए तथा 10 दिन के भीतर निविदा प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा गया जिसमें विशेष रूप से पांचों जोन में आवश्यकता को देखते हुए पानी की पाइपलाइन बिछाने का कार्य, तथा मैंन हाल मरम्मत का कार्य, सीवर लाइन डालने का कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया गया ल नगर आयुक्त द्वारा जलकल विभाग के चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई 60 कार्यों में से ऐसे कार्य जो चल रहे हैं उनको रफ्तार



देते हुए पूर्ण करने के लिए अवर अभियंताओं को निर्देशित किया गया तथा साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, लगभग 35 करोड़ के 33 कार्य 10 दिन में प्रारंभ करने के लिए कहा गया' आवश्यकता को देखते हुए जलकल विभाग मलिन बस्तियों में जलापूर्ति को सरल बनाने के लिए 20 नए टैंकर 5 लीटर की क्षमता वाले खरीदने के लिए निविदा आमंत्रित कर चुका है कार्यवाही को गति देने के लिए नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया है, नगर आयुक्त द्वारा बैठक के अंत में जलकल विभाग के लिपिक तथा बाबुओं को भी कड़े निर्देश देते हुए विभागीय कार्यों में रफ्तार लाने के लिए कहा गया जिसमें विशेष रूप से जलकल विभाग के चल रहे कार्यों को ऋठठ पोर्टल पर अपलोड करते हुए तीन दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया, बैठक में लेखाधिकारी अनुराग भी उपस्थित रहे।

# डॉ.अतुल जैन ने कुलपति प्रोफेसर आशु रानी से आगरा में मुलाकात की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** समाज विज्ञान संस्थान के एक प्रतिनिधि मंडल ने समाज विज्ञान संस्थान एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन के नेतृत्व में डॉ.भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा की कुलपति प्रोफेसर आशुरानी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। उनकी कार्यक्षमताओं और प्रशासनिक अनुभव के आधार पर महामहिम राज्यपाल द्वारा उनका दोबारा कार्यकाल बढाये जाने पर सर्वप्रथम पुष्प गुच्छ भेंट करके बधाई और शुभकामनाएं दी,उसके उपरांत उनके साथ एक बैठक करके विश्वविद्यालय और समाज विज्ञान संस्थान और वहां के छात्र-छात्राओं के विकास के संबंध में गुणवत्ता और रोजगार परख परक शिक्षा इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

कुलपति ने अवगत कराया की अगले वर्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय( पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय) की स्थापना को 100 वर्ष पूर्ण हो जाएंगे इसलिए शताब्दी वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा हर्ष पूर्वक शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा। बैठक में छात्रों की ट्रेनिंग, गेस्ट स्पीकर्स द्वारा लेक्चर्स, प्लेसमेंट, वेबसाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में भी विचार विमर्श हुआ और कुलपति का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उसके उपरांत समाज विज्ञान संस्थान के पुरातन छात्रों के संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने समाज विज्ञान संस्थान परिसर में निदेशक प्रोफेसर अरशद से उनके कार्यालय में भेंट की और अन्य शिक्षक गण के साथ भी विचार विमर्श हुआ, साथ ही आगामी 21 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली वार्षिक सभा के लिए सभी को आमंत्रित किया गया । संस्थान में उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ संवाद हुआ, सफलता के विभिन्न मंत्र और आज की उद्योग जगत की आवश्यकताओं और श्रम कानून में हुए परिवर्तनों के संबंध में भी सभी को अवगत कराया।



प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अतुल कुमार जैन, सचिव अशोक कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। अशोक कुमार शर्मा ने व्यक्तित्व विकास और कठिन परिश्रम के महत्व के बारे में बताया प्रभात कुमार अग्रवाल ने विभिन्न कानूनों का ज्ञान होने के महत्व के बारे में बताया अतुल कुमार जैन ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके ट्रेनिंग प्लेसमेंट और औद्योगिक भ्रमण के संबंध में प्रबंध करने हेतु आश्वासन दिया। समाज विज्ञान संस्थान में समाज कार्य में एम.एस.डब्लू,सांख्यिकी में एम.स्टेट. समाजशास्त्र में एम.ए. सोशियोलॉजी रोजगार परक पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं और संस्थान से अध्ययन के उपरांत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर के साथ-साथ सरकारी विभागों में विभिन्न उच्च पदों पर यहां से निकले हुए छात्र-छात्राएं कार्यरत हैं। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अरशद के साथ-साथ प्रोफेसर रणवीर सिंह एवं प्रोफेसर आर.के.भारती प्रोफेसर राजेश कुशवाहा, प्रोफेसर संचिता अग्रवाल,प्रोफेसर ऐश्वर्या सिंह और काफी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष को दी जन्मदिन की बधाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को जन्मदिन पर गुलमोहर एन्क्लेव निवासी गौरव बंसल व सेवा भारती के महामंत्री राजेश गर्ग ने बधाई दी। गौरव बंसल व उनके मित्र राजेश गर्ग दोनों उनके आवास पर पहुंचे। वहां पहुंचकर दोनों ने उन्हें बुके भेंट किया और उनकी दीघार्यु की कामना की। गौरव बंसल ने कहा कि मयंक गोयल गाजियाबाद की राजनीति का उभरता हुआ चेहरा है जो गाजियाबाद का विकास करने में और सभी की मदद करने में विश्वास रखते है। हम सभी उनकी दीघार्यु की कामना करते हैं।



# गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी के खातों की जांच के लिए दूसरा सीए नियुक्त, चार सप्ताह में सौंपनी होगी रिपोर्ट, पिछले सीए ने एक वर्ष में भी नहीं सौंपी जांच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के खातों की जांच के लिए अब दूसरा सीए नियुक्त किया गया है। डिप्टी रजिस्ट्रार ने यह निर्णय आर के गर्ग और अश्विनी वाधवा की शिकायत का संज्ञान लेते हुए लिया है। नए सीए को चार हफ्तों में सोसायटी की चल-अचल संपत्ति और खातों का ऑडिट कर जांच रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपनी होगी। साथ ही इस नए सीए का खर्चा भी आरडब्लूए को ही वहन करना होगा। बता दें कि गुलमोहर एनक्लेव आरडब्लूए पिछले काफी लंबे समय से अधिकारियों के साथ आंख मिचौली खेलते हुए अपनी कारगुजारियों को छिपाता आ रहा है। जिसके कारण एक वर्ष पूर्व सोसायटी का ऑडिट करने के लिए नियुक्त किये गए सीए को आरडब्लूए की ओर से जरूरी दस्तावेज ही उपलब्ध नहीं कराए गए। जिसके कारण एक वर्ष तक सीए अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को नहीं सौंप सका अब डिप्टी रजिस्ट्रार ने एक नए सीए मोहित कौशिक को नियुक्त किया है और उनसे चार हफ्तों में जांच रिपोर्ट मांगी है। नया सीए वर्ष 2021 से लेकर वर्तमान तक की चल-अचल सम्पत्तियों और खातों का ऑडिट करेगा। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य रश्मि चौधरी ने कहा कि लेटर अभी आया नहीं है आने के बाद जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा।




# अमीरी खौफ लाती है बुरा कुछ अब न हो जाए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाज़ियाबाद, (आशा चौधरी)।** हिंदी भवन समिति, द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का लोगों ने चार घन्टे आनंद लिया। दिनेश चंद गर्ग प्रेक्षागृह, हिंदी भवन, लोहिया नगर में आयोजित कार्यक्रम दोपहर साढ़े तीन

**हिंदी भवन में हुआ कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का भव्य आयोजन**

बजे से रात 8 बजे तक चला। जिसमें नगर के तमाम साहित्य प्रेमियों ने कार्यक्रम में शामिल होकर प्रत्येक अच्छी पंक्ति पर खुल कर दाद दी। देश के प्रख्यात कवियों और शायरों ने अपनी कविताओं और गजलों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर के रखा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुप्रसिद्ध शायर विजेंद्र सिंह परवाज हर बार की तरह इस बार भी खूब जमे। इस गजल पर उन्हें खूब वाह वाही मिली- ये जिंदगी भी कैसे बहाने में कट गई जैसा नहीं हूं वैसा दिखाने में कट गई अपनी हदों में रहकर बहलना ही ठीक था मेरी पतंग ऊंचा उड़ाने में कट गई दिल्ली से पधारे हास्य कवि अनिल अग्रवंशी की गंभीर बातों को भी लोगों ने खूब मन से सुना- कुछ रिश्ते जीवन में बहुत जरूरी हैं कुछ के साथ निभाना एक मजबूरी है कुछ रहकर भी दूर सदा दिल में रहते कुछ मिलते हैं रोज मगर एक दूरी है कवि सम्मेलन व मुशायरे का संचालन कर रहे शायर राज कौशिक के ये अशआर बहुत पसंद किए गए-नहीं मुमकिन कि जो भी है सभी अपना वो हो जाए करो कोशिश जो अपने पास है बस वो न खो जाए गरीबी में ये आशा है कि अच्छा वक्त आएगा अमीरी खौफ लाती है बुरा कुछ अब न हो जाए अंजू जैन को इन पंक्तियों पर खूब वाह वाह मिली- अजब हैं मायने इस दौर की गूंगी तरक्की के हंसी बेजान सी लब पर बदन टूटे थकानों में डॉ. नवाज देवबंदी, नईम अख़्तर, हिमांशी बाबरा, आलोक यादव और डॉ. नदीम शाद को भी लोगों ने जमकर दाद दी। हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महा सचिव सुभाष गर्ग, कोषाध्यक्ष योगेश गर्ग, सदस्य अरुण, डॉ लाल रतनांकर, तूलिका सेठ आदि ने रचनाकारों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, विशेष अतिथि पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी व पूर्व मेयर आशु वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।



# आबकारी विभाग की बड़ी करवाई 123 पेटी हरियाणा राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य देशी शराब बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उ.प्र. शासन एंव आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री एंव परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम मे आज जनपद गाजियाबाद एंव मेरठ प्रवर्तन की आबकारी टीम द्वारा थाना-लोनीबार्डर क्षेत्रान्तर्गत माही वाटिका, ग्राम-टीला शहबाजपुर, थाना-लोनीबार्डर से एक क्रेटा कार वाहन संख्या UP15ED8292 एंव 02 टी.वी.एस. स्कूटी वाहन संख्या DL14SX7569 एंव DL7SCU9662 पकड़ी गई।

क्रेटा कार एंव दोनो स्कूटियों से ही 70 पेटी हरियाणा राज्य में बिक्री के लिए अनुमन्य फ्रेश संतरा मसालेदार देशी शराब, नाइट ब्लू मेट्रो लीकर देशी शराब एंव संतरा देशी शराब बरामद हुआ। मौके से दो अभियुक्तों हिमांशु कुमार पुत्र रोहताश निवासी संतोषपुर, थाना- बागपत, जनपद- बागपत एंव शिवा पुत्र धीरसिंह निवासी मंडौली विस्तार, थाना-हर्ष विहार, दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। मौके से कार में सवार एक व्यक्ति आकाश पुत्र विजयपाल,निवासी-बाबू संतोषपुर, थाना-बागपत, जिला- बागपत एंव एक अन्य स्कूटी चालक विजय पुत्र अज्ञात निवासी गगन विहार थाना भोपुरा जनपद गाजियाबाद फरार हो गए। मौके से गिरफ्तार अभियुक्त हिमांशु कुमार द्वारा बताया गया कि वह और आकाश मुरथल हरियाणा से शराब लाकर माही वाटिका टीला शाहबाजपुर में दिनेश पुत्र मोर मुकुट निवासी न्यू विकास नगर थाना लोनी जनपद गाजियाबाद को सप्लाई करते हैं जहां से शिवा और विजय इस शराब को दिल्ली में ले जाकर बिक्री करते हैं। पकड़े गए अभियुक्तों के निशानदही पर मौके पर ही दिनेश के परिसर से 53 पेटी फ्रेश संतरा मसालेदार देशी शराब, नाइट ब्लू मेट्रो लेकर देशी शराब एवं संतरा देशी शराब बरामद किया गया। इस इस प्रकार मौके से कुल 123 पेटी हरियाणा राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य देशी शराब बरामद किया गया। मौके से गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों, मौके से फरार दोनों अभियुक्तों तथा दिनेश के विरुद्ध थाना- लोनीबार्डर में आबकारी अधिनियम की धारा 63/72 एवं बी.एन.एस. की धारा 111 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराते हुए मौके से गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को जेल भेजा गया तथा बरामद माल एंव वाहन को अग्रिम कार्यवाही हेतु थाने को सुपुर्द किया गया।



# आकाश नगर कॉलोनी में हों रही है अवैध कूड़ा निस्तारण लगातार शिकायतों के बाद भी नहीं हों रही बंद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जब कूड़ा फेकने वाले कों पकड़ा तो बोला की आज के बाद नहीं फेकूंगा असलियत ये है कॉलोनी के लोग दिनभर चौकीदारी नहीं कर सकते लगभग सभी लोग कही न कही अपनी रोजीरोटी के लिए बिजनेस या नौकरी करते है, चुकी वो रात के अँधेरे में या दिन में जैसे आज पकड़ा है ऐसेही लगातार इस तरह से अवैध तरीके से कूड़ा फेकते व जलाते रहते है जिस प्रकार से विदित है की वायु प्रदुषण से गंभीर बीमारी व अन्य समस्याएं लोगों कों हों रही आखिरकार इसकी जिम्मेदारी किसकी है सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों में भारी भीड़ है, सबसे ज्यादा बीमारी की चपेट में बच्चों व बुजुर्गो है अंततः सभी कॉलोनी निवासियों की तरफ से शासन से अनुरोध है की इस तरह की अवैध कूड़ा निस्तारण की गतिविधियों पर तत्काल लगाम लगवाए व उचित कार्यवाही करें गाजियाबाद के विशेष कर आकाश नगर कॉलोनी के लोग आभारी रहेंगे क्यों न माना जाये की इस तरफ खुले में कूड़ा डंप करना व जलाने की वजह से ही गाजियाबाद देश का तीसरा सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर बन गया ।

# किलोवाट वाले उपभोक्ता को उनके बकाया बिल के ब्याज पर 100% की छूट और बिल पर 25 परसेंट तक की छूट मिलेगी योजना 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक चलेगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** राकेश कुमार राय बकाया बिजली बिल में बिजली बिल राहत योजना के तहत भारी छूट, उपभोक्ता ले सकते है फायदा उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश अनुसार बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल राहत योजना एक दिसंबर से शुरू की गई है इस बारे में जानकारी देते हुए गाजियाबाद के चीफ इंजीनियर पवन अग्रवाल ने बताया कि यह योजना 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक चलेगी। इस योजना में 1 किलोवाट और 2 किलोवाट वाले उपभोक्ता को उनके बकाया बिल के ब्याज पर 100% की छूट और बिल पर 25 परसेंट तक की छूट मिलेगी। दिसंबर महीने में बिल पर यह छूट 25 परसेंट और जनवरी महीने में 20 परसेंट तक रहेगी। इसके साथ-साथ उन्होंने बताया कि बिजली चोरी के मामले में जिन पर पर मुकदमा दर्ज है वह उपभोक्ता भी बिजली बिल राहत योजना का लाभ उठा सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता भी ब्याज और बिल में छूट प्राप्त कर अपना मुकदमा खत्म करा सकते हैं। वर्टिकल प्रक्रिया लागू होने के बाद गाजियाबाद के उपभोक्ता बिजली बिल भुगतान व छूट पाने के लिए डिवीजन ऑफिस कविनगर में संपर्क कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर अनिवार्य है और इसे लगवाने से अतिरिक्त बिजली बिल नहीं आता बल्कि ऐप के माध्यम से उपभोक्ता अपने बिजली उपयोग की जानकारी आसानी से ले सकता है।



# भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के जन्मदिन पर स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के जन्मदिन के शुभ अवसर पर उनके निज निवास बी-18, अशोक नगर, गाज़ियाबाद में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम बुधवार को सौहार्द एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। दिन की शुरूआत मयंक गोयल द्वारा अपने पिता महेश गोयल के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेने से हुई। तत्पश्चात उन्होंने दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया और गऊशाला पहुँचकर गौ माता को चारा अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। हवन के उपरांत आयोजित स्नेह मिलन में उन्होंने उपस्थित सभी आगंतुकों, अतिथियों, भाजपा परिवार, व्यापारिक समुदाय एवं सामाजिक वर्गों के प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिवादन स्वीकार किया।कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी राकेश गर्ग, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप, प्रभारी मंत्री असीम अरुण, मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक दिनेश गोयल, विधायक संजीव शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा,पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, अजय शर्मा, सरदार एस.पी. सिंह, संजीव गुप्ता, साहिब सिंह सिरोही, सच्चिदानंद शर्मा, डीएन सिंह, राजेश त्यागी, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, प्रदीप चौधरी, अनीता शर्मा, मोनिका पंडिता, रानीता सिंह, वेद प्रकाश जाटव, प्रियंका पांडे, प्रीति चंद्रा, अमृता सिंह,वेद प्रकाश गर्ग, अनिल सांवरिया, बालकिशन गुप्ता, सुभाष छाबड़ा, संजीव लाहौरिया,गौरव चोपड़ा , संदीप चौधरी सहित अनेक गणमान्य जनों ने उपस्थित होकर बधाई एवं आशीर्वाद दिया। जन संदेश मयंक गोयल

ह्लमेरा जन्मदिन केवल व्यक्तिगत उत्सव नहीं, बल्कि हमारे विशाल भाजपा परिवार और समाज के प्रति मेरे दायित्वों की पुनर्पुष्टि का अवसर है। आपके स्नेह, विश्वास और शुभकामनाओं ने मुझे नई ऊर्जा और संकल्प प्रदान किया है।

# काईट में हुआ स्मार्ट इंडिया हैकथॉन सॉफ्टवेयर एडिशन के ग्रैंड फिनाले का समापन समारोह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद स्थित काईट मानद विश्वविद्यालय ने दिल्ली-एन०सी०आर क्षेत्र के लिए नोडल सेंटर के तौर पर स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 सॉफ्टवेयर एडिशन का ग्रैंड फिनाले सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम 8-9 दिसंबर 2025 को आयोजित किया गया था, जिसमें देश भर से प्रतिभाशाली युवा इनोवेटर्स एक साथ आए और विभिन्न सरकारी मंत्रालयों, विभागों और इंडस्ट्री निकायों द्वारा दिए गए असल दुनिया की समस्याओं पर काम किया।

दो-दिवसीय हैकाथॉन में स्टूडेंट टीमों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया, जिन्होंने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (MoSJE) और गृह मंत्रालय (MHA) द्वारा दिए गए प्रॉब्लम स्टेटमेंट पर लगातार काम किया। कड़ी इवैल्यूएशन और कंस्ट्रक्टिव फीडबैक द्वारा सभी एक्सपर्ट मेंटर्स, इवैल्यूएटर्स और जूरी सदस्यों ने स्टूडेंट्स को गाइड किया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री मदन मोहन शरण सिंह (मैनेजर, आईपी और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद-इंडोवेशन सेंटर), रोहन गुप्ता डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस इन०आई०ए, डॉ. मनोज गोयल (कार्यकारी निदेशक-काईट), डॉ. आदेश पांडे (निदेशक अकादमिक-काईट), डॉ. वैभव सचान (डीन अनुसंधान और विकास और डीन ईसीई- काईट) और सौरभ कुमार (एसपीओसी नोडल सेंटर और जीएम, टीबीआई-काईट) सभी डीन, प्रतिभागियों, मेंटर्स और जूरी सदस्यों के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई।

इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों, मेंटर्स और जूरी मेंबर्स ने अपने अनुभव भी शेयर किए, जिन्होंने हैकाथॉन के दौरान अपनी यात्रा के बारे में उत्साह से बताया। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आरम्भ हुआ जिसमे हर विजेता टीम को 1.5 लाख रुपये की इनामी राशि दी गई। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की टीम डेटा कोडब्लिट्ज ने "आधार लिंक्ड और डायरेक्ट बेनिफिशियरी ट्रांसफर (DBT) इनेबल्ड आधार सीडेड बैंक अकाउंट के बीच अंतर के बारे में छात्रों में जागरूकता बढ़ाना" प्रॉब्लम स्टेटमेंट के लिए पुरस्कार जीता। क्लीन एंड ग्रीन टेक्नोलॉजी थीम के तहत, तमिलनाडु के सेथु इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की टीम si एक्सट्रैक्टर्स ने "वेस्ट मैनेजमेंट के लिए रियल लाइफ सॉल्यूशन" प्रॉब्लम स्टेटमेंट के लिए पुरस्कार जीता। स्मार्ट ऑटोमेशन थीम के तहत, चेन्नई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तमिलनाडु की टीम टेक्निकल टर्मिनेटर्स ने "मोबाइल के जरिए लोन यूटिलाइजेशन ट्रैकिंग" प्रॉब्लम स्टेटमेंट के लिए पुरस्कार जीता, थडोमल शाहनी इंजीनियरिंग कॉलेज, महाराष्ट्र की टीम इनोवेटर्स44 ने "डायरेक्ट डिजिटल लेंडिंग के लिए इनकम वेरिफिकेशन लेयर के साथ बेनिफिशियरी क्रेडिट स्कोरिंग" प्रॉब्लम स्टेटमेंट के लिए पुरस्कार जीता, और "अक-बेस्ड UFDR (यूनिवर्सल फोरेंसिक एक्सट्रैक्शन डिवाइस रिपोर्ट) एनालिसिस टूल" प्रॉब्लम स्टेटमेंट के लिए शंभासवा यूनिवर्सिटी, कर्नाटक और स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान, राजस्थान की टीमों काइजन7 और इनोवेट ए'ज ने क्रमशः पुरस्कार जीता।




आखिर में, श्री सौरभ कुमार (एसपीओसी नोडल सेंटर और जीएम, टीबीआई-काईट) ने इनोवेटिव सॉल्यूशन पर काम करने के लिए प्रतिभागियों और जीतने वाली टीमों की अथक कोशिशों की सराहना की। उन्होंने काईट में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 का हिस्सा बनने के लिए जूरी सदस्यों और मेंटर्स को भी धन्यवाद दिया।

**सौंपा ज्ञापन** एनसीईआरटी बनाम महंगी निजी किताबें : आईपीए का डीएम से सवाल "अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कब रुकेगा ?"

# आईपीए का बड़ा कदम: जिले में 100 % एनसीईआरटी किताबें लागू करने को डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन (आईपीए) ने आज जिला स्तरीय शुल्क नियामक समिति (डीएफआरसी) के अध्यक्ष जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एडीएम फाइनेंस सौरभ भट्ट को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपकर शिक्षा सत्र 2026-27 में जिले के सभी निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी पुस्तकों को 100% अनिवार्य रूप से लागू कराने की माँग की। आईपीए ने ज्ञापन में अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ, निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकों, अनावश्यक बदलावों और फीस अधिनियम 2018 के उल्लंघन पर गंभीर चिंता व्यक्त की। आईपीए द्वारा जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में निम्नलिखित प्रमुख मुद्दों पर डीएफआरसी की बैठक बुलाकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की माँग की गई 1.कक्षा 1 से 12 तक सभी विद्यालयों में उपलब्ध विषयों की 100% एनसीईआरटी पुस्तकें अनिवार्य की जाएँ।2.नर्सरी से कक्षा 8 तक पुस्तकों में हर वर्ष होने वाले अनावश्यक बदलाव पर रोक लगाई जाए। 3.बुकझ्एक्सचेंज की अनुमति देकर अभिभावकों को राहत दी जाए। 4.फीस अधिनियम 2018 के अनुसार ही फीस वृद्धि व शुल्क प्रकटीकरण सुनिश्चित कराया जाए। 5.मासिक,तिमाही–दोनों शुल्क विकल्प उपलब्ध कराना विद्यालयों के लिए अनिवार्य किया जाए।6.यूनिफॉर्म में पाँच वर्ष से पहले बदलाव पर रोक लगाई जाए।7.एनसीईआरटी पुस्तकों की ओवर-प्राइसिंग व कालाबाजारी पर जिला प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई की जाए।आईपीए कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी और उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ ने कहा कि जिले के हजारों अभिभावक महंगी निजी पुस्तकों, अनियमित फीस वृद्धि और अनावश्यक बदलावों से परेशान हैं। एनसीईआरटी पुस्तकों के 100% अनुपालन से शिक्षा अधिक पारदर्शी के साथ सस्ती और सुलभ होगी। हम



अपेक्षा करते हैं कि जिलाधिकारी जी की अध्यक्षता में डीएफआरसी इसकी मॉनिटरिंग कड़ाई से सुनिश्चित करेगी। आईपीए के महासचिव महिपाल रावत का कहना है कि एनसीईआरटी पुस्तकों पर कृत्रिम कमी और ओवर-प्राइसिंग विद्यार्थियों के अधिकारों का खुला उल्लंघन है। डीएफआरसी की तत्काल बैठक जरूरी है ताकि सत्र 2026-27 के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी हों और अभिभावकों को वास्तविक राहत मिल सके।

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने आशा व्यक्त की है कि जिला प्रशासन छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए उपर्युक्त बिंदुओं पर त्वरित निर्णय लेगा। इस मौके पर विनय कक्कड़, महिपाल रावत , दीपांशु मित्तल, राहुल शर्मा , अमित चौहान, एडवोकेट नीरज गहलोत, एडवोकेट समित त्यागी , अखिलेश कुमार गौतम , संतराज चौहान , विवेक त्यागी आदि मौजूद रहे ।

# धौलाना में मोबाइल दुकान में लगी भीषण आग,लाखों के नुकसान की आशंका, पुलिस-दमकल की तत्परता से बड़ा हादसा टला

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । कस्बा धौलाना के मुख्य बस स्टैंड स्थित एक मोबाइल दुकान में मंगलवार देर रात भीषण आग लग गई । जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई । बताया गया की अचानक हुए शॉर्ट सर्किट के चलते दुकान में आग भड़क उठी, जिसके चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत शोर मचाते हुए लोगों को सतर्क किया और सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी । दुकान मालिक के मुताबिक मंगलवार रात करीब 11 बजे उन्हें सूचना मिली कि दुकान से धुआं निकल रहा है। वह तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन जैसे ही शटर खोला, अंदर भड़की आग का भयानक दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए । दुकान में मोबाइल फोन, एलसीडी, चार्जर, स्पेयर पार्ट्स, काउंटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान कुछ ही पलों में जलते हुए राख बन गया । मोहसिन ने कहा कि उनका बड़ा नुकसान हो गया । घटना की सूचना मिलते ही धौलाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने बिना समय गंवाए आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग इतनी भयावह थी कि उस पर काबू पाने में टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, परंतु उनकी तत्परता और साहस से आग को फैलने से रोक लिया गया, नहीं तो आसपास की दुकानों और पूरे मार्केट को भारी नुकसान पहुंच सकता था । वही व्यापारी वर्ग ने प्रशासन से पीड़ित दुकान मालिक की आर्थिक सहायता के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है।फिलहाल पुलिस व दमकल विभाग आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच कर रहे हैं।

# सीएम सामूहिक विवाह योजना : आज हापुड़ ब्लाक प्रांगण में गूंजेगी शहनाई,120 जोड़ों को होगा विवाह


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हापुड़ ब्लाक प्रांगण में 120 जोड़ों का विवाह कराया जायेगा। शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जनपद में 254 जोड़ों का विवाह करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शासन ने जोड़ों का विवाह संपन्न कराने के लिए एक करोड़ 27 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। शासन

- **शासन से जोड़ों का विवाह कराने को मिली,एक करोड़ 27 लाख की धनराशि:शिव कुमार**
- **शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 254 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य मिला**
- **एक जोड़े पर खर्च होगी एक लाख की धनराशि खर्च**

द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार एक जोड़ें पर अब एक लाख की धनराशि खर्च की जायेगी। जिसमें 60 हजार रुपये वधू के खाते में जायेंगे। आपको बता दें,कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए सभी वर्गों के 254 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य दिया गया है। विवाह संपन्न कराने के लिए शासन से एक करोड़ 27 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। विवाह बंधन में बंधने वाले प्रत्येक जोड़े पर एक लाख की धनराशि खर्च होगी। जिसमें 60 हजार लड़की के खाते में,25 हजार का सामान व 15 हजार रुपये खान पान पर खर्च होंगे। कार्यक्रम में लड़की व लड़के पक्ष से पांच-पांच लोग शामिल होंगे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी शिव कुमार ने बताया कि





मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए प्रदेश सरकार ने जनपद को 254 जोड़ों को विवाह कराने का लक्ष्य दिया है। एक जोड़े का विवाह संपन्न कराने के लिए एक लाख की धनराशि खर्च होगी। विवाह संपन्न कराने के लिए शासन से एक करोड़ 27 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत आज गुरुवार को मोदीनगर रोड स्थित हापुड़ ब्लाक के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के 120 जोड़ों का जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी में विवाह संपन्न कराया जायेगा। जिसमें 57 मुस्लिम व 63 हिन्दु जोड़े शामिल है। उन्होंने बताया कि हापुड़ ब्लाक से 44,सिंभावली ब्लाक से 34,गढ़ ब्लाक से 19 व धौलाना ब्लाक के 23 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जायेगा। जिसकी सभी तैयारी पूर्ण कर ली है।

# सचिवों और ग्राम प्रधानों को टी0बी0 मुक्ति का पाठ पढ़ाया, पंचायत राज विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की हुई संयुक्त कार्यशाला का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**हापुड़।** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के कुशल निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग जनपद को टी0 बी 0 मुक्ति के लिए अनेकों प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए विकास खण्ड में ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम प्रधानों की संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा देश को टी 0बी0 मुक्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन जब सहभागिता के बिना देश को टी 0बी0 मुक्त करना असंभव है। प्रत्येक ग्राम को टी 0बी0 मुक्त पंचायत बनाने के लिए ग्राम स्तर पर प्रति 1000 की आबादी पर 30 जांच अवश्य होनी चाहिए,साथ ही इसमें कोई टी 0बी0 रोगी नहीं होना चाहिए। यदि एक हजार की आबादी पर कोई टी 0बी0 रोगी मिल जाता है,तो उसका तुरंत इलाज आरंभ होना चाहिए। और उसको भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं मिल जानी चाहिए। खंड विकास अधिकारी श्रुति सिंह ने सभी सचिवों एवं ग्राम प्रधानों से प्रत्येक ग्राम पंचायत को टी 0बी0 मुक्त कराने में सहयोग की अपील व सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम सचिवालय एवं सरकारी भवनों पर ग्राम स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वॉल राइटिंग आदि के माध्यम से टी 0बी0 रोग के विषय में प्रचार प्रसार कराया जाए, ग्राम पंचायत कार्यक्रम में टी0 बी0 रोग के प्रचार प्रसार हेतु बजट का प्रावधान किया जाए।

इस अवसर पर सहायक खंड विकास अधिकारी शिवम पांडेय, स्वास्थ विभाग से जिला कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर दीपक शर्मा,जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# एसआरएम में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 का भव्य समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्लीझएनसीआर कैंपस में दो दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। 36 घंटे तक चले इस राष्ट्रीय

**नवाचार की दिशा में 36 घंटे की चुनौतीपूर्ण दौड़ पूरी**

तकनीकी मुकाबले में देशभर से आई 25 टीमों ने पांच समस्या-वक्तव्यों पर समाधान विकसित किए। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम देश के नवाचार तंत्र को मजबूत बनाते हैं और युवा प्रतिभाओं को भारत में ही अनुसंधान और तकनीकी विकास के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर नवाचार की संस्कृति विकसित होने से देश की वैश्विक पहचान और मजबूत होगी। कार्यक्रम के आयोजक संस्थान के निदेशक डॉ एस विश्वनाथन रहे। जबकि डीन प्रो आरपी महापात्रा एवं नोडल सेंटर प्रभारी डॉ धौम्या भट्ट ने युवाओं को तकनीक को समाज-सेवा के उपकरण के रूप में देखने की अपील की। उन्होंने कहा कि एसआरएम संस्था हमेशा ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षार्थियों को वास्तविक चुनौतियों से रूबरू कराती रही है। संस्थान की ओर से जूरी सदस्यों और विभिन्न टीमों को मार्गदर्शन देने वाले मेंटर्स को सम्मानित किया गया। जजों में जुगल किशोर, पुष्प सेन सत्यार्थी, अनुज कुमार, डॉ. विनीता कुमारी, डॉ. प्रभात कुमार राय और डॉ.



संजीव बर्मन शामिल रहे। प्रतियोगिता के पांच विजेता टीमों को 1.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई, जबकि पाँच डिस्टिंग्विश्ड परफॉर्मर टीमों को 25-25 हजार रुपये का सम्मान मिला। विजेता टीमों में कोडिंग गुरुस वेजिट, लॉजिक एक्स, विंटर्स इज आवर्स, समाधान बंधु, बाइटफोर्ज और ओरिजिन शामिल रहीं। प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए संस्थान ने कहा कि हैकथॉन का मूल उद्देश्य छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं को समझने और तकनीक की मदद से प्रभावी समाधान विकसित करने की दिशा में प्रेरित करना है।36 घंटे चले इस तकनीकी मैराथन ने प्रतिभागियों की समस्या-समाधान क्षमता, सामूहिक कार्यशैली और नवाचार कौशल को परखा, जिसका समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

# भारतीय संस्कृति के आत्मसात करने से जन-जन का कल्याण होगा:डा.विकास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर एक विधि संकाय के तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन जरौठी रोड स्थित इन्द्रप्रस्थ शैक्षिक संस्थान में किया गया। संगोष्ठी में कालेज प्रबन्धन पदाधिकारी डा.विकास अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति सर्वोपरि है।

इस संस्कृति के आत्मसात करने से जन-जन का कल्याण होगा। यह हमें विश्वबन्धु की भावना सिखाती है। सभी नागरिक को समान व सुरक्षा मिलना आवश्यक है। डा.विपिन गुप्ता ने कहा कि मानवाधिकार केवल किताबों का विषय नहीं,बल्कि मानवता की नींव है। इनकी रक्षा करना सच्चे इंसान की पहचान है।

प्रबन्धन पदाधिकारी दीपक बाबू ने कहा कि हमें अपने मानवाधिकारों के प्रति

**अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया**

जागरूक रहना चाहिए,और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। संस्थान निदेशक डा.सतीराम सिंह ने कहा कि मानवाधिकार वे अधिकार है,जो मनुष्य को केवल इस आधार पर मिलते है,कि वह मनुष्य है। मानवाधिकारों के द्वारा मनुष्य के हितों का संरक्षण भी होता है। मानवाधिकार सरकारों द्वारा मनुष्य के लिए उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए होते है। विधि संकाय के प्राचार्य डा.राजवीर सिंह ने कहा कि भारत के संविधान में मौलिक अधिकार मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा की देन है। कार्यक्रम में एलएलबी, बीएएलएलबी के शिवम,पलक,कैलाश टीना आदि स्टूडेंट्स ने भी मानवाधिकार पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर उमेश शर्मा,पूनम त्यागी, ऋषिपाल जैनर,तमन्ना खानम,रोजी रानी,रूबी अग्रवाल,अनुज भारद्वाज, डा.भारती गुप्ता, डा.मन्जू,लोकेश कुमार, अवधेश त्यागी,डा.अंशु शर्मा, डा.विनीता शर्मा,संदीप कुमार,मंगलसैन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, गिरोह के 4 शातिर सदस्य गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपदीय स्वाट टीम व थाना हापुड़ नगर पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय वाहन चोर का भंडाफोड़ कर गिरोह के 4 शातिर सदस्य गिरफ्तार किया है।

- **चोरी की थार गाड़ी,आई-20 कार व अवैध असलाह बरामद**
- **गिरफ्तार अभियुक्तों पर विभिन्न जनपदों में एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है**

जिनके कब्जे व निशानदेही पर चोरी की थार गाड़ी,आई-20 कार व अवैध असलाह बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जनपद में वाहन चोरों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में जनपदीय स्वाट टीम व थाना हापुड़ नगर की संयुक्त टीम ने चितौली रोड भट्टे के निकट से चार वाहन चोरों को गिरफ्तार कर अंतर्राज्यीय वाहन चोर का भंडाफोड़ कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की थार गाड़ी,आई-20 कार व अवैध असलाह बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार वाहन चोरों के नाम रहीस उर्फ जानी उर्फ मौ.जान पुत्र जमील उर्फ अलीजान निवासी मौ.डाक बंगला थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद,दानिश मलिक पुत्र अलाउद्दीन मलिक नि.किराड़ी सुलेमान नगर थाना अमन बिहार दिल्ली,शेख नदीम पुत्र शेख नासिर नि.मौ.बंगला बस्ती निकट जिलानी गैराज गार्डन रीच रोड थाना गार्डन रीच रोड कोलकाता व शहजाद पुत्र नूर मौहम्मद नि.मौहल्ला रफीक नगर थाना हापुड़ नगर जिला हापुड़ है। जिनके खिलाफ जनपद हापुड़,अलीगढ़,बिजनौर व अमरोहा के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक अभियोग दर्ज है।



एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त दानिश पूर्व में मेरठ के सोतीगंज की चोरी की लग्जरी गाडियों को देश के विभिन्न राज्यों की रिसवर पार्टी को डिलीवर करना स्वीकार किया है।

**शानदार आगाज** पांच दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल 15 दिसंबर को होगा

# माउंट कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शानदार आगाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली के हिम्मतपुर रोड स्थित माउंट कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को पांच दिवसीय इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वॉलीबॉल एसोसिएशन हापुड़ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह औलख थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव हरेंद्र पवार, ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह और दीपक बिसला शामिल हुए। स्कूल मैनेजर उमंग यादव, कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र यादव, पुष्पा रावत और चंद्रपाल यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने छात्रों को खेल के महत्व, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का संचालन सचिन शर्मा और छात्र मोहम्मद अदनान ने किया। स्कूल मैनेजर उमंग यादव, कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र यादव ने बताया कि लीग कम नॉकआउट प्रारूप में खेले गए मैचों में पहला मुकाबला विंध्याचल हाउस और नीलगिरी हाउस के बीच हुआ, जिसमें विंध्याचल ने 21-13 और 21-18 से जीत दर्ज की। दूसरा मैच अरावली हाउस और शिवालिक हाउस के बीच खेला गया, जिसमें अरावली ने 21-11 और 21-14 से विजय हासिल की। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 15 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर चारों हाउस के इंचार्ज अपूर्वा यादव, सिद्धार्थ शर्मा, निशांत मावी, शिवांगी शर्मा सहित समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






# ट्रैफिक पुलिस ने कार का काटा 34500 का चालाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** युवकों को चलती कार की छत पर युवकों को डांस करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने कार का 34500 रुपये का चालान काट दिया। साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने जनपदवासियों की अपील की है,वह वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें,अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जनपद की सिविल व ट्रैफिक पुलिस ने समय-समय पर शिविर लगाकर व कार्यशालाएं आयोजित कर वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करती है। इसके बावजूद भी युवक ट्रैफिक नियमों को



- **चलती कार की छत पर डांस करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**
- **ट्रैफिक पुलिस की अपील,जनपदवासी ट्रैफिक नियमों का करें पालन**

तोडने में कोई कसर नहीं छोड़ते है। बुधवार को चलती कार की छत पर युवकों के डांस करने का वीडियो तेजी से वायरल हुआ,जिसका संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस ने कार का 34500 रुपये का चालान काट दिया। ट्रैफिक पुलिस ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि वह वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें,अपनी व अन्य की जान जोखिम में नहीं डाले,यदि किसी वाहन चालक द्वारा ट्रैफिक नियमों को पालन नहीं किया जाता है,तो उसके खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# भारत की जमीन पर चीन का दावा



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

पिछले दिनों दुनिया ने देखा और सुना कि ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय मूल की एक महिला को किस तरह शंघाई हवाईअड्डे पर 18 घंटे तक रोक रखा गया और उसके भारतीय पासपोर्ट को अवैध बताया गया। कारण क्या था? कारण यह था कि पासपोर्ट पर उस महिला का जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश लिखा हुआ था। चीन ने उस महिला से कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है इसलिए वहां जन्मी किसी व्यक्ति का पासपोर्ट भारत नहीं जारी कर सकता है। उस महिला को बुरी तरह से परेशान किया गया। उसे पानी खरीदने तक से रोका गया। उसकी फ्लाइट छूट गई तो दूसरी फ्लाइट की टिकट खरीदने से रोका गया। बाद में किसी तरह उसने ब्रिटेन में भारतीय दूतावास से संपर्क किया तो उसको वहां से निकाला जा सका। लेकिन उसके अगले दिन चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने भारत के अभिन्न अंग अरुणाचल प्रदेश को जांगनान बताते हुए कहा कि यह चीन का हिस्सा है और चीन इस पर भारत के कब्जे को मान्यता नहीं देता।


चीन पहले भी इस तरह का दावा कर चुका है। इतना ही नहीं आए दिन चीन की सरकार अरुणाचल प्रदेश के अलग अलग हिस्सों के नाम बदलती रहती है। कभी अरुणाचल के किसी पहाड़ का तिब्बती नाम रख दिया जाता है तो कभी किसी नदी का नाम बदल दिया जाता है तो कभी किसी कस्बे का नाम बदल दिया जाता है। चीन अब तक दर्जनों नदियों, पहाड़ों, कस्बों और गांवों के नाम बदल चुका है। जब भी वह ऐसा करता है तो भारत की ओर से एक लाइन की प्रतिक्रिया दी जाती है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और चीन के दावा करने से अरुणाचल उसका नहीं हो जाएगा।

सोचें, चीन इसी तरह के दावे करते करते हुए पूर्वी लद्दाख के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुका है। भारत की ओर से भले कहा जाएगा कि कोई भारतीय सीमा में नहीं घुसा है लेकिन हकीकत है कि चीन ने जून 2020 में गलवान घाटी में झड़प के बाद उस इलाके में भूगोल बदल चुका है। भारत की सेना पहले जहां तक गश्त करती थ, कई जगह वह इलाका बफर जोन में बदल चुका है। इसी तरह अरुणाचल प्रदेश में चीन लंबे समय से अपने पैर फैला रहा है और भाजपा के सांसद व प्रदेश अध्यक्ष रहे तापिर गाओ ने संसद में खड़े होकर कहा कि भारत की सीमा में 50 किलोमीटर से ज्यादा अंदर चीन के सैनिक घुसे हुए हैं। उन्होंने सड़कें और पुल बनाए हैं। डोकलाम में जो हुआ वह भी पूरे देश ने देखा। क्या इन सबके बावजूद भारत ने कभी चीन के साथ ऐसा कुछ करने का प्रयास किया? भारत के नेताओं के मुंह से चीन का नाम तक नहीं निकलता है। जब चीन अरुणाचल प्रदेश के हिस्सों के नाम बदलता है उसी समय क्या भारत की ओर से अक्साई चिन के उस हिस्से की मांग चीन से नहीं करनी चाहिए, जो पाकिस्तान ने उसे सौंप दी है? अक्साई चिन ऐतिहासिक रूप से भारत का हिस्सा है। लेकिन भारत उस पर दावा नहीं करता है। पीओके लेने की बात कही जाती है तो यह नहीं कहा जाता है कि चीन के कब्जे वाला इलाका भी लेंगे। भारत की ओर से कभी तिब्बत के समर्थन में एक शब्द नहीं निकलता है, जिसे पिछले सदी के पांचवे दशक में चीन ने कब्जा लिया। चार हजार किलोमीटर की लंबी सीमा तिब्बत की थी और वह भारत के लिए बफर का काम करता था। लेकिन भारत तिब्बतियों के अधिकार के समर्थन में नहीं खड़ा होता है। यहां तक कि ताइवान पर चीन के आक्रमणकारी बरताव पर भी भारत खामोश रहता है। उलटे भारत की ओर से लगातार चीन के साथ कारोबार बढ़ाया जा रहा है। भारत अपनी रोजमर्रा की जरुरतों से लेकर तकनीकी, कृषि व ऑटोमोबाइल जरुरतों के लिए लगभग पूरी तरह से चीन से आयात पर निर्भर हो गया है। अकेले चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा एक सौ अरब डॉलर सालाना की सीमा पार कर गया है। चीन आक्रांत है। वह भारत की जमीन पर दावा करता है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का विरोध करता है। पाकिस्तान की खुलेआम मदद करता है। पिछले ही दिनों ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने अपनी तकनीक पाकिस्तान को दी। अमेरिकी संसद को रिपोर्ट देने वाली एक संस्था ने बताया है कि चीन ने अपनी युद्ध तकनीक का लाइव परीक्षण उस युद्ध के दौरान कराया। इसके बावजूद भारत न सिर्फ चीन की ज्यादतियों पर चुप रहता है, बल्कि उसके साथ लगातार कारोबार बढ़ाता जा रहा है। भारत के सारे शीर्ष मंत्री पिछले कुछ दिनों में चीन होकर आए हैं। सोचें, कैसी कूटनीति है कि अमेरिका ने टैरिफ बढ़ाया तो उससे व्यापार संधि फाइनल करने की बजाय भारत ने चीन और रूस से दोस्ती बढ़ानी शुरू कर दी और उनके साथ व्यापार बढ़ाने की बातें शुरू कर दीं।

# दफन करने से पहले नब्ज देख लेना,बड़ा अदाकार था,कहीं किरदार में ही न हो



मुहम्मद इरफान
(पूर्व प्रधानाचार्य)



दिलीप कुमार उस अजीम सख्सियत का नाम है जिसने लोगों के दिल पर राज करने के हुनर में महारत हासिल की थी। उस ने अगर ताश खेलने सीखे तो उस में कमाल हासिल किया, अगर पतंग उड़ानी सीखी तो उस में कमाल हासिल किया, वो हर फन में माहिर, यानी हरफन मौला थे। एक्टिंग के तो वो बादशाह थे,अभिनय के कई कोर्स उन से शुरू होते थे,और अदाकारी की कई परीक्षायें उन पर आकर खत्म होती थीं। कई पीढ़ियाँ उन को पर्दे पर देख कर बड़ी हुईं। कई बड़े फिल्म सितारों, अदाकारों ने उन की फिल्में देख कर ही अभिनय करना सीखा,क्योंकि कलाकार तो आते जाते रहते हैं। अदाकार-ए-आजम तो सिर्फ सदियों में एक बार ही आता है। जो दिलीप कुमार कहलाता है। दिलीप कुमार की पैदाइश 11 दिसंबर 1922 को पेशावर में लाला गुलाम सरवर के घराने में हुई थी। विभाजन के बाद वो मुम्बई आकर बस गये थे। दिलीप के एक सगे भाई नासिर खान भी हिंदी फिल्मों में काम कर चुके हैं। बहन अख़्तर ने मशहूर फिल्म निमार्ता और निर्देशक "के.आसिफ" से शादी कर ली थी। दिलीप कुमार की दो शादियाँ हुईं, एक सायरा बानो से, दूसरी आसमा बेगम से। दिलीप कुमार उनका फिल्मी नाम था, वास्तविक जीवन में उनका नाम "मुहम्मद यूसुफ खान" था,जो आगे चलकर फिल्मी दुनिया में "ट्रेजडी किंग" के नाम से मशहूर हुए। वो एक अभिनेता ही नहीं बल्कि अभिनय की यूनिवर्सिटी थे।

दिलीप कुमार ने अपनी आधी से ज्यादा जिंदगी हिंदी सिनेमा के नाम कर दी थी। पहली फिल्म ज्वार भाटा 1944 से अब तक की अंतिम फिल्म "किला" 1998 तक वो करोड़ो दिलों पर राज करते रहे। उनकी मेथड ऑफ एक्टिंग को सिनेमा में पीढ़ी दर पीढ़ी तमाम ही अभिनेताओं ने आगे बढ़ाने का काम किया। लेकिन फिर कोई दूसरा दिलीप कुमार पैदा नहीं हुआ और न ही किसी दिलीप के पैदा होने की आशा की जासकती है। उन के पैमानों को पार करना कभी आसान नहीं रहा। "मुगल-ए-आजम" के रंगीन संस्करण के रिलीज पर उन्हों ने कहा था, कि "सिनेमा का रंग बदल सकता है। लेकिन इस कि तासीर ऐसी है, जो हर मजहब के इंसान को कंधे से कंधा मिला कर तीन घंटे एक बंद कमरे में साथ रोने और साथ हँसने के लिए मजबूर कर देता है। सिनेमा की तासीर मजहब के सारे मतभेद भूला देती है। दिलीप कुमार के कैरियर को देखें तो उन की पहली हिट फिल्म "जुगनू" 1947 रही। पहली फिल्म ज्वार भाटा का कोई खास असर नहीं था। उस के बाद उन्होंने "अंदाज" "मेला" और "दीदार" जैसी हिट फिल्मों की लाइन ही लगा दी। सन 1955 में आई फिल्म "देवदास" ने उनको "ट्रेजडी किंग" बना दिया। बीती सदी का सिनेमा दिलीप कुमार की कालजयी, बेहतरीन फिल्म "मुगले-ए-आजम" के नाम रहा। बागी शहजादे "सलीम" का किरदार सिनेमा का वो पैमाना है, जिस के पार अब तक दूसरा कोई न जा सका।"राम और श्याम"में डबल रोल के बाद तो जमाना उन का दीवाना ही हो गया था। दिलीप कुमार फिल्म दर फिल्म अपने किरदार के साथ प्रयोग करते रहे, नये नये रंग भरने की कोशिश करते रहे। लेकिन बैराग में तीन तीन दिलीप कुमार कोई तिलिस्म नहीं जगा पाये तो वह कुछ वक्त के लिए रुक गये।फिर हुई सिनेमा की क्रांति। दिलीप कुमार को एकलव्य सिनेमा सम्राट मनोज कुमार ने उन्हें पहली बार "चरित्र अभिनेता" के तौर पर फिल्म क्रांति 1981 में पेश किया। जमाना फिर उन पर निछावर हो गया।इस के बाद फिर तो "शक्ति" "विधाता" "मशाल" और "कर्मा" तक आते आते वो बीती सदी के नवें दशक के सितारों की लोकप्रियता पर भारी पड़ने लगे।

दिलीप कुमार एक अभिनेता ही नहीं वो अपने आप में एक एक्टिंग की यूनिवर्सिटी थे। उस वक़्त में कोई ऐसा अभीनेता नहीं था जो उन के अभिनय संस्थान का स्टूडेंट न रहा हो। वो डूब कर अभिनय करते थे। उन को अधिक फिल्में करने की लालसा नहीं थी। इस लिए 75 साल के लंबे फिल्मी सफर में महज कुल सत्तर फिल्में ही कीं। उन की कुछ यादगार, बेहतरीन फिल्मे ये हैं। ज्वार भाटा1944, शहीद 1948, देवदास 1955, नया दौर, मुसाफिर 1957, मधुमती 1948, पैगाम 1959, मुगले आजम1960, गंगा जमना 1961, लीडर 1964, राम और श्याम 1967, संघर्ष , आदमी 1968, गोपी 1970, क्रांति 1981, शक्ति, विधाता 1982, मजदूर 1983, दुनिया, मशाल 1984, धर्माधिकारी,कर्मा 1986, दाग 1952, अमर1954, सौदागर 1991, कोहिनूर 1960, अंदाज 1949, दिल दिया दर्द लिया 1966,नया दौर 1957 आदि मशहूर फिल्में हैं। रामपुर के वालीवुड स्टार रजा मुराद कहते हैं कि वैसे तो इनके तमाम किरदार ही अमर हैं, लेकिन "अमर" फिल्म का किरदार वाकई अमर ही रहेगा। रजा मुराद का कहना है कि हमने तो अभिनय ही दिलीप कुमार से सीखा है। "कानून अपना अपना" एक ही फिल्म में उन के साथ काम किया था,लेकिन दिलीप कुमार के साथ काम करना या उन से मुलाकात के दौरान बात चीत करने में ही अभिनय की वो बारीकियाँ सीखी जा सकती हैं, जो कि बड़े बड़े संस्थान न सिखा पाये।हेमा मालिनी का कहना है, कि दिलीप कुमार अपने आप में एक बड़े अभिनेता के तौर पर स्थापित हो चुके हैं। उन की फिल्म देवदास, दाग, नया दौर, आजाद,कोहिनूर और लीडर जैसी बड़ी फिल्मों को फिल्म फेयर अवार्ड से नवाजा जा चुका है। मेरे दिल में हमेशा उन के साथ काम करने की तमन्ना रहती थी। फिल्म "क्रांति 1981" में उन के साथ काम करने का मौका मिला। सराहनीय अदाकारी के लिए उन को बहुत से एवार्ड मिले, निशाने इम्तियाज 1977, पाकिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पदम भूषण 1991, पदम विभूषण 1915, दादा साहब फाल्के 1994, फिल्म फेयर लाइफ टाइम एवार्ड 1993, आठ बार फिल्म फेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। लगभग एक साल से उन की तबियत खराब चल रही थी। सांस लेने में काफी परेशानी थी। उन के चाहने वाले उनके लिए दुआ करते रहे। लेकिन करोड़ों दुआ करने वालों पर ऊपर वाले कि मर्जी भारी पड़ी और सातवें महीने की सात तारीख को (7.7.2021) साढ़े सात बजे सुबह वो वक़्त आ ही गया जब उस अजीम फनकार, गुलूकार, शायर, उस्ताद और एक अच्छे वक्ता ने 98 साल की उम्र में इस दारे फानी को मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में अलविदा कह दिया। उन को पूरे राजकीय सम्मान के साथ जुहू कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया। वो वालीवुड पर ऐसी छाप छोड़ गये हैं कि अब और कोई नया दिलीप कुमार नहीं आने वाला। वे अदाकारी के ऐसे कीर्तिमान स्थापित कर गये हैं कि उन का तोड़ना तो दर किनार रहा,उन तक पहुँचना भी ना मुमकिन सा ही है। उन का एक बहुत मशहूर शेर है।

सुकूने दिल के लिए कुछ एहतमाम करूँ।
नजर जो मिले फिर उन्हें सलाम करूँ।
मुझे तो होश नहीं तुम ही बताओ लोगो।
कहाँ से फसाना छेड़ूँ कहाँ तमाम करूँ।

## मुस्कुराहटें कली-सी हैं कि नहीं।

मुस्कुराहटें कली-सी हैं कि नहीं,
ज़िंदगी भी अनमोल-सी है कि नहीं।

ये तबस्सुम तो होठों पर लाजमी है,
पर थकन भी मुसाफि र-सी है कि नहीं।

यूँ तो मोहरे हैं दुनिया की शतरंज पर,
पर हमारी भी कोई चाल वजीरों-सी है कि नहीं।

कभी अपशब्द जुबां पर नहीं रखे हमने,
फितरत अपनी फक ीरों-सी है कि नहीं।

लोग हँसते हैं तो हँसने दो उन्हें संजीव,
मन में उमंग भी झंकार-सी है कि नहीं।

लफ़्ज बरतो ये सोचकर ए संजीव,
इनमें तासीर मरहम-सी है कि नहीं।




संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# एकांत का सौंदर्य और भीतर की यात्रा: बदलते समय में आत्मिक अनुशासन की आवश्यकता



डॉ. प्रियंका सौरभ

आज का मनुष्य निरंतर दौड़ में है–लक्ष्य पाने की दौड़, दिखावे की दौड़, और दूसरों की अपेक्षाओं को पूरा करने की दौड़। इस भागदौड़ के बीच जो सबसे अधिक छूट गया है, वह है मनुष्य का अपना आंतरिक जगत। आधुनिक जीवनशैली ने हमें बाहरी दुनिया से इतना जोड़ दिया है कि हम स्वयं से मिलने का समय ही खो बैठे हैं। ऐसे समय में ह्यएकांतह्व कोई विलासिता नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। यही वह क्षण है जब जीवन हमें धीरे से कहता है–आंतरिक रूप से एकांत में रहिए, लक्ष्यहीन जीवन मत बिताइए, ध्यान कीजिए और अच्छी पुस्तकें पढ़िए। जीवन की दिशा तभी स्पष्ट होती है जब मन के भीतर शांति हो। लक्ष्यहीन भटकाव केवल थकाता है, प्रेरित नहीं करता।

आत्मिक यात्रा के लिए एकांत वह दीपक है जो मन की गहराइयों को रोशन करता है। ध्यान और अध्ययन उस गहराई को दिशा देने वाले दो मजबूत स्तंभ हैं। ध्यान व्यक्ति को स्थिरता देता है और अध्ययन उसे विस्तार प्रदान करता है। दोनों मिलकर जीवन में लक्ष्य, अनुशासन और सृजनात्मकता का संचार करते हैं।

यह आवश्यक नहीं कि मनुष्य समाज से कट जाए। मनुष्य सामाजिक प्राणी है–लोगों में थोड़ा घुलनाझमिलना जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है। किन्तु वास्तविक समस्या तब उत्पन्न होती है जब हम लोगों में इतने खो जाते हैं कि स्वयं से मिलने का अवसर ही न बचे। इसलिए प्रतिदिन एकझदो घंटे अपने लिए निकालना केवल मानसिक स्वास्थ्य नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का सबसे बड़ा मंत्र है। यही समय हमें सजग बनाता है, थकान को धोता है, और भीतर की ऊर्जा को पुनः भरता है। अलग रहिए, पर अपने अंतर में स्थित रहिए–यही आदर्श संतुलन है।

एकांत का आनंद उठाना किसी पलायन का नाम नहीं है। यह स्वयं को पुनः निर्मित करने की प्रक्रिया है। यह वह शांति है जो किसी कोने में बैठकर मन को उसकी मौलिक लय में वापस ले आती है। यह वह स्पेस है जहाँ जीवन के अनुत्तरित प्रश्न स्वयं उत्तर बनने लगते हैं। विचार निर्मल होते हैं, भावनाएँ संयमित होती हैं, और लक्ष्य स्पष्ट होने लगते हैं। इतने सारे लाभों के बावजूद लोग एकांत से डरते हैं, क्योंकि उन्होंने स्वयं के साथ बैठने का अभ्यास ही नहीं किया। लेकिन सच यही है–जो व्यक्ति स्वयं के साथ सुखी है, वही दूसरों को भी सुख दे सकता है। किन्तु एकांत का आनंद लेने का अर्थ यह नहीं कि समाज से विमुख हो जाएँ। मनुष्य का व्यक्तित्व पूर्ण तब होता है जब वह एकांत और मेलझमिलाप के बीच संतुलन बनाए रखे। जब आप दूसरों से मिलें तो पूरे प्रेम और मित्रता के साथ मिलें। आपकी उपस्थिति लोगों के मन में सकारात्मकता भर दे, यह एक साधना है; और इस साधना का आधार भी एकांत ही है। जो व्यक्ति भीतर से स्थिर होता है, वही दूसरों के लिए प्रेरणा बनता है। ऐसे व्यक्ति को देखकर लोग भूलते नहीं; वे याद रखते हैं कि वे एक ऐसी आत्मा से मिले थे जिसने उनके भीतर प्रसन्नता और प्रेम के बीज बोए।

आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती यही है कि लोगों के बीच रहते हुए भी लोग भीतर से अकेले हो गए हैं, और अकेले रहते हुए भी स्वयं से कटे हुए हैं।

सोशल मीडिया की चमक, निरंतर सूचना के प्रवाह और बाहरी अपेक्षाओं का बोझ मन को ऐसा व्यस्त बनाए रहता है कि शांति का क्षण मिलना दुर्लभ हो जाता है। ऐसे माहौल में एकांत हमें उसी तरह बचाता है जैसे समुद्र में तैरते हुए किसी नाविक को तट बचाता है। जीवन की तेज हवाओं में यह हमारा एंकर बन जाता है। एकांत जीवन को संतुलन देता है।

ध्यान उसे गहराई देता है। अध्ययन उसे दिशा देता है। और प्रेम–वह जीवन को सार्थक बनाता है। जब यह चारों तत्व एक साथ मिलते हैं, तब जीवन केवल बाहरी उपलब्धियों का खेल नहीं रहता; वह अर्थपूर्ण यात्रा बन जाता है।

समाज को ऐसे ही व्यक्तियों की आवश्यकता है–जो भीतर से शांत हों और बाहर से करुणामय; जो अपनी अकेली सुबहों में आत्मा को मजबूत करते हों और अपनी भीड़ भरी दोपहरों में दुनिया को मुस्कान देते हों; जिनकी उपस्थिति लोगों को छोटा न करे बल्कि ऊँचा उठाए; जिनकी वाणी में विनम्रता हो, मन में करुणा हो और जीवन में दृढ़ता। संदेश स्पष्ट है–अपने भीतर लौटिए। जीवन को दिशा दीजिए। कुछ देर अकेले बैठिए, पर जब दुनिया से मिलिए तो प्रेम और मित्रता के साथ मिलिए। ताकि लोग आपको इसलिए याद रखें कि आपने उनके हृदय में खुशी और आशा का एक छोटा सा दीप जला दिया था।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** – आपको मनाने का प्रयास होगा, सही फैसला ले,जन्म स्थान से दूर जाना पड़ेगा, करियर की राह चुनना मुश्किल होगा, किराया बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**वृषभ** – कोई नौकरी छुड़ाना, ट्रांसफर कराना चाहेगा, नींद मुश्किल आयेगी, अध्यापन शुरू करेंगे, पेट का ईलाज सम्भव है,पड़ोसी, मित्र से लम्बी बातचीत होगी।भाग्य प्रतिशत-51

**मिथुन** – कुछ नया काम करने या सीखना शुरू करेंगे, पेमेंट लेकर आ रहे हैं तो सही से रखे, गर्भ में भ्रुण विकसित होने में समस्या सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-50

**कर्क** – स्किल पर कार्य करने की जरूरत है, किसी प्रकार का अहंकार लोगों को दूर करेगा, सशस्त्र सेना, पुलिस में जाने में मुश्किल होगी, अच्छे से बोले।
भाग्य प्रतिशत-48

**सिंह** – प्लान पूरा करने में पैसा कम पड़ सकता है, कर्ज मांग सकते हैं, विवाह का मार्ग अब खुलेगा, प्रवक्ता के लिए अच्छा समय है।
भाग्य प्रतिशत-52

**कन्या** – नौकरी छोड़ने का विचार बनेगा, सर्जिकल, दवा उद्योग, चाय पत्ती,केमिकल कार्य, सप्लाई कार्य बाधा के साथ चलेगा, प्रयास अधिक करने पड़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-48

**तुला** – अस्थाई नौकरी स्थाई हो सकती है, संतान को रोग, चोट लग सकती है, शिक्षा के लिए बाहर जाना चाहेंगे, कानूनी कार्यवाही का सहारा ले सकते है।
भाग्य प्रतिशत-49


**वृश्चिक** – भाग्य प्रबल रहेगा, कुछ नए कार्य करने को मिलेंगे, धन भी प्राप्त होगा, सामाजिक संगठन में सक्रियता बढ़ेगी, प्रेम में जुड़ाव बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-61

**धनु** – नए कर्ज हो सकते हैं, घूमने का प्लान बनेगा, पुत्र संतान की खुशखबरी मिल सकती है, कुछ अच्छा घटेगा खुशी होगी। भाग्य प्रतिशत-72

**मकर** – कुछ पैसा जमा कर पाएंगे, ऊंचा कैसे उठे उसके प्लान बनाएंगे, बाहर जाकर उन्नति दिखती है, जीवन साथी से थोड़ा सपोर्ट की जरूरत है। भाग्य प्रतिशत-57

**कुंभ** – जीवनसाथी को रोग बढ़ेगा, किसी प्रकार का मन पर दवाब असंतुलन पैदा करेगा, संतान के लिए पैसा जोड़ना चाहेंगे, घर में वास्तुदोष सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-49

**मीन** – जरूरत पर लोग पीछे हट सकते हैं, अभिलाषा पूरी होने में अवरोध आएगा, कोर्ट केस फाइनल हो सकता है, व्यवसाय मुश्किल से चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-47



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# सर्दियों में बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम

कड़ाके की सर्दी ने दस्तक दे दी है। ऐसे में हर महिला को बाल धोने में आलस आता है।

कई बार हेयर वाश 5--6 दिनों तक नहीं हो पता क्योंकि इस बात की ही उलझन रहती हैं कि किस दिन बाल धोने चाहिए।

आजकल शादियों और पार्टियों का दौर चल रहा है। ऐसे में अगर शादी या पार्टी का कोई न्यौता आ गया तो बाल धोना मजबूरी हो जाती है लेकिन आधा घण्टा उन्हें सूखने में लग जाता है ।

हालाँकि हेयर वाश बालों की हैल्थ के लिए काफी जरूरी माना जाता है लेकिन अगर आप बालों को धोने से परहेज कर रही हैं और आपको पार्टी में जाना जरूरी है तो हेयर परफ्यूम आपके बालों के लिए बेहतर बिकल्प है ।

हेयर परफ्यूम बालों को सुगन्धित करने के साथ है फ्रेश लुक देने में भी मदद करता है । हेयर परफ्यूम बालों से आने बाली बदबू को रोकता है और रूखे , फ्रिजी और बेजान बालों पर असरदार साबित होता है ।

लेकिन असली सवाल है की हेयर परफ्यूम कैसे काम करता है और कितना सुरक्षित है ।

हेयर परफ्यूम का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है । इसकी खुशबू आम परफ्यूम से हल्की होती है, इसलिए इसका ज्यादा इस्तेमाल करना मुश्किल होता है। जिस तरह आप बॉडी परफ्यूम का इस्तेमाल करती हैं, ठीक उसी तरह बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं । यह बालों को अपनी खुश्बू से महकाता है और साथ साथ बालों को मॉइस्चराइज भी करता है जिससे बाल हेल्दी और तरो ताजा नजर आते हैं और बालों की बेहतर लुक नजर आती है । हेयर परफ्यूम बालों को सुन्दर दिखाने के साथ ही लग्जरी टच जोड़ता है और आपको आत्मविश्वास तथा ताजगी महसूस करवाता है ।

कुछ लोग बॉडी परफ्यूम को ही बालों पर छिड़क देते हैं लेकिन उसमें अल्कोहल होता है जो बालों को और ज्यादा रूखा और बेजान बना देता है।

दूसरी ओर हेयर परफ्यूम में अल्कोहल की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यह आपके बालों के लिए ज्यादा सुरक्षित है। यह आमतौर पर पानी पर आधारित होता है, इसलिए यह आपके बालों को भारी नहीं बनाएगा और न ही उन्हें रूखा या चिपचिपा बनाएगा।

हालाँकि बड़ी नामी कम्पनियां बाजार में ब्राण्डेड हेयर स्प्रे बेचती हैं लेकिन अगर घर पर हर्बल हेयर स्प्रे बनाया जाये तो बेहतर होगा ।

1 ---गुलाब की खुशबू का हेयर परफ्यूम



शहनाज हुसैन

इस घर पर बने गुलाब.हेयर परफ्यूम से गुलाबों की रोमांटिक खुशबू का आनंद लें। गुलाब की मनमोहक खुशबू आपके बालों को अद्भुत रूप से ताजा और सुगंधित महसूस कराएगी ।

गुलाब की खुशबु का हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 2 चम्मच गुलाब का तेल, 1 चम्मच जोजोबा ऑयल और 5 चम्मच गुलाब जल को एक स्प्रे बोतल में डाल कर मिक्स करें। आपका होममेड गुलाब की खुशबू वाला हेयर परफ्यूम तैयार है। शादी या पार्टी में जाने से पहले इस हेयर परफ्यूम को बालों पर लगाएं। इससे न सिर्फ आपके बालों से अच्छी खुशबू आएगी बल्कि बालों को पोषण भी मिलेगा। हेयर परफ्यूम को आप अन्य तरीकों से भी बना सकती हैं ।

2 --- कांच के एक बर्तन में आधा चमच्च गुलाब जल और एक चमच्च बिच हेजल को अच्छे तरह मिला लें । अब इस मिश्रण में पांच बूंदे गुलाब तेल मिला कर बने मिश्रण को स्प्रे बोतल में डाल लें । यह हेयर स्प्रे तैयार है और आप इसे शादी या पार्टी में जाने से पहले प्रयोग कर सकती हैं ।

3 ---हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 1।4 कप होम मेड गुलाब जल में 1 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं अगर आप एलोवेरा जेल को थोड़ा ब्लेंड कर लेंगी तो अच्छा होगा। अब इसमें 10 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की और 10 बूंदें जैस्मिन एसेंशियल ऑयल की मिलाएं।

इसे अच्छे से मिक्स कर लें और फिर स्प्रे बॉटल में स्टोर कर फ्रिज में रखें।

4 ---कांच के कटोरे में आधा कप गुलाब जल , चार बुँदे बेनीला अर्क, 20 बुँदे ग्रेप फ्रूट एसेंशियल आयल और 10 बूंदे जैस्मिन एसेंशियल आयल को एक साथ अच्छे से मिला लें । अब इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में डाल कर फ्रिज में रख लें और अपनी जरूरत के हिसाब से उपयोग करें ।

हेयर परफ्यूम लगाने के लिए सबसे पहले बोतल को अपने बालों से लगभग छह से आठ इंच की दूरी पर रखें। इसके बाद, हल्का स्प्रे करें। ध्यान रहे कि यह बालों के बीचों.बीच और सिरों पर ज्यादा केंद्रित हो।

जड़ों की बजाय बालों के बीच की लंबाई और सिरे पर ध्यान दें, ताकि सुगंधित बाल उत्पादों का समान वितरण सुनिश्चित हो सके।

यह तरीका खुशबू को समान रूप से फैलाने में मदद करता है। इससे आपके बाल भारी नहीं होंगे और न ही कोई चिपचिपा निशान छोड़ेंगे।

बेहतर होगा अगर हेयर परफ्यूम को आप किसी ड्राई प्लेस रखेंगी ।

हेयर परफ्यूम को आप हफ्ता भर आराम से स्टोर कर सकती हैं वैसे अगर मौसम ठंडा है तो ये और भी ज्यादा चलेगा।

**लेखिका अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ है और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय है ।**

# धान छनाई करते वक्त किसान का पैर मशीन में फसा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** अकराबाद ब्लॉक क्षेत्र में धान की छनाई करते समय एक किसान का पैर मशीन में फंस गया। इस हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना गांव कुरहेला के 58 वर्षीय डोरीलाल अपने खेत पर ट्रैक्टर से चलने वाली मशीन से धान की छनाई करा रहे थे। इसी दौरान उनका एक पैर मशीन में आ गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे अन्य किसानों ने घायल डोरीलाल को मशीन से बाहर निकाला। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने पैर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे काटने की सलाह दी। किसान की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है और इस घटना की जानकारी राजस्व विभाग को भी दी है।

# सीएम ग्रिड नौरंगाबाद पुल से बोनेर कट तक सड़क निर्माण का हुआ शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अलीगढ़ को सी0एम0ग्रिड योजनान्तर्गत फेज-2 पैकेज 1 अंतर्गत लगभग 8707.89 लाख की लागत से वार्ड 5,9,12,17,22,36,57,58 व 62 मे जीटी रोड छर्रा अड्डा पुल से एटा चुंगी चौराहे होते हुए बोनेर कट तक 5.200 किलोमीटर लम्बी सड़क को शहर की वर्ल्ड क्लास सड़क के रूप में बनाये जाने के लिए सड़क निर्माण का काम शुरू हो गया है।

सीएम ग्रिड योजनांतर्गत लगभग 5 किलोमीटर वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस नौरंगाबाद पुल से बोनेर कट तक सड़क निर्माण जिसमे सड़क चौड़ीकरण, फुटपाथ निर्माण, नाला निर्माण के साथ साथ यूटिलिटी शिफ्टिंग (विद्युत आपूर्ति/केबिल अंडरग्राउंड) को कराया जाना है। बुधवार की अपरान्ह महापौर प्रशान्त सिंघल, नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा जॉइन्ट मजिस्ट्रेट शुभांशु कटियार पार्षद स्नेहा बघेल, लालसिंह अरविंद बघेल, मुख्य अभियंता वीके सिंह अधिशासी अभियंता विजेंद्र पाल सहायक अभियंता अखंड प्रताप सिंह दानिश नकवी की मौजूदगी में पूजा अर्चना हवन के साथ इस सड़क के निर्माण कार्य की पहली ईंट महापौर व नगर आयुक्त ने संयुक्त रूप से रखी।

नगर आयुक्त ने बताया कि सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत इस सड़क के निर्माण वर्ल्ड क्लास की सड़कों की तरह किया जाएगा इस सड़क के निर्माण को एक्सेस वे की तरह धूल रहित बनाने का रहेगा। 21 मीटर चौड़ी सड़क होगी जिसमें डिवाइड और इंटरलॉकिंग सेफ होल्डर स्पेस होगा, लगभग दोनों साइड 2.5-2.5 मीटर की फुटपाथ होगी, पार्किंग की व्यवस्था की दृष्टिगत 5 से 7 मीटर ग्रीन स्पेस को डेवलप किया जाएगा जहां आवश्यकता अनुसार पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी इसके साथ-साथ लगभग 2.5 चौड़ा नाला बनाया जाएगा। आधुनिक सुख सुविधाओं और सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत इस सड़क को वर्ल्ड क्लास सड़कों में गिना जाएगा इस सड़क पर आधुनिक सुविधाओं के क्रम में स्ट्रीट लैंप, स्ट्रीट फर्नीचर, रोड सेफ्टी के उपकरण जगह-जगह साइनेज और कूड़ेदान लगाने के साथ-साथ मल्टी डक के माध्यम से अंडरग्राउंड केबलिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार सड़क खोदने व सड़क तोड़ने के कारण आम नागरिकों को किसी भी तरह की कोई असुविधा नही होने दी जाएगी जितने हिस्से की सड़क बननी है उतने हिस्से को खोदा जाएगा उसे बनाने के पश्चात आगे बढ़ा जाएगा ऐसा नहीं होगा कि एक साथ पूरी सड़क को खोद दिया जाए।

# राधे राधे वूमेन क्राफ्ट इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित लक्ष्मी ब्यूटी पार्लर,टेंटी गांव रोड,मालीपुर गांव रोड अलीगढ़ पर सिलाई,ब्यूटीशियन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** राधे राधे वूमेन क्राफ्ट इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित लक्ष्मी ब्यूटी पार्लर,टेंटी गांव रोड, मालीपुर गांव रोड अलीगढ़ पर सिलाई,ब्यूटीशियन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ गौरव सोशल एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के निदेशक गौरव अग्रवाल,अटल कुमार वार्ष्णेय हरि किशन बघेल,क्षमा बंसल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप जलाकर हुआ। प्रतियोगिता में 75 छात्राओं ने भाग लिया। निदेशक गौरव अग्रवाल ने बताया कि सिलाई,ब्यूटीशियन रोजगार परख कोर्स सीख कर महिलाएं, आत्मनिर्भर बन सकती हैं,अपना व्यापार प्रारंभ कर सकती हैं। ब्यूटीशियन प्रतियोगिता में छात्राओं ने अलग अलग तरह के परिधान ड्रेस पहनकर अपनी योग्यता का परिचय दिया वहीं सिलाई में अलग-अलग डिजाइन के कपड़े छात्राओं द्वारा सिले गए।ब्यूटीशियन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशी कुमारी,द्वितीय स्थान अनुराधा व तृतीय स्थान शीतल ने प्राप्त किया। वही सिलाई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किरण,द्वितीय स्थान रेखा कुशवाह व तृतीय स्थान अंजली सिंह ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का निर्णय अलीगढ़ से आई सोसायटी उपाध्यक्ष क्षमा बंसल व केंद्र संचालिका मंजू ने किया। प्रतियोगिता में बबीता, लक्ष्मी, हर्षिता, उपासना, शबनम, मीनू, गौरी, बंदना, बबली, शीतल, तनु, अनीता, अंजू, गुंजन, रेखा, पुष्पा, सीमा, प्रीति, किरण विमलेश गुंजन, प्रियांशी, लता, सोनम,पूजा, गुड़िया,चारु,दीपा,नेहा आदि बहने मौजूद रही।

# पुलिस मुठभेड़ में बदायूॅ और बरेली के दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** खैर और पिसावा में चोरी-लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों से मंगलवार रात पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इसमें दो बदमाश पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गए। संयुक्त पुलिस टीम ने घटनास्थल से दो तमंचे, कारतूस, रुपए, सोने-चांदी के जेवरात और बिना नंबर की कार बरामद की। दोनों घायल अभियुक्तों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दो बदमाश अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गए।

थाना खैर और पिसावा पुलिस के साथ क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग देहात की टीम खैर थाना क्षेत्र के सहजपुरा मार्ग पर मंगलवार की रात चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सोफा नहर पटरी की ओर से एक सफेद अर्टिगा कार तेजी से आती दिखी। पुलिस ने रोकने का इशारा किया, लेकिन कार सवार और तेज भागने लगे। पीछा करने पर आरोपी सड़क किनारे गाड़ी छोड़कर पुलिस पर फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश के पैरों में गोली लगने से वहीं गिर गए।

पुलिस ने मुठभेड़ में बदायूं के गढिया पैगम्बपुर निवासी अनिल खान और बरेली के अंगूरी टांडा निवासी आमिर को गिरफ्तार किया है। दोनों पर बरेली, बदायूं, कासगंज, शाहजहांपुर व अलीगढ़ के कई थानों में हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, गैंगस्टर, आर्म्स और एनडीपीएस एक्ट जैसे संगीन अपराधों में दर्ज 49 से अधिक मुकदमे पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आभूषण और नकदी खैर के बांकनेर, पिसावा के मीरपुर दौड़ा और शहर के अन्य इलाकों से लूटी है। लूट और चोरी में उनके साथ जाहिद और अफजाल भी थे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 75,200 रुपए नकद, दो अवैध तमंचे 315 बोर, कारतूस, सोने-चांदी के आभूषण, बिना नंबर की सफेद अर्टिगा कार बरामद की है। पुलिस अब फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गए शेष माल की बरामदगी पर फोकस कर रही है।

एसपी ग्रमीण अमृत जैन ने बताया कि पुलिस टीम सहजपुरा गांव के पास चैकिंग कर रही थी। उसी दौरान एक सफेद रंग की अर्टिगा कार आती दिखाई दी। रोकने का इशारा करने पर उन्होंने रफ्तार तेज कर दी। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पैरों में गोली लगने से घायल हो गए। पूछताछ में बदमाशों ने 23 और 26 नवंबर को खैर और पिसावा में लूटद्दचोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# पुलिस ने एक महिला सहित 4 वारंटी अभियुक्तों को दबोचा, न्यायालय में पेश कर भेजा जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**अतरौली।** पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए चार फरार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक महिला सहित चार अभियुक्त शामिल हैं जो अलग-अलग आपराधिक मुकदमों में वांछित चल रहे थे। पुलिस टीम ने ग्राम चण्डौला सूजानपुर व खेड़िया रफातपुर क्षेत्र में दबिश देकर इन अभियुक्तों को धर-दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों में नथिया देवी व जयप्रकाश एक ही परिवार के हैं, जो मुकदमा अपराध संख्या 643/2023 (धारा 323/ 406/506/ 420 जो 2023 से फरार चल रहे थे। वहीं पवन व मुकेश पर मुकदमा क्रमांक 715/11 (धारा 323/325/504 दर्ज है। जो 2011 से फरार चल रहे थे। थाना प्रभारी अंकित सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 श्रवण सिंह, उ0नि0 अजय कुमार, हे0का0 देवेन्द्र कुमार, हे0का0 कप्तान सिंह तथा महिला पीआरडी जवान लाड़ो की टीम ने की।

मंगलवार दोपहर कभीब 3:00बजे थाना प्रभारी ने बताया कि सभी अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और सभी को जेल भेज दिया जाएगा।

# अतरौली क्षेत्र के पवन चौधरी ने नि:शुल्क शिक्षा सामग्री वितरित की कम्पोजिट विद्यालय कुंवरपुर सहित सैकड़ों बच्चों को मिला शैक्षणिक सामान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अतरौली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर स्थित कम्पोजिट विद्यालय में सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ता एवं जाट महासभा के युवा तहसील अध्यक्ष पवन कुमार चौधरी (निवासी ग्राम खानपुर) द्वारा निःशुल्क शिक्षा सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्रों को कॉपियाँ, पेंसिल, पेन, रबड़, कटर आदि आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई।

इस दौरान पवन चौधरी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना एवं उनके अभिभावकों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करना है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वे अतरौली क्षेत्र के नहल, खिटौली, रजातऊ, बंजारा नगला सहित पाँच से अधिक कम्पोजिट विद्यालयों में भी विद्यार्थियों को शिक्षा सामग्री वितरित कर चुके हैं।

विद्यालय के शिक्षकों में इंचार्ज नीलम, शिक्षक कृष्णकांत एवं प्रामिना सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय समय में ही किया गया और इसे लंच से पूर्व संपन्न कर लिया गया। बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ सामग्री प्राप्त की।

## संक्षिप्त समाचार

### एएमयू शोधकर्ताओं को मिला बेस्ट पेपर अवॉर्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की शोधार्थी उज्मा इस्लाम और सहायक प्रोफेसर डॉ. जेबा द्वारा प्रस्तुत शोधपत्र, जेनरेटिव एआइ इन पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशनः रिस्क्स एंड रिस्पॉन्सिबिलिटीज को गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश स्थित एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एआइ गवर्नेंसः स्ट्रैटेजीज, एथिक्स ऐंड पब्लिक पॉलिसी में बेस्ट पेपर अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह पेपर पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से जुड़े जोखिमों का आलोचनात्मक विश्लेषण प्रदान करता है। इसमें भारत में एआइ शासन से जुड़ी नीतियों और कानूनी ढांचे की कमियों को उजागर करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए समग्र और क्षेत्र-विशिष्ट नियामक मॉडल विकसित करने की आवश्यकता बताई गई। उज्मा इस्लाम डॉ. जेबा के निर्देशन में शोध कर रही हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. सबा खान ने दोनों शोधकताओं को बधाई देते हुए उनके परिश्रम और प्रतिबद्धता की सराहना की।

### मण्डल स्तरीय ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 15 से 24 दिसंबर तक नुमाइश मैदान के शिल्पग्राम में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा दस दिवसीय मण्डल स्तरीय ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन 15 दिसंबर से 24 दिसंबर तक राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के शिल्पग्राम में किया जा रहा है। प्रदर्शनी में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश से खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा पंजीकृत इकाईयों के उत्कृष्ठ उत्पादों के प्रचार-प्रसार व बिकी के लिए 60 स्टॉल एवं दुकानें लगायी गयी हैं, जिसमें समीपवर्ती प्रदेशों की इकाईयों द्वारा भी प्रतिभाग किया जा रहा है। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वह प्रदर्शनी में अपने विभाग के प्रचार प्रसार के लिए लाभान्वित व्यक्तियों की एक स्टॉल लगाने की कृपा करें, जिससे प्रदर्शनी में बिक्री को बढावा दिये जाने के साथ-साथ प्रदर्शनी में आमजन को विभाग के कार्यकलापों की जानकारी प्राप्त हो सकें। प्रदर्शनी में एक स्टाल या दुकान निःशुल्क आवंटित की जायेगी।

### मथुरा बाईपास कचरे के पहाड़नुमा लिगेसी वेस्ट का निस्तारण हुआ शुरू,महापौर व नगर आयुक्त ने पूजा अर्चना के साथ कार्य का किया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के मार्गदर्शन में अलीगढ़ के मथुरा बाईपास कूड़ा प्लांट में लगे पुराने कचरे/लिगेसी वेस्ट के निस्तारण की कार्यवाही अब शुरू हो गयी है। माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष बरसो पुरानी समस्या से जल्द शहर को निजात दिलाने का वादा महापौर प्रशान्त सिंघल व नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने किया था। महापौर व नगर आयुक्त के सार्थक प्रयास से आने वाले दिनों में अलीगढ़ की स्वच्छता में बदलाव दिखाई देने की संभावना है क्योंकि शहर में रोजाना निकलने वाले कचरे के वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण और अलीगढ़ के मथुरा बाईपास स्थित कचरा प्लांट में लगे कचरे के पहाड़(लिगेसी वेस्ट) को वैज्ञानिक ढंग से निस्तारित कराए जाने का काम अब तेजी से शुरू हो गया है।बुधवार को महापौर प्रशान्त सिंघल नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा, पार्षद हाफिज अब्बासी,अंजना संजय शर्मा,अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव,सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह,प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी रामानंद त्यागी व अन्य की मौजूदगी में इस महत्वपूर्ण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ।महापौर और नगर आयुक्त ने शहरवासियों से वादा किया था कि दीपावली के बाद शहर की स्वच्छता में बड़ा बदलाव लाने का प्रयास किया जाएगा। महापौर व नगर आयुक्त ने अपने वादे के मुताबिक शहर के पुराने कचरे/लिगेसी वेस्ट के वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण की कार्यवाही को संबंधित एजेंसी एङ्क्ष२३ल्ल क्ल्ला१ ढ५३. छ३ƒ.,नोएडा ने शुरू करा दिया है।नगर आयुक्त ने बताया कि अगले 15 महीनों में इस प्लांट के लगभग 10000 मीट्रिक टन कचरे को निस्तारण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कराने का प्रयास रहेगा। कंपनी द्वारा किलमन हाई स्पीड प्रोसेसिंग मशीन जिसकी क्षमता 100 एम प्रति घंटे है, मंगाई गई है कंपनी द्वारा द्वारा प्रतिदिन 4000 से 5000 मीट्रिक टन कचरे का प्रोसेसिंग और डिस्पोजल किया जाएगा। कंपनी को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्वक और निर्धारित समय सीमा पर कार्य पूर्ण करना होगा। उन्होंने बताया कि कम्पनी की किलमेंन मशीन का ट्रायल किया गया जिसमें मशीन द्वारा 50 टन प्रति घंटा की रफ्तार से कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है।

# यातायात साइबर फ्रॉड जागरूकता के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अतरौली।** कस्बा के घंटाघर स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और लॉर्ड कृष्णा नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज में यातायात और साइबर फ्रॉड जागरूकता के लिए सामाजिक संस्था युवा पहल द्वारा पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गुप्ता के लिए और साइबर फ्रॉड की बचाव के लिए छात्राओं ने अलग-अलग तरह के पोस्टर बैनर तैयार किया और अपील की की हम सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए और साइबर फ्रॉड से बहुत सतर्क रहने की जरूरत है इस मौके पर- प्रधानाचार्य माधवी शर्मा व कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रीति शर्मा, अंजली कुमारी पुष्पा सिंह दीप्ति सिंह पूनम कुमारी, स्वाति सिंह, प्रियंका ठाकुर, हेमलता सिंह, दीप्ति सिंह, प्रियंका ठाकुर, नीतू सिंह, रुपाली वर्मा, रुक्मणि, तुलसी, वेदिका, कुलसुम, वर्षा, प्रीती, भावना, अम्मे, सानिया कुलसुम, इफरा, चुनमुन, कल्पना, अल्फिशा, अंशु गरिमा, करिश्मा, कीर्ति कविता, अक्षरा, अल्फिजा, अभिलाषा, दीपिका, प्रियंका, पूजा राजपुत, सुनीता चौधरी, दीप्ति ठाकुर आदि थे।

# महविश सर्वश्रेष्ठ विपक्षी नेता अवॉर्ड का पुरस्कार हासिल किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की फिजिकल एजुकेशन विभाग की छात्रा महविश खान ने नेशनल एनवायरनमेंट यूथ पार्लियामेंट (एन.ई.वाई.पी.) 2025-26 में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए सर्वश्रेष्ठ विपक्षी नेता का पुरस्कार हासिल किया है। यह राष्ट्रीय आयोजन ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से आए युवाओं ने पर्यावरणीय चुनौतियों पर संसदीय शैली में विचार-विमर्श किया।

छात्रा महविश ने विपक्षी नेता की भूमिका निभाते हुए बहसों, नीतिगत चचाओं और संसदीय प्रक्रिया में सार्थक योगदान दिया। उनके प्रभावी तर्कों और नेतृत्व क्षमता के आधार पर उन्हें सर्वश्रेष्ठ विपक्षी नेता पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो उनके विभाग और विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। महविश ने यह उपलब्धि जुबैरी वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले आयोजित विश्वविद्यालय-स्तरीय पार्लियामेंट्री डिबेट की प्रारम्भिक स्क्रीनिंग में सफलता प्राप्त करने के बाद राज्य-स्तरीय दौर में क्वालिफाई करके हासिल की।

**जागरूक** सुरक्षा समिति में सक्रिय भूमिका निभाने, रात्रि गश्त में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा ग्राम सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रेरित भी किया गया

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा "कोहरे पर पहरा" पहल के अन्तर्गत थाना जवाँ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों को किया गया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़ ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री अमृत जैन द्वारा जनपद अलीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, स्थानीय स्तर पर सुरक्षा ढाँचे को मजबूत बनाने तथा ग्रामवासियों और पुलिस के बीच सहयोग एवं संवाद को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई नई पहल "कोहरे पर पहरा" के अन्तर्गत श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना क्षेत्र जवां के ग्राम रिगसपुरी में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों को प्रक्षिशित एवं जागरूक किया गया, ग्राम सुरक्षा समिति के तहत क्षेत्र में पुलिस और समाज के बीच समन्वय स्थापित कर विश्वास एवं सहभागिता को और अधिक मजबूत करना है । विदित है कि जनपद में कुल 886 ग्राम सुरक्षा समितियाँ बनाई गई है, जिसमें लगभग 8,000 लोगो को सम्मिलित किया गया है, इसका मूल उद्देश्य क्षेत्र में बढते अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा स्थानीय स्तर पर सुरक्षा ढाँचे को मजबूत बनाना, सुरक्षा तंत्र को अधिक सक्रिय करने के साथ-साथ गाँवों में पुलिस की पहुँच को और अधिक प्रभावी बनाना है । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय श्री सर्वम सिंह, थाना प्रभारी जवाँ व अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस द्वारा जोया क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ एवं यातायात अनुशासन अभियान चलाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** बुधवार को यातायात पुलिस टीम द्वारा जोया पुल के ऊपर एवं नीचे व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुल के दोनों ओर फैले अवैध अतिक्रमण, सड़क पर खड़े ठेले, अनावश्यक अवरोध एवं अव्यवस्थित रूप से खड़े किए गए वाहनों को हटाया गया।





यातायात पुलिस ने पाया कि पुल के आस-पास अनावश्यक रूप से खड़े वाहन यातायात बाधित कर रहे थे और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ा रहे थे।इस पर एमवी एक्ट के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए अनियमित रूप से खड़े वाहनों का चालान किया गया तथा उन्हें तत्काल हटवाया गया।पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद वाहन चालकों और राहगीरों को यातायात नियमों के पालन, निर्धारित पार्किंग स्थलों के उपयोग तथा सड़क पर अतिक्रमण न करने के लिए जागरूक किया।अमरोहा यातायात पुलिस ने स्पष्ट कहा है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा,ताकि क्षेत्र में सुचारू एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।ज्ञात रहे कि विगत बुधवार को रजब पुर थाना इलाके में सड़क पर खड़े एक वहां से टकराकर हुए सड़क हादसे में चार डाक्टरों की दर्द नाक मौत हो गई थी।

# विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर स्थानीय सभागार में एक अहम बैठक आयोजित की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** ग्राम असमोली जिसमें सामाजिक संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं मानवाधिकार कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मानवाधिकार केवल कानून की बात नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्रता से जुड़ा मौलिक अधिकार है। समाज के प्रत्येक वर्ग—विशेषकर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों—को न्याय और समानता दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है कार्यक्रम में मानवाधिकार उल्लंघनों को रोकने के लिए जागरूकता बढ़ाने, पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने तथा प्रशासनिक स्तर पर मजबूती लाने पर चर्चा की गई बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, ताकि लोग अपने अधिकारों को जान सकें और अन्याय के खिलाफ आवाज उठा सकें अंत में मानवाधिकार संरक्षण का भ्रष्टाचार निवारण जिला संभल की पूरी टीम प्रमोद कुमार यादव महासचिव,जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार त्यागी, गौरव कुमार यादव प्रांत



संकल्प लिया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये

**कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ**

मानवाधिकार कानून एवं सुरक्षात्मक उपाध्यक्ष, समय सिंह जिला सचिव, ओमवीर शर्मा महामंत्री, विक्रम सिंह यादव कोषाध्यक्ष, शिव कुमार जिला संभल मीडिया प्रभारी, चंद्रभान सिंह यादव जिला कानूनी सलाहकार आदि लोग उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने छीनी युवक की जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को संयुक्त चिकित्सालय भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बृजनगर गणेश कॉलोनी निवासी सचिन पुत्र यशपाल मोबाइल एसेसरीज का कार्य करते थे। वह सुबह शाहबाद सामान देकर लौट रहे थे। करीब 10:30 बजे जैसे ही वह ग्राम भगतपुर पहली के पास हनुमान मंदिर के समीप पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।





मृतक सचिन का फाइल फोटो

हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे पत्नी अंजू और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है।

# मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर गोष्ठी, नवागत कोतवाल को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी के तत्वावधान में मानवाधिकार संरक्षण विषयक गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवागत कोतवाल अनुज कुमार तोमर को राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश सिंह चौहान व जिला प्रभारी नरेश राघव ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



गोष्ठी में जिला प्रभारी नरेश राघव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को धर्म, जाति और क्षेत्र से परे समान मानवाधिकार प्राप्त हैं। संगठन ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रभारी विनय अग्रवाल, डॉ. जयशंकर दुबे, नगर अध्यक्ष सुभाष चंद्र, के.जी. गुप्ता, संजय गुप्ता, संजीव शर्मा, विनय कुमार व पुलिस अधिकारी जगदीश सिंह राणा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजेश सिंह चौहान ने तथा संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया।

# संभल बहजोई मुख्य मार्ग पर ग्राम मुजफ्फरपुर में मुख्य मार्ग पर हुई साफ सफाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी के निदेशों के क्रम में संभल बहजोई मुख्य मार्ग पर ग्राम मुजफ्फरपुर में मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे जमी मिट्टी और पटरियों पर 2 दिन से वृहद स्तर पर साफ सफाई कार्य किया जा रहा है विकास खंड पवासा के 25 कर्मचारियों की टीम कार्य में लगे हुए हैं सहायक विकास अधिकारी पंचायत पवासा अशोक कुमार त्यागी द्वारा अवगत कराया की पवासा विकास खंड क्षेत्र में मुख्य मार्ग को पूर्णतः साफ सुथरा बनाएं रखने हेतु अभियान चलाया जा रहा है।



# झंडेवालान पूजा स्थल तोड़-फोड़ के विरोध में मुख्यमंत्री को सौंपा गया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित एक ज्ञापन राज्यमंत्री गुलाब देवी को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि दिल्ली के झंडेवालान स्थित पूजा स्थल पर दिल्ली शासन/प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुँचाने वाली है। सभा सदस्यों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान पूजा स्थल में तोड़-फोड़ की गई, जिससे स्थानीय समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है और लोगों की भावनाएँ गंभीर रूप से आहत हुई हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल की सुरक्षा और सम्मान बनाए रखना शासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। ऐसी घटनाएँ सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करती हैं और अनावश्यक तनाव पैदा करती हैं। सभा पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि झंडेवालान का यह पूजा स्थल वर्षों से आस्था का केंद्र रहा है, ऐसे में बिना पूर्व संवाद या सूचना के की गई कार्रवाई अनुचित है। उन्होंने शासन से मांग की कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएँ। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधियों में सुधीर मल्होत्रा, बुद्धिश छावड़ा, सचिन मग्गो, विजय अरोरा, राजू कालड़ा, मोनू खुराना, सावन शर्मा, गगन अरोरा, यश मदान सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। सभी ने धार्मिक स्थलों की गरिमा की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संकल्प व्यक्त किया।




# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए,प्रचार प्रसार के साथ सभी विभागों से सहयोग की अपील : जनपद न्यायाधीश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** जनपद न्यायाधीश विवेक द्वारा 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत को सफल बनाने के लिए भरसक प्रयास किये जा रहे हैं सभी विभागों से लेकर विभिन्न प्रकार से प्रचार प्रसार किये जा रहे हैं विगत दिवस जनपद न्यायालय अमरोहा द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर न्यायालय परिसर से गांधी मूर्ति तक रवाना किया गया। रैली को रवाना करते समय जनपद न्यायाधीश द्वारा अवगत कराया गया कि लोक अदालत के माध्यम से वाद का निस्तारण कराने से समय व धन की बचत होती है और समझौते के माध्यम से निस्तारण किये जाने पर किसी भी एक पक्ष की जीत नहीं होती बल्कि दोनों पक्षों की जीत होती है। रैली को संबोधित करते हुए महोदय जनपद न्यायाधीश ने अमरोहा को यह संदेश दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्न प्रकार के वादों वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले,वाणिज्यिक विवाद के मामले, चेक बाउंस के मामले, सेवा विवाद के मामले,शमनीय अपराध संबंधी मामले,ऋण वसूली के मामले, संपत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, दीवानी के मामले आदि वादों को आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है।

जनपद न्यायाधीश विवेक द्वारा पैरा विधिक स्वयं सेवकों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद अमरोहा में राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें तथा साथ ही आमजन तक कानून की पहुंच को सरल बनाने का प्रयास करें, कोई भी व्यक्ति कानून के अभाव में न्याय पाने से वंचित न रहा सके। प्रस्तावित लोक अदालत 13 दिसंबर में अधिक से अधिक वाद चिन्हित करें, तथा चिन्हित वादों का निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत सफल बनाये। रैली को संचालन के समय पीठासीन अधिकारी कुटुम्ब न्यायालय अमरोहा मधुलिका चौधरी,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शाकिर हसन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत ईश्वर सिंह एवं ज्योति अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमरोहा आदि न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त स्टाफ रितिक चाहल, सीतिन चौहान, हर्षित चौहान, अजब सिंह आदि समस्त पी०एल०वी० रिहाना,प्रीति, मेराज परवीन, शशि देवी, पूनम,राजबाला,लोकमान सिंह, ड० प्रथम सिंह आले नबी,संजीव, रामनिवास, वसीम अहमद,मतीन अहमद सिराज अहमद सदस्य स्थायी लोक अदालत, समस्त एल०ए०डी० सी० स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहें।



जनपद न्यायाधीश विवेक

# मानवाधिकार दिवस पर विद्यार्थियों को मिली कानूनी जागरूकता की सीख"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चन्दौसी में जिलास्तरीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल डॉ. विदुषी सिंह के आदेश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मानवाधिकारों की मूल अवधारणा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से प्राप्त मूलभूत अधिकार हैं, जिनका संरक्षण समाज और शासन की साझा जिम्मेदारी है। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती असमानता, भेदभाव, हिंसा और मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना आवश्यक है, ताकि अन्याय और अत्याचार का विरोध किया जा सके। जागरूकता सत्र में मौलिक अधिकार व कर्तव्य, बाल अधिकार, किशोर न्याय अधिनियम, साइबर सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता की पात्रता एवं प्रक्रिया, लोक अदालतों के लाभ आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल भाषा में समाधान किया। साथ ही विद्यार्थियों को विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन एवं उपलब्ध सेवाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल संजीव कुमार, प्रभारी प्रयत्न संस्था जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन गौरीशंकर चौधरी, असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल मयंक गोयल, लिपिक अमित कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, असलम, पराविधिक स्वयंसेवक अतुल कुमार चौहान, अंशुन्न, रमाकांत शर्मा तथा प्रधानाचार्य भोपाल सिंह शास्त्री सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# नई जिम्मेदारी: अपराध नियंत्रण और पारदर्शिता प्राथमिकता: इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नवागंतुक इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर ने कोतवाली चंदौसी का कार्यभार संभाल लिया। बता दें कि पूर्व कोतवाल मोहित कुमार बालियान के थाना असमोली स्थानांतरण के बाद यह जिम्मेदारी इंस्पेक्टर अनुज को सौंपी गई है। वह इससे पहले थाना हजरतनगर गढ़ी में तैनात थे। चार्ज संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में इंस्पेक्टर अनुज ने कहा कि अपराध और अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि "पीड़ित ही न्याय की आशा लेकर थाने आता है, इसलिए उसे न्याय दिलाना ही मेरा पहला दायित्व है।"उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक सम्भल के निर्देश पर कोतवाली में आने वाले प्रत्येक फरियादी को भरोसे की पर्ची उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे कार्य में पारदर्शिता और जनता का विश्वास बढ़ेगा।



इंस्पेक्टर ने यह भी कहा कि महिला संबंधी अपराधों पर विशेष गंभीरता से त्वरित कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर वर्ष 2012 में पुलिस सेवा में भर्ती हुए थे और धामपुर, चांदपुर, नगीना, नहटौर, देहपा समेत कई थानों पर अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। उनकी कार्यशैली अनुशासन और तत्परता के लिए जानी जाती है।

## आयोजन | विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन

# मानव गरिमा का सम्मान संपूर्ण मानव समाज का कर्तव्य-वक्ताओं का मत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को हकीम महताब उद्दीन हाशमी कॉलेज ऑफ लॉ अमरोहा में मानवाधिकार विषयक विशेष चर्चा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे और मानवाधिकारों के महत्व पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों एवं समस्त शैक्षणिक समुदाय में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें संवैधानिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप समझ और संवेदनशीलता प्रदान करना था।विश्व मानवाधिकार दिवस 2025 (10 दिसंबर) की थीम "हमारी रोजमर्रा की अनिवार्यताएं" है,जो दिखाती है कि मानवाधिकार हमारे दैनिक जीवन को कैसे प्रभावित करते हैं, जबकि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार, थीम है "गरिमा और मानवाधिकारों के लिए होलोकॉस्ट स्मरण". भारत में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी 'दैनिक आवश्यकताएँ: सभी के लिए सार्वजनिक सेवाएँ और सम्मान', मुख्य थीम था।जो दैनिक जीवन में मानवाधिकारों के महत्व पर केंद्रित है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ राना परवीन द्वारा स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने मानव गरिमा, स्वतंत्रता, समानता तथा न्याय जैसे मूलभूत अधिकारों की प्रासंगिकता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि मानवाधिकार किसी विशेष वर्ग या समाज के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए आवश्यक सार्वभौमिक मूल्य हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में मानवाधिकारों की रक्षा केवल कानूनों से नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।विधि त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के छात्र व छात्राओं ने विशेष रूप से चर्चा में भाग लिया।इसके पश्चात अन्य संकाय सदस्यों ने मानवाधिकारों के विविध आयामों पर विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार घोषणाओं, महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों तथा अल्पसंख्यकों के अधिकारों, तथा मानवाधिकारों के उल्लंघन की रोकथाम में न्यायालयों की भूमिका जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को जागरूक नागरिक बनने और समाज में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया।चर्चा के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि वर्तमान समय में मानवाधिकारों से संबंधित चुनौतियाँ,जैसे डिजिटल प्राइवेसी, साइबर सुरक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, स्वास्थ्य और शिक्षा का अधिकार,नई दिशा और नए दायित्व प्रस्तुत करती हैं।अतः शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका इन मुद्दों को समझने और समाधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव में डा०मोहम्मद हारून ने सभी संकाय सदस्यों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।विश्व मानवाधिकार दिवस पर आयोजित यह विशेष चर्चा कार्यक्रम अत्यंत सफल, प्रभावी और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, जिसने मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के प्रति सभी उपस्थित जनों में नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता का संचार किया। इस अवसर पर डा० नूर अली अंसारी, डॉ०रिपु दमन प्रताप सिंह, डॉ० मोहम्मद तारिक खान, डॉ०मोहम्मद हारुन,डा० मोहम्मद इफ्तिखार अली, डॉ०मोहम्मद तारिक, डॉ नूतन गुप्ता,फरहत मंसूरी व शहजाद सिद्दीकी आदि उपस्थित थे।




# मानवाधिकार दिवस पर जनकल्याण सेवा समिति की गोष्ठी, आगामी सामाजिक कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** जनकल्याण सेवा समिति चंदौसी द्वारा मंगलवार को घनश्याम मार्केट, बड़ा बाजार स्थित अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय के आवास पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मानवाधिकार दिवस मनाया गया तथा समिति के आगामी सामाजिक प्रोजेक्ट्स पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जनवरी माह में मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इसके अलावा शीत ऋतु को देखते हुए गरीब एवं जरूरतमंदों में कंबल वितरण और विभिन्न विद्यालयों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करने पर सहमति बनी। अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने मानवाधिकार के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी और सचिव भावना गुप्ता ने भी अपनी बात रखी। गोष्ठी का संचालन सचिव भावना गुप्ता ने किया। सभा में कल्पना वार्ष्णेय, भावना गुप्ता, रेखा रस्तोगी, मीनू फैंसी, पूर्णिमा, अंशु वार्ष्णेय, अनामिका, सीमा सिंह, साधना श्रीवास्तव, सोनी रस्तोगी, पूनम वार्ष्णेय, रचना आदि सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सरधना नगर पालिका ईओ दीपिका शुक्ला का मेगा निरीक्षण: 30 बूथों पर सख्त मॉनिटरिंग, नगरवासियों ने की कार्यशैली की जमकर सराहना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान सोमवार



को सरधना में प्रशासनिक गतिविधि चरम पर रहीं। नगर की ईओ दीपिका शुक्ला ने वार्डों में स्थित क्रम संख्या 60 से 90 तक कुल 30 बूथों का मेगा निरीक्षण किया। हर बूथ पर पहुँचकर उन्होंने बीएलओ से फीडिंग का अपडेट,घर-घर सर्वे,नए मतदाताओं के नाम जोड़ने,नाम सुधार और लंबित कार्यों की स्थिति की विस्तार से जानकारी ली।ईओ दीपिका शुक्ला ने साफ निर्देश दिए कि काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्य समय पर, सही और पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरे होने चाहिए। नगरवासियों ने की ईओ दीपिका शुक्ला की सराहना।निरीक्षण के दौरान लोगों ने ईओ की कार्यशैली की खुलकर तारीफ की। नगरवासियों का कहना था कि दीपिका शुक्ला जमीन पर उतरकर काम करने वाली अधिकारी हैं, जो हर मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई करती हैं।

ऐसे अधिकारी ही नगर को आगे बढ़ाते हैं, लोगों ने कहा। शाहवेज अंसारी भी रहे पूरे समय सक्रिय चेयरपर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी भी लगातार सभी बूथों का दौरा करते रहे।

# सुभारती लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा पुलिस थाना का शैक्षिक भ्रमण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के सरदार पटेल इन्स्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा विधि विद्यार्थियों के लिए पुलिस थानों का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण का आयोजन सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चन्द्रा, (पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश) के निर्देशन में तथा प्रो (डॉ) रीना बिश्नोई संकायाध्यक्षा तथा प्रधानाचार्या, सुभारती लॉ कॉलेज के संरक्षण में किया गया। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए निदेशक राजेश चन्द्रा ने कहा कि इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य आपको कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन की प्रक्रिया से परिचित करवाना है। संकायाध्यक्षा डॉ रीना बिश्नोई ने कहा कि इस भ्रमण के माध्यम से आप जान पाएंगे कि किस प्रकार से थाने में शिकायत दर्ज की जाती है काउंसलिग तथा विवादों का समाधान कैसे किया जाता है। विद्यार्थियों का दल, शिक्षक दल, अरशद आलम, मुस्कान श्रीवास्तव तथा हर्षित के साथ कंकरखेड़ा थाना मेरठ पहुंचा, जहाँ पर विद्यार्थियों द्वारा थाना प्रभारी श्री विनय कुमार से मुलाकात की गई। तत्पश्चात अवर निरीक्षक कनिका दलाल द्वारा विद्यार्थियों को मिशन शक्ति के तहत महिला अधिकारों की सुरक्षा तथा संरक्षण थाना द्वारा किस प्रकार किया जाता है, के विषय में विस्तार से बताया गया। अवर निरीक्षक द्वारा विद्यार्थियों को प्रथम सूचना रिपोर्ट लिखवाने से लेकर किस प्रकार से चार्जशीट दाखिल की जाती है तक के विषय में विस्तृत रूप से तथा क्रमबद्ध तरीके से बताया। इसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न साइबर अपराधों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि कभी आप डिजिटल क्राइम के शिकार होते हैं तो आपको 1930 निःशुल्क सहायता नम्बर पर तत्काल प्रभाव से अपनी शिकायत दर्ज करवानी चाहिए। इसके बाद अवर निरीक्षक कनिका दलाल द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि साइबर अपराधों विशेषकर आर्थिक अपराधों में थाने का क्षेत्राधिकार रू. 1,00,000 से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है। छात्र छात्राओं द्वारा थाने के विभिन्न कार्यालयों जिनमें महिला हेल्प सेल, विवेचना कक्ष, सहायक




लेखा कार्यालय आदि का निरीक्षण किया गया। कनिका दलाल, अवर निरीक्षक द्वारा विद्यार्थियों को असंज्ञेय अपराध, पंचनामा, बन्दी ग्रह, मालखाना एवं अपराधियों एवं महिलाओं के लिए बनाए गए कानून तथा महिला हेल्पलाइन 1090 तथा 1092 आदि के विषय में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त पुलिस किस प्रकार जीडी में जानकारी भरती है, के विषय में भी विद्यार्थियों द्वारा जानकारी प्राप्त की गई। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा अनेक प्रश्न पूछे गए, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सहज, धैय पूर्ण व सरल भाषा में उत्तर दिया।

इस शैक्षिक भ्रमण में अदिति, सुमन, भारती, प्रकृति, सोनाली, अनुपम, प्रेरणा, राचिका, दिया, अनामिका, राहुल, गोविन्द, पीयूष, देवांश, यश, सुरभि, आयुषी आदि विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## चोरी गई ज्वेलरी की बरामदी में लापरवाही से आक्रोशित किसानों ने पुलिस के खिलाफ किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**एटा (एम.ए.खान)।** अखिल भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने चोरी की ज्वेलरी और गुंडागर्दी पर कार्रवाई न होने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता कोतवाली देहात पुलिस की निष्क्रियता पर नाराज थे। उन्होंने जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की।प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 25 नवंबर 2025 को आगरा रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में मनीष कुमार की बहन के शादी समारोह के दौरान कुछ लोगों ने ज्वेलरी चोरी कर ली थी। कुछ ज्वेलरी को साहसी महिला ने चोरों से छीनकर पुलिस को सौंप दिया, लेकिन बाकी ज्वेलरी अभी तक बरामद नहीं हो पाई और पुलिस ने आरोपियों को बिना किसी कार्रवाई के छोड़ दिया। इसके अलावा, कोतवाली नगर क्षेत्र में एक दर्जन लोगों द्वारा किए गए लूटपाट और हमले के बावजूद पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया। किसान यूनियन ने जिलाधिकारी से दोनों मामलों में तत्काल कार्रवाई का आश्वासन प्राप्त किया, जिसके बाद आक्रोशित किसान शांत हो गए और अपने घरों की ओर लौट गए।ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, तेज सिंह वर्मा, अनिल कुमार, बाबूराम वर्मा, रामकिशन यादव, रघुवीर सिंह, राजपाल सिंह वर्मा, बबलू नागर, अरविंद शाक्य, शिव शंकर फौजी, अखंड प्रताप सिंह, पिंकी भैया, मंदीप यादव, सोनू, देवकीनंदन वर्मा, उदयवीर सिंह, सत्यपाल सिंह जाटव, ताराचंद जाटव, सुनील कुमार चौहान, अमरनाथ फौजी, रवि चौधरी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



## भत्ता बढ़ाने की मांग को लेकर साइकिल से पहुंचे ग्राम सचिव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली (मोनू सिंह)।** जिले में ग्राम सचिवों ने साइकिल से ब्लॉक पहुंचकर पुराने साइकिल भत्ते के खिलाफ प्रदर्शन किया। पंचायत सचिव रंजीत सिंह ने बताया कि उन्हें क्षेत्र भ्रमण के लिए मात्र 200 रुपये मिलते हैं, जो अपर्याप्त है।

बुधवार सम्भल जिले भर के विकासखंडों में ग्राम सचिवो ने साइकिल से ब्लॉक आकर अपने पुराने और काम साइकिल भत्ते के विरोध में प्रदर्शन किया और इसे बढ़ाने की मांग की। पंचायत सचिव रंजीत सिंह ने बताया कि ग्राम सचिव को क्षेत्र भ्रमण के लिए आज भी 200 रुपये साइकिल भत्ता मिलता है जबकि उन्हें आधुनिक समय में काफी दूरी तय करनी होती है जिसके लिए राशि अपर्याप्त है। वे लोग पुराने भत्ते को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। ताकि उन्हें होने वाली परेशानी कम हो सके और अपना काम ठीक से कर सके। इसी मांग को लेकर आज बुधवार को असमोली (मनौटा) ब्लॉक पर सभी ग्राम विकास अधिकारी व पंचायत अधिकारी की समन्वय समिति ने एक मत होकर साइकिल से ब्लॉक पहुंचकर अपनी आवाज उठाई है। उनका कहना है स्मार्टफोन और उन डिजिटल उपकरणों के साथ काम करना पड़ता है लेकिन वाहन भत्ते जैसी बुनियादी सुविधाएं बहुत पुरानी हैं जिससे असुविधा हो रही है। ग्राम विकास अधिकारी संगठन के अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि प्रदेशिक संगठन के निदेर्शानुसार पूरे प्रदेश में यह सांकेतिक आंदोलन चलाया जा रहा है। जिसमें वाहन भत्ता बढ़ाने की मांग की गई है उन्होंने बताया साइकिलिंग भत्ता मात्र 200 पहले था वही आज भी है जबकि आज ग्राम सचिवों को ब्लॉक से दूर-दूर जाकर गांव में विकास कार्य के लिए काम करना पड़ता है जिसके लिए उन्हें डिजिटल उपकरण साथ में स्मार्टफोन का भी उपयोग करना पड़ता है। हम लोगों की मांग है की पुराना भत्ता बढ़ाया जाय। साइकिल से आने वाली ग्राम सचिवों में रनजीत सिंह, कुनाल चौधरी, विनीत चौधरी, रविकांत, शैलेंद्र, सतपाल सैनी शामिल हुए।



## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में एन0आई0सी0 सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा हेतु मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के




प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित सभी प्रमुख कार्यों गणना प्रपत्रों के वितरण एवं प्राप्ति, डिजिटाइजेशन, मैपिंग तथा एएसडी मतदाताओं के विवरण पर बिंदुवार चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एएसडी सूची भी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि आगामी 12 दिसंबर को प्रत्येक मतदान केंद्र पर बी0एल0ओ0 एवं बी0एल0ए0 की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें बी0एल0ओ0 द्वारा बी0एल0ए0 को मृतक, अनुपलब्ध/अनट्रेसेबल, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लीकेट अथवा अन्य श्रेणी वाले मतदाताओं की सूची प्रदान की जाएगी। बी0एल0ए0 इन विवरणों का प्रत्यक्ष सत्यापन कर सही एवं अद्यतन जानकारी समयबद्ध रूप से उपलब्ध करने में भरपूर सहयोग प्रदान करें, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं तथ्यात्मक रूप से सुदृढ़ किया जा सके।

जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि अपने-अपने स्तर से जनपद के मतदाताओं को भी ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक युवा मतदाता भी फॉर्म-6 भरकर निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हो सकें एवं फार्म 08 संकलित कर उन्हें समयबद्ध रूप बीएलओ के माध्यम से निर्वाचन कार्यालय को भी उपलब्ध कराये ताकि बी0एल0ओ0 द्वारा प्राप्त फॉर्म का सत्यापन कर नामावली में प्रविष्टि सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल अपने-अपने बी0एल0ए0 को सक्रिय रूप से पुनरीक्षण कार्य में लगाएँ और 12 दिसंबर को प्रत्येक बूथ पर बी0एल0ए0 की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि एएसडी सूची बीएलओ द्वारा उन्हें उपलब्ध कराई जा सके।

बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने डूब क्षेत्र हैबतपुर, बिसरख, कुलेसरा, चिपियाना आदि क्षेत्रों के संबंध में सुझाव भी प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने सभी सुझावों का अनुश्रवण करते हुए आश्वस्त किया कि किसी भी क्षेत्र में कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में सम्मिलित होने से वंचित नहीं रहेगा तथा जिला प्रशासन इस दिशा में कटिबद्ध है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति से संबंधित तकनीकी एवं प्रक्रियागत बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सभी बूथ स्तरों पर प्रपत्रों के वितरण, प्राप्ति, डिजिटाइजेशन तथा मैपिंग कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुरूप संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एएसडी सूची का वास्तविक सत्यापन निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसके लिए बीएलए की सक्रिय भूमिका अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएलओ एवं बीएलए के मध्य समन्वय जितना मजबूत होगा, मतदाता सूची उतनी ही सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनेगी। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे पुनरीक्षण कार्य के हर स्तर पर सहयोग सुनिश्चित करते हुए यह ध्यान रखें कि कोई भी पात्र मतदाता नामावली में शामिल होने से वंचित न रहे।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता सहित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मानवाधिकार दिवस पर ज्ञान व खेल का हुआ संगम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** मानवाधिकार दिवस 2025 के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, नगर क्षेत्र मुजफ्फरनगर में जागरूकता

**क्रिकेट प्रतियोगिता और कार्यशाला के माध्यम से बालिकाओं में बढ़ाया जागरूकता व आत्मविश्वास**

कार्यक्रम एवं बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।जिलाधिकारी उमेश मिश्रा,मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमलकिशोर देशभूषण के निर्देशन तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्राओं को अधिकारों की जानकारी के साथ खेल भावना से भी ओतझ्रप्रोत किया।कार्यशाला में डा० राजीव कुमार ने छात्राओं को संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार,शोषण के विरुद्ध अधिकार,धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति एवं शिक्षा का अधिकार तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकार के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसम्बर 1948 को मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा अपनाए जाने के ऐतिहासिक महत्व पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम के अंतर्गत टीम भगत सिंह और टीम लक्ष्मी बाई के बीच हुए रोमांचक क्रिकेट मैच में टीम भगत सिंह ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में 35 रन बनाए और जवाब में टीम लक्ष्मी बाई 23 रन पर ऑल आउट हो गई।इस प्रकार टीम भगत सिंह ने विजय हासिल की।उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यशस्वी को ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्ण घोषित किया गया।वंशिका ने स्कोरर,पल्लवी ने अंपायर,मेघा व दिव्या ने छायाकार और सृष्टि ने कमेंटेटर की भूमिका सफलतापूर्वक निभाई।अंत में डा० राजीव कुमार ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा कार्यक्रम के विशेष सहयोग हेतु वार्डन बबिता शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।




## मानवाधिकार दिवस पर पुलिस कर्मियों को दिलाई गई मानवाधिकार शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**एटा (एम.ए.खान)।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा पुलिस



कार्यालय परिसर में मानवाधिकारों के प्रति, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठ पुलिसिंग सुनिश्चित किए जाने हेतु मानवाधिकार शपथ दिलाई गई मानवाधिकार दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर में, मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठ पुलिसिंग सुनिश्चित किए जाने हेतु पुलिस कर्मियों को मानवाधिकार शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पाण्डेयक्षेत्राधिकारी यातायात संजय सिंह सहित कार्यालय के समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी कार्मिकों को मानवाधिकारों के संरक्षण,नागरिकों के प्रतसम्मानपूर्ण व्यवहार,तथा कानून के दायरे में रहकर निष्पक्ष एवं संवेदनशील पुलिसिंग करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों ने मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## मॉल में अधिवक्ता की पुत्री से दुर्व्यवहार का आरोप,वकीलों ने किया हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** नगर के एक शॉपिंग मॉल में खरीदारी करने गई अधिवक्ता की पुत्री के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार का मामला सामने आने पर बुधवार को अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त हो गया। अधिवक्ता का आरोप है कि उनकी पुत्री जब खरीदारी कर बाहर निकली तो मॉल कर्मचारियों ने उस पर चोरी का शक जताते हुए रोक लिया। आरोप है कि चेकिंग महिला कर्मचारियों द्वारा की जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। साथ ही अधिवक्ता पक्ष ने कर्मचारियों पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता मॉल पहुंचे और स्टाफ से बातचीत करते हुए विरोध दर्ज कराया। स्थिति तनावपूर्ण होते देख मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और दो कर्मचारियों को थाने ले आई। थाने पहुंचकर अधिवक्ताओं ने मॉल कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि मॉल कर्मचारी व अधिवक्ताओं के बीच आपसी समझौता हो गया है।

## लावारिसों की वारिस क्रांतिकारी शालू सैनी 6000 से अधिक शवों को दे चुकीं है अंतिम विदाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** मानवता की मिसाल बनी क्रांतिकारी शालू सैनी का जीवन सिर्फ एक उद्देश्य पर केंद्रित है कि हर मृतक को सम्मानजनक कफन और अंतिम संस्कार मिले।विदित हो कि अब तक वह करीब 6000 लावारिस और जरूरतमंद मृतकों का अपने हाथों से अंतिम संस्कार कर चुकी हैं।खतौली थाना क्षेत्र से सूचना मिलने पर बुद्धवार को फिर वह नई मंडी श्मशान घाट पहुँचीं और एक अज्ञात मृतक की वारिस बनकर अंतिम संस्कार किया।ह्वलावारिसों की वारिसह्व के नाम से पहचानी जाने वाली शालू सैनी साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और अपने खर्चे तथा जनसहयोग से यह सेवा निभाती हैं।आज हर थाने से लावारिस शव मिलने पर सबसे पहले उन्हीं को संपर्क किया जाता है।कोरोना काल में जब लोग अपने परिजनों तक से दूरी बना रहे थे उस समय शालू सैनी ने लावारिस शवों को उठाने से लेकर दाह संस्कार व अस्थि-विसर्जन तक की जिम्मेदारी उठाई।ट्रेन में मृत्यु हो या सड़क पर हादसा-वह हर परिस्थिति में तैयार रहती हैं।ज्ञात हो कि सिंगल मदर होने के बावजूद वह कपड़ों का ठेला लगाकर बच्चों का पालन-पोषण करती हैं और उसी में से समय निकालकर यह सेवा करती हैं।साथ ही महिलाओं और वृद्धों की सेवा,आत्मरक्षा प्रशिक्षण तथा निशुल्क सिलाई सेंटर भी चलाती हैं।उनका वृद्ध आश्रम निमार्णाधीन है।क्रांतिकारी शालू सैनी ने समाज से अपील की है कि इस मानवीय कार्य से जुड़कर सहयोग करें।उनका गूगल पे/फोन पे/पेटीएम नम्बर 8273189764 है ।



**शपथ** कर्तव्यों के साथ दायित्वों का बोध होना भी आवश्यक: जिलाधिकारी

## मानवाधिकार दिवस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** समाज के विभिन्न वर्गों में मानवाधिकार के सरंक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शासन के निदेशों के अनुक्रम

**मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं मानवाधिकारों के विकास एवं सुरक्षा हेतु सदैव कर्तव्यबद्ध रहूँगा**

में जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों को मानवाधिकार दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों के साथ-साथ दायित्वों का बोध भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 10 दिसम्बर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है।उन्होने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को मानवाधिकार दिवस की शपथ दिलायीमैं एतद्द्वारा दृढ़तापूर्वक प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि मैं भारतीय संविधान एवं विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय अनुबंधों द्वारा भारत में अंगीकृत एवं लागू समस्त मानवाधिकारों के संरक्षण के प्रति सत्यनिष्ठ एवं वफादार रहूँगा/रहूँगी। मैं मानवाधिकारों की सुरक्षा हेतु अपने कर्तव्यों का पूर्ण रूप से पालन करूँगा/करूँगी। मैं बिना किसी पक्षपात के मानवाधिकारों का सम्मान एवं सभी के आत्म सम्मान का आदर करूँगा/करूँगी। मैं अपने शब्दों, दस्तावेजों या विचारों द्वारा परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से किसी के मानवाधिकारों का उल्लघंन नहीं करूँगा/करूँगी। मैं मानवाधिकारों के विकास एवं सुरक्षा हेतु सदैव कर्तव्यबद्ध रहूँगा/रहूँगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




## सरूरपुर में चढ़ूनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से की मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरूरपुर (जावेद अब्बासी )।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरु नाम सिंह चढ़ूनी ने सोमवार



को सरूरपुर क्षेत्र के पांचली बुजुर्ग गांव का दौरा किया। उन्होंने पिछले महीने सड़क दुर्घटना में मारे गए हर्षित और नितिन के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उन्होंने संगठन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।दौरे के बाद गुरु नाम सिंह चढ़ूनी पूर्व प्रधान शहजाद के आवास पहुंचे, जहां ग्रामीणों एवं संगठन पदाधिकारियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र के कई किसान नेता और स्थानीय कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।स्वागत कार्यक्रम में सरवन सिंह पाथोली, धीरेंद्र सिंह छूर, कल्लू छूर, विजय मास्टर, हरेंद्र छूर, उपेंद्र मलिक छूर, गुलबहार, शाहरुख चौहान, इसराईल, शमशेर चौहान, जमीर अहमद, आरिफ, कादिर, सलीम, सत्तार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।नेताओं ने कहा कि दुर्घटना में युवाओं की मौत गांव के लिए बड़ी क्षति है और परिवारों के दुख की घड़ी में संगठन उनके साथ खड़ा है।

# आज अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस पर मुरादाबाद जिले के पर्वतारोही नूर मोहम्मद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद से पर्वतारोहण की चढ़ाई करने वाले नूर मोहम्मद ने बताई इन पर्वतारोहण पर आने वाली मुसीबतें महत्व और उनसे जुड़े कई रहस्य। पर्वतारोहण करने का मुख्य कारण है कि उनके साथ आने वाली पीढ़ी शामिल हो और पर्वतारोहण की साथ पर्वतों में आने वाले परिस्थितियां आर्थिक ग्लेशियर्स और हिमालय के बारे में जानकारी मिले ।पर्वतारोही नूर मोहम्मद मुरादाबाद जिले के छोटे से गांव मुस्तफापुर खण्डशाल के रहवासी है जिन्होंने छोटे से गांव से निकलकर ऊंचेझ्रऊंचे पर्वतों पर एवं उसमें आने वाली बाधाओं का सामना कर भारत का ध्वज तिरंगा लहराते आए है।

पर्वतारोही नूर मोहम्मद ने हाल ही में लेह लद्दाख की दो पर्वतों को एक साथ लगातार चढ़ाई कर कांग यात्से1 (21063फीट) और कांग यात्से2 (21590फीट) की ऊंचाई पर चढ़ाई कर मुरादाबाद जिले से भारत का तिरंगा ऊंचे ऊंचे पर्वतों की ऊंचाई पर लहराया।आज "इंटरनेशनल माउंटेन डे" पर नूर मोहम्मद ने बताया कि पर्वत का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान है। पर्वतारोही नूर मोहम्मद ने बताया कि जब पहाड़ों पर चढ़ते हैं तब बहुत कठिन रास्तों को पार करते हुए बहुत सारी बाधाओं का सामना करना पड़ता हैं जिसमें पर्वतों पर बर्फ का गिरना, एवलांच, क्रेबास सर्द हवाएं बर्फीली हवाएं कोर्निश जो कभी रास्तों में दिखता नहीं और पर्वतारोही इसमें कई बार गिर जाते है ऐसे कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं बर्फ पर जगह जगह पर्वतारोहीयो को बर्फ के ऊपर कैम्प करना पड़ता है तब जाकर पर्वत की ऊंचाई तक तिरंगा लहराते है।

अंतर्राष्ट्रीय पर्वत दिवस प्रतिवर्ष 11 दिसंबर को मनाया जाता है, ताकि जीवन में पहाड़ों के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा की जा सके, पर्वतों से आने वाली बाधाओं को उजागर किया



जा सके और ऐसे गठबंधन बनाए जा सकें जो दुनिया भर में पहाड़ों के महत्व और पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव लाएं।पर्वतारोही नूर मोहम्मद पहाड़ों के महत्व और उन से आने वाली बाधाओं से निबटने के लिए बच्चों को प्रशिक्षण भी देते है ।

ताकि हर इंसान को पहाड़ों इनके महत्व के एवं बाधाओं से निबटने के लिए जानकारी प्राप्त हो सके।

पर्वतारोही नूर मोहम्मद मुरादाबाद जिले से पिछले कई वर्षों से पर्वतों पर चढ़ाई कर रहे है जिनमें से लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश एवं अन्य राज्यों के कई पर्वतों पर जा चुके है।

# पुलिस ने तीन लोगों का किया चालान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )** । पुलिस ने शांति भंग की आशंका में नगर के तीन लोगों का चालान बीएनएस की धाराओं में चालान किया है । पुलिस ने अभियुक्त मौहम्मद हनीफ पुत्र अलाउददीन, शहनवाज उर्फ सुक्का पुत्र खुर्शीद सुल्तान पुत्र बाबू निवासीगण कुन्दरकी को बी एन एस की धाराओं 170/126/135 मे चालान कर न्यायालय भेजा है।

# प्रदेश में एक जैसा होगा" सर्किल रेट का प्रारूप"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्रदेश में सर्किल रेट का प्रारूप एक जैसा होगा। इसके लिए शासन ने सभी जिलों से सुझाव मांगे हैं। नया प्रारूप अब अगले साल ही लागू किया जा सकता है। विभाग के विश्वसनीय सूत्रों ने बुधवार को बताया कि संपत्ति की रजिस्ट्री के लिए सर्किल रेट निर्धारण, मूल्यांकन आदि को लेकर सभी जिलों में काफी भिन्नता है। ऐसे में किसी एक जिले का व्यक्ति दूसरे जिले में संपत्ति खरीदकर उसकी रजिस्ट्री कराता है तो अक्सर विवाद होते हैं। इसी वजह से स्टाम्प वादों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है और राजस्व का भी नुकसान बढ़ा है। रजिस्ट्री के दौरान सर्किल रेट निर्धारण, मूल्यांकन आदि को लेकर किसी भी तरह के विवाद से बचने के लिए शासन ने पूरे प्रदेश में सर्किल रेट का एक जैसा प्रारूप निर्धारित करने का निर्णय लिया है और इसके लिए सभी जिलों के निबंधन कार्यालय से सुझाव मांगे गए हैं। सुझावों के आधार पर नई गाइडलाइन तैयार की जाएगी।

# वन संरक्षित क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण का कार्य वन विभाग की अनुमति के बिना शुरू हुआ वन विभाग ने रुकवाया,जेसीबी को किया "सीज"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** लोक निर्माण विभाग ने बुधवार को कांठ -मुरादाबाद मार्ग पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण निर्माण वन संरक्षित क्षेत्र में वन विभाग की अनुमति बिना धड़ले से किया जा रहा था। डिप्टी वन रेंजर ने पुलिस बल के साथ कार्य स्थल पर पहुंचकर लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे अवैध कार्य को रोकते हुए जेसीबी को सीज कर दिया है 'लोक निर्माण विभाग द्वारा सहसपुर बॉर्डर से छजलैट तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य लगभग पिछले 6 माह से किया जा रहा है। कांठ मुरादाबाद पर सड़क के दोनों और सड़क खोदकर उसमें भरी गई बजरी जगह -जगह भूमि में धसने के कारण दोनों और गहरे गहरे गड्ढे हो गए थे। अनेक दो पहिया वाहन चालक गड्ढा में फंसकर चोटिल हो चुके थे, और लोडेड बड़े वाहन फंसने से हाईवे पर दूर-दूर तक जाम लग रहे थे। नागरिकों की शिकायत पर एसडीएम संत



दास पवार ने नियम के अंतर्गत सड़क निर्माण के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए थे। लोक निर्माण विभाग ने श्री गांधी आश्रम से रसूलपुर रेलवे क्रासिंग तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया था। इसके उपरांत लोक निर्माण विभाग ने हाइवे पर मंगलवार को रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग से वन संरक्षित क्षेत्र में छजलेट तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य वन विभाग की अनुमति के बिना शुरू कर दिया, जिसकी सूचना पर वन रेंजर ने अपने उच्च अधिकारियों को तत्काल सूचना दी। बुधवार की प्रातः डिप्टी वन रेंजर अपनी टीम के साथ रसूलपुर नहर के समीप पहुंच गए, जहां उन्होंने अवैध रूप से नहर के समीप लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को रुकवा दिया, और कार्य करते हुए रंगे हाथों जेसीबी को सीज कर दिया। डिप्टी वन डेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि डीएफओ मुरादाबाद लखनऊ मीटिंग में गए हुए हैं, उनके लौटने पर अग्रिम कार्यवाही उनके निदेर्शानुसार की जाएगी।

# टीईटी की "अनिवार्यता से मुक्त करने का मुद्दा राज्यसभा में गूंजा" लाखों शिक्षकों के हितों को देखते हुए तत्काल जरूरी कदम उठाना चाहिए : प्रमोद तिवारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राज्यसभा में मंगलवार को शिक्षकों के लिए अनिवार्य टीईटी का मुद्दा उठा। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान सबसे पहले भाजपा सदस्य सीमा द्विवेदी ने इस मुद्दे को उठाया और सरकार से इस निर्णय के बाद तनाव में चल रहे शिक्षकों को राहत देने की मांग की गई। इसके बाद कांग्रेस सदस्य प्रमोद तिवारी ने भी इस मुद्दे को रखा और कहा कि इससे देश के करीब 25 लाख और अकेले उत्तर प्रदेश के दो लाख शिक्षकों की स्थायी नौकरी पर संकट खड़ा हो गया है।राज्यसभा में दोनों सदस्यों ने इस मुद्दे को विस्तार से रखा। सीमा द्विवेदी ने कहा कि सालों से स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षकों के लिए टीईटी को दो साल के भीतर पास करने की अनिवार्यता से पूरी शिक्षा व्यवस्था के सामने एक संकट खड़ा हो गया है। सरकार को इस पूरे मामले में लाखों शिक्षकों के हितों को देखते हुए तत्काल जरूरी कदम उठाना चाहिए। प्रमोद तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के तहत 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त कक्षा एक से आठवीं तक के शिक्षकों को सेवा में बने रहने के लिए दो साल के भीतर टीईटी पास करना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में इन शिक्षकों के सामने एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद की जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने नई दिल्ली में क्षेत्रीय सांसद रुचि वीरा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन दिया था ' श्रीमती रुचि वीरा ने इस मामले को संसद में उठाने का आश्वासन दिया है।

# अब "जन्म तिथि का प्रमाण नहीं होगा आधार कार्ड"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** आधार कार्ड जन्मतिथि का प्रमाण नहीं होगा। ऐसे में जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड किसी भी दशा मे स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीएम अनुज सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। पुलिस विभाग, एमडीए, नगर निगम, सभी जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत को इस संबंध में पत्र भेजा गया है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ एवं विशेष सचिव जनशक्ति नियोजन प्रभाग के पत्र का हवाला देते हुए डीएम ने बताया कि आधार कार्ड जन्म तिथि का अनुमन्य प्रमाण नहीं है। फिर भी विभिन्न विभागों द्वारा अभी भी आधार कार्ड को जन्म तिथि के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। ऐसे में किसी भी दशा में आधार कार्ड को जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार न किया जाए।

# बाइक ने साइकिल में मारी टक्कर: साइकिल सवार जबर सिंह गंभीर रूप से घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ( सुदेश बिश्नोई )।** बाइक की टक्कर लगने से साइकिल सवार बृद्ध घायल हो गया जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। थाना छजलैट के गांव भेंडी फरीदपुर निवासी करतार पुत्र जबर सिंह का कहना है कि उसके पिता जबर सिंह पुत्र हजारी वीबीपुर का बाजार करके साइकिल से घर को वापस लौट रहे थे जैसे ही मानपुर रोड पर देसी शराब की दुकान के सामने पहुंचे तभी पीछे से आ रही बाइक ने उनके पिता की साइकिल में टक्कर मार दी टक्कर लगने से उनके काफी चोट आई साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई बाइक सवार मौके से बाइक लेकर फरार हो गया।

सूचना मिलने पर उसने पिता को अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उनकी हालत गंभीर बनी हुई है पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# परिषदीय विद्यालय में शुरू हुई "अर्धवार्षिक परीक्षाएं" पहले दिन 1400 बच्चे रहे अनुपस्थित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालय में आज कक्षा एक से आठ के विद्यार्थियों की अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हुई। ब्लॉक क्षेत्र में 14281 बच्चे पंजीकृत थे



लेकिन पहले दिन 12881 बच्चों ने परीक्षा दी करीब 1400 बच्चे अनुपस्थित रहे' पहले दिन एक से पांच तक के बच्चों की मौखिक परीक्षा छठवीं से आठवीं में पहली पाली में क्राफ्ट कृषि गृह शिल्प की परीक्षा । वहीं दूसरी पाली में खेल शारीरिक शिक्षा और स्काउटिंग की परीक्षा थी' खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता ने देर शाम "बुलंद संदेश "बताया आज परीक्षा के पहले दिन करीब 1400 बच्चे अनुपस्थित रहे ।

# खेत पर जानलेवा हमला करने के मामले पर तीन पर रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** मैनाठेर थाना क्षेत्र में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत करने की रंजिश के मामले में किसान को खेत पर घेरकर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मैनाठेर थाना क्षेत्र के ग्राम अहलादपुर निवासी हाजी छिद्दा के पुत्र मिन्जार ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि अपने पिता द्वारा खरीदी गई जमीन के संबंध में कोतवाली मैनाठेर में 13 नवंबर को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी। जिससे विपक्षी उससे रंजिश मानने लगे और उससे चिढ़कर आग बबूला हो गये और उसे गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे । मिन्जार के अनुसार बीती 18 नवंबर की शाम छह बजे वह अपने खेत पर गया हुआ था।तब विपक्षी उसका पीछा करते हुए खेत पर पहुंच गए ।और गालियां देते हुए कहने लगे कि तु हमारी बहुत शिकायत करता है हाजी अख्तर




ने कहा कि आज इसको मारकर इसका काम ही खत्म कर देते हैं। हाजी अख्तर ने अपनी अंटी से तमंचा निकालकर उस पर जान से मारने की नीयत से प्रार्थी पर गोली चला दी। जिससे वह बाल बाल बच गया। फायर की आवाज सुनकर लोगों को आता देखकर हमलावर उसे आइंदा मिलने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर जानलेवा हमला करने के मामले में रंजीत पुत्र टीकाराम निवासी ग्राम हाथीपुर चंदू थाना मैनाठेर,मतलूब हुसैन पुत्र नामालूम निवासी बिलारी और हाजी अख्तर पुत्र इमाम बख़्श निवासी ग्राम अहलादपुर थाना मैनाठेर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नैनीताल-हरिद्वार जैसा ठंडा रहा मुरादाबाद: शाम ढलते ही लोग "घरों में हुए कैद"

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद में पहाड़ों जैसी ठंड रही। मौसम विभाग के अनुसार मुरादाबाद का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि नैनीताल और हरिद्वार में यह 9.3 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। मुरादाबाद में ठंड का अहसास पहाड़ी क्षेत्रों के लगभग बराबर ही रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में भी न्यूनतम तापमान नौ से 10 डिग्री सेल्सियस ही रहेगा।

बुधवार को को हवा में नमी 55 प्रतिशत रही। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। 3.7 किमी प्रतिघंटा की गति से ठंडी हवाएं पश्चिम से उत्तर पश्चिम की ओर चलीं। इससे ठंड का अहसास अधिक रहा।मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्की हवाओं का दौर चलेगा। तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है। कोहरा सुबह-सुबह छंट सकता है' वर्षा की कोई संभावना नहीं, लेकिन शुष्क मौसम के कारण प्रदूषण स्तर बढ़ सकता है।

# एमडीए की "गोविंदपुरम आवास योजना को मिली स्वीकृति" प्रथम चरण में 470 आवासीय, 32 व्यावसायिक प्लॉट होंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) की 516 करोड़ की लागत वाली गोविंदपुरम आवासीय योजना के प्रथम चरण को 22 साल बाद उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) की अनुमति मिल गई है। इसमें 470 आवासीय, 15 मिश्रित भू-उपयोग प्लॉट और व्यवसायिक भू-प्रयोग के 32 प्लॉट होंगे। दिल्ली रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग-9 के मध्य मनोहरपुर व मंगूपुरा ग्राम क्षेत्र में करीब 110 एकड़ भूमि किसानों व अन्य भूमि स्वामियों से आपसी समझौते के आधार पर खरीद ली गई है।इस योजना के लिए खरीदी गई 80 एकड़ भूमि में से लगभग 67 एकड़ (271552 वर्ग मीटर) भूमि पर

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण M.D.A. MORADABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

महायोजना-2031 के आवासीय भू-उपयोग की भूमि पर ये योजना लाने की तैयारी है। योजना में 112.50 वर्ग मीटर, 162 वर्ग मीटर, 200 वर्ग मीटर, 288 वर्ग मीटर व 450 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के लगभग 470 आवासीय प्लॉट (भूखंड) बनाए गए हैं।इस प्रथम चरण में सामुदायिक सुविधाओं के लिए एक इंटर कॉलेज, एक जूनियर हाईस्कूल व तीन नर्सरी स्कूल, एक सामुदायिक सुविधाओं के लिए स्थान आरक्षित रखा गया है। इसका मुख्य आकर्षण योजना के मध्य 18000 वर्ग मीटर उपाध्यक्ष ने बताया कि शीघ्र ही यूपी रेरा से पंजीकरण नंबर प्राप्त हो जाएगी, इसके बाद योजना का पंजीकरण खोल दिया जाएगा।

आवासीय भूखंड की दर 40,500 रुपये प्रति वर्ग मीटर रखी गई है। योजना के आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंडों के लिए जनहित पोर्टल (एचटीटीपीएस://जन हित.उपडा.इन/) पर आवेदन किया जा सकेगा।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती में "गड़बड़ी की शिकायत"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एक महिला एडवोकेट ने राजकीय इंटर कॉलेजों में की जा रही चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितता की शिकायत माध्यमिक शिक्षा मंत्री से की है। गोमती नगर लखनऊ निवासी अंजू सिंह एडवोकेट ने आरोप लगाया है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत मुरादाबाद, बरेली, प्रयागराज एवं मिजार्पुर मंडल में जैम पोर्टल से एक एजेंसी का चयन किया गया।

इसमें समाचार पत्रों में होने वाला प्रकाशन नहीं कराया गया। जिन अभ्यर्थियों द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर अपनी नियुक्ति के लिए आवेदन किया गया है, उस पोर्टल पर अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की कोई तारीख प्रदर्शित नहीं है।उनका आरोप है कि रिश्वत लेकर अभ्यर्थियों का चयन किया जा रहा है।

मुरादाबाद मंडल के राजकीय इंटर कॉलेजों में होनी है 597 पदों पर भर्ती कर दिया गया। मुरादाबाद मंडल में 597 पदों पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती होनी है। इसमें मुरादाबाद जनपद में करीब 123 पद हैं।

# 2 वर्ष से लगातार शून्य पंजीकरण वाले स्कूलों की मान्यता समाप्ति कार्रवाई: 481 विद्यालयों की "मान्यता खतरे में"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्थिति इतनी विकट हो गई है कि प्रदेश के लगभग हर जनपद में यूपी बोर्ड के ऐसे विद्यालय मिले हैं जहां हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में एक भी छात्र का पंजीकरण नहीं हुआ।परिणामस्वरूप प्रदेश के 481 से अधिक इंटरमीडिएट स्तर के माध्यमिक विद्यालयों की मान्यता रद्द होने की कगार पर है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों से ऐसे स्कूलों का ब्योरा मांगा है जहां दो वर्ष से लगातार शून्य पंजीकरण वाले स्कूलों की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। पिछले दो वर्षों से छात्र संख्या शून्य बनी हुई है। प्राथमिक जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।प्रदेश में हाईस्कूल स्तर के कुल 29,534 मान्यता प्राप्त विद्यालय हैं। इनमें प्रयागराज के 12, गाजीपुर के 16, एटा के 14, फिरोजाबाद के10, बलिया के छह, कानपुर नगर व आगरा के चार-चार, मथुरा व बरेली के पांच-पांच सहित 219 विद्यालय ऐसे पाए गए हैं जहां वर्तमान सत्र में एक भी छात्र ने बोर्ड परीक्षा के लिए पंजीकरण नहीं कराया है। इंटरमीडिएट स्तर के मान्यता प्राप्त 25,190 स्कूलों में से गाजीपुर के 49, प्रयागराज के 21, कानपुर नगर के 18, मऊ के 19, अंबेडकरनगर व गोरखपुर के 11-11, एटा व अलीगढ़ के 16-16 सहित कुल 481 विद्यालयों में एक भी विद्यार्थी का पंजीकरण नहीं हुआ है। प्रदेश भर में बड़ी संख्या में ऐसे स्कूलों ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।सीबीएसई विद्यालयों ने ग्रामीण इलाकों तक मजबूत पकड़ बना ली है।

आधुनिक सुविधाएं और अंग्रेजी शिक्षा का आकर्षण अभिभावकों को खींच रहा है।शिक्षकों की कमी, कक्षाओं का नियमित न चलना और कमजोर निगरानी के कारण सरकारी व हिंदी मीडियम स्कूलों की साख प्रभावित हुई है। आगे की पढ़ाई और रोजगार में अंग्रेजी का महत्व बढ़ने से माता-पिता बच्चों का प्रवेश सीबीएसई विद्यालयों में ही करा रहे हैं।फीस छूट, वैन सुविधा, टेस्ट सीरीज और नियमित मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं अभिभावकों को आकर्षित कर रही हैं।


**तीन दिवसीय उर्स** वल्लाह मेरे ख़्वाब में कुतबे मंदार आ गए, जमीर सालकी, उर्से बरकती पर मुशायरा नाअतो मंकबत आयोजित

# दरगाह पर कुल शरीफ की रस्म के साथ तीन दिवसीय उर्स मुबारक का दुआ के साथ हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** बुधवार को नगर के सीलपुर रोड स्थित दरगाह खानकाहे बरकती में मोलाना बरकत अली शाह के चौदहवें उर्स के मुबारक के मौके पर तीसरी दिन सुबह दस बजे कुल शरीफ की रस्म के साथ तीन दिवसीय उर्स मुबारक का समापन हो गया। इस मौके पर मुल्क और कौम की सलामती की दुआ भी की गई। दरगाह पर अकीदतमंदों ने गुलपोशी चादरपोशी की और तबर्रुक भी तक्सीम किया गया। मंगलवार की रात में उर्स मुबारक के मौके पर बाद नमाज ए इशां मुशायरा नाअतो मंकबत का भी आयोजन किया गया।मुशायरे में शायरों ने अपने अपने कलाम पेश कर खूब वाह वाही लूटी । महफिल का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से कारी कौसर अली अशरफी ने किया और हम्दे सना पाक पेश की ।

उस्ताद शायर जमीर सालकी अदीबी ने कहा कि
वल्लाह मेरे ख्वाब में कुत्बे मदार आ गए,
जलवा मुझे दिखा गए किस्मत मेरी बना गए, ।
अली जमाल जमीरी ने कहा कि
तसव्वुर में आते हैं बरकत अली शाह,
मुकद्दर जगाते हैं बरकत अली शाह,।
डॉ नाज़िम कुन्दरकीवी ने कहा कि
बाबे खैबर की बात करते हैं,
जब भी हैदर की बात करते हैं ।
अब्दुल कुद्दूस बिलारवी ने कहा कि
दरबारे हक में शाफए महशर की बात है,
किसको क्या मिला यह मुकद्दर की बात है,।



इकरार इमरतपुरी ने कहा कि
दर बदर की भीक से तो हो नहीं सकता भला,
मांग जाकर रोजाऐ खैरुल वरा के सामने,।
आकिल जैतपुरी ने कहा कि
हिंद में जब मदार आते हैं,
गम के मारे सुकून पाते हैं,।
गुलाम नबी अत्तारी ने कहा कि आ गए हैं जो मदीना यह करम है उनका,
वरना हम जेसे तो धुत्कार दिए जाते हैं,।
हसन जमाल जमीरी ने कहा कि
निगाहो दिल में नबी को बसाइये साहिब,
निगाहो दिल को मदीना बनाइए साहिब,।
हाफिज अरकान मदारी ने कहा कि
हर तरफ क्यों है रोशनी शायद,
नाते सरकार हो गई शायद ,। अब्दुल वकील मोअज्जमी ने कहा कि
मुझे ना छेड़ो दरे पंजेतन का मैं हूं गुलाम,
चिराग मेरा चलेगा हवा के होते हुए,।
इन्तजार रजवी ने कहा कि
खुदा एक पर हो और एक पर मुहम्मद,
अगर कल्ब अपना दोपारा करूं में,।
आजम हनफी ने कहा कि
ऊंचा किया है रब ने दखो रुतबा मदारे आजम का,
दम दम दम दम दमक रहा है। रोजा मदारे आजम का, मुशायरे का संचालन कमर अली कुन्दरकीवी किया।

बुधवार सुबह दस बजे कुल शरीफ की रस्म अदायगी की गई। मकनपुर से तशरीफ लाए पीरे तरीकत सय्यद तहसीन मियां मदारी ने मुल्क में अमन शांति भाईचारा कायम रहने और देश की तरक्की के लिए दुआ कराई । सज्जादा नशीन शराफत अली उर्फ बब्बू मियां मदारी ने सभी का शुक्रिया अदा किया ।इस अवसर पर हाफिज कौसर अली, मुहब्बत अली, धूम अली, चाहत अली, इस्तेकार अली, हाफिज तजम्मुल रियासत अली आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना: 1398 को ही मिल सका ऋण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत कुल 2900 लोगों को ऋण देने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन अब तक बैंकों की ओर से केवल 1398 आवेदकों को ही ऋण वितरित किए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन सभागार में योजना की समीक्षा करते हुए इस पर नाराजगी जाहिर की है। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने जानकारी दी कि सीएम-युवा योजना के अंतर्गत जनपद को 2900 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। विभिन्न बैंक शाखाओं की ओर से अबतक 4358 आवेदन प्रेषित किए गए हैं, जिसमें से केवल 1398 आवेदन पत्रों पर ही वितरण की कार्रवाई हुई है। मुख्य विकास अधिकारी ने योजना की धीमी गति पर बैंक वार ब्योरा तलब किया और निर्देशित किया कि पत्रावली को स्वीकृत करने से पूर्व ही लाभार्थी का सर्वे कर प्रपत्र तैयार कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी बैंकों को आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष दिसंबर महीने तक 65 फीसदी पूर्ति सुनिश्चित कर ली जाए। आवेदन पत्रों को लंबित न रखा जाए।मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि युवाओं को उद्यम लगाने में आने वाली बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए।15 दिनों के भीतर सभी ऋण आवेदनों को निस्तारित कर दिया जाए। बैठक में उद्योग विभाग, आईटीआई, कौशल विकास मिशन, श्रम एवं सेवायोजन विभाग की अन्य योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# अभिनेत्री हेमा पोथाना: रंगों और सपनों की दुनिया में मजबूती से उभरती हुई

सिनेमा की जीवंत दुनिया में एक सितारा उभर कर आया है–निडर, दृढ़निश्चयी और स्व-निर्मित। युवा अभिनेत्री हेमा पोथाना अटूट आत्मविश्वास के साथ, अपने रास्ते की हर बाधा को पार करते हुए, फिल्मों में अपना सफर जारी रखे हुए हैं। अपनी सुंदरता, प्रतिभा और भावनात्मक गहराई के साथ, वह तेलुगु फिल्म उद्योग में एक उज्ज्वल भविष्य गढ़ रही हैं। कम उम्र में ही अपने माता-पिता को खो देने के बावजूद, उन्होंने दुःख को शक्ति में बदल दिया और अपने जीवन को अपने हाथों से आकार दिया।

विजयवाड़ा की रहने वाली हेमा अपने व्यक्तित्व के दो विशिष्ट मूल्यों–जिज्ञ-ासा और साहस–को मजबूती से थामे हुए बड़ी हुईं। माता-पिता के निधन से पैदा हुए खालीपन के बावजूद, उन्होंने दुःख के आगे घुटने नहीं टेके। इस दृढ़ निश्चय के साथ–मैं अपना जीवन खुद बनाऊँगी, वह हैदराबाद आ गईं। इसी साहस ने उन्हें एक महत्वपूर्ण मुकाम दिलाया: 2013 में, उन्हें मिस हैदराबाद का ताज पहनाया गया, जो एक ऐसा मोड़ था जिसने नई शुरूआत के द्वार खोल दिए। सिनेमा के प्रति अपने प्रेम से प्रेरित होकर, हेमा ने टॉलीवुड में कदम रखा और 100त्न लव, चालाकी, कॉफी बार, राज जैसी फिल्मों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लेकिन जिंदगी में एक अप्रत्याशित मोड़ आया। एक भयानक सड़क दुर्घटना ने उनकी दुनिया हिलाकर रख दी, जिससे उनकी हालत इतनी गंभीर हो गई कि डॉक्टरों को भी शक था कि वह ठीक हो पाएंगी। लेकिन हेमा ने हार नहीं मानी। वह फिर से उठ खड़ी हुईं, पहले से कहीं ज्यादा मजबूत।

इस दुर्घटना ने उन्हें रोका नहीं; इसने उन्हें और भी ज्यादा दृढ़ निश्चयी बना दिया। अब, हेमा आगामी ग्रामीण विषय पर आधारित फिल्म मैडम में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। भावनात्मक रूप से समृद्ध कहानी और अभिनय की भरपूर संभावनाओं के साथ, वह इस परियोजना के माध्यम से अपने अभिनय कौशल को निखारने और नई ऊँचाइयों तक पहुँचने का लक्ष्य रखती हैं। हालाँकि उन्होंने बिना किसी गॉडफादर के इंडस्ट्री में कदम रखा, लेकिन उनके आत्मविश्वास, लगन, अनुशासन और कड़ी मेहनत ने उन्हें एक के बाद एक मौके दिलाए।

दर्शकों की नजरों में उनके प्रति प्रशंसा लगातार बढ़ रही है। हेमा पोथाना का सफर सिर्फ एक फिल्मी करियर से कहीं बढ़कर है–यह दृढ़ता, साहस और कठिनाइयों से ऊपर उठने की इच्छाशक्ति की कहानी है। हर कदम आगे बढ़ने के साथ, वह सिनेमा जगत में अपनी पहचान बना रही हैं और सफलता की ओर तेजी से बढ़ रही हैं।

# अली फजल की नई वेब सीरीज राख का ऐलान, सामने आई अभिनेता की पहली झलक



बॉलीवुड स्टार अली फजल को उनके किरदार मुन्ना भैया के लिए लोग याद करते हैं। उनकी लेटेस्ट सीरीज का अनाउंसमेंट हो गया है। अली फजल की नई सीरीज का नाम होगा राख। इसमें वो एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में दिखाई देंगे।

'राखइ एक इन्वेस्टिगेटिव क्राइम थ्रिलर है। सीरीज के पहले पोस्टर को आज इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है। इसे शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'राख से निकलेगा न्याय, नई ओरिजिनल सीरीज प्राइम वीडियो पर 2026 में आएगीइ

इसके पहले पोस्टर में अली फजल हैरानी से किसी चीज को निहारते दिख रहे हैं। उनकी आंखों में मुन्ना भैया वाला खौफ कम और हैरानी अधिक दिख रही है। इसके बैकग्राउंड में एक पुरानी पुलिस की जीप खड़ी है और साथ में कुछ पुलिस वाले दिखाई दे रहे हैं। वर्दी में अली फजल काफी दमदार दिख रहे हैं। इससे ये कहा जा सकता है कि ये सीरीज भी काफी धमाकेदार होगी। इसमें सोनाली बेंद्रे और आमिर बशीर भी अहम रोल निभाएंगे। पहले पोस्टर को देखने के बाद लोग भी इस पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। इसे लाइक करते हुए वो इस सीरीज को देखने के लिए उत्साहित दिखे। कइयों ने फायर इमोजी भी शेयर की है।

इस सीरीज को प्रोसित रॉय ने डायरेक्ट किया है। इन्होंने ही अनुष्का शर्मा की फिल्म परी को डायरेक्ट किया था। बताया जा रहा है कि इसमें अपराध और न्याय के बीच की मनोवैज्ञानिक जटिलताओं को दिखाया जाएगा।


इस सीरीज को एंडेमोल शाइन इंडिया और गुलबदन टॉकीज ने प्रोड्यूस किया है। डायलॉग्स आयुष त्रिवेदी ने लिखे हैं। 'राखइ साल 2026 में प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

इससे पहले अली फजल को अनुराग बसु की फिल्म 'मेट्रो इन दिनोंइ में देखा गया था। इसमें वो एक स्ट्रग्लिंग सिंगर के किरदार में दिखाई दिए थे। अली फजल ने एक पोस्ट में अनुराग बसु की तारीफ करते हुए कहा था, उनके साथ काम करना एक म्यूजिकल सपने जैसा है। उनकी फिल्मों में एक अनोखा जादू होता है। मैं इसका हिस्सा बनकर रोमांचित हूं।

फिल्म में अली फजल और फातिमा सना शेख के साथ आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अनुपम खेर और नीना गुप्ता जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। यह रोमांटिक ड्रामा 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

# फरहाना भट्ट ने बिग-बॉस-19 को बताया सबसे बड़ा जैकपॉट, कहा- लोग मुझे प्यार और सपोर्ट कर रहे हैं

कलर्स रियलिटी शो बिग-बॉस-19 ग्रैंड फिनाले की ट्रॉफी अभिनेता गौरव खन्ना ने अपने नाम कर ली है और जम्मू कश्मीर के श्रीनगर की रहने वाली फरहाना भट्ट दूसरे नंबर पर रही हैं। शो के दौरान फराहाना को कई मुद्दों पर अपनी राय रखते हुए देखा गया। वहीं, घर के दूसरे कंटेस्टेंट से लड़ाई और अपशब्द कहने पर सलमान से डांट भी पड़ी थी, लेकिन इतनी सारी लड़ाई और एक बार बिग बॉस से निकलने के बावजूद फराहाना दूसरे पायदान पर पहुंचीं। हालांकि, ट्रॉफी उनके नाम नहीं आई। फरहाना ने शो को अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा जैकपॉट बताया। उन्होने कहा, बिग-बॉस मेरी जिंदगी का



सबसे बड़ा जैकपॉट है। इसने मेरी जिंदगी बदल दी। पहले कश्मीर में मैं एक आम सी लड़की थी, और मुझे कोई भी नहीं जानता था। आज लाखों लोग मुझे प्यार और सपोर्ट करते हैं। ये आसमान-जमीन का फर्क है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा।


फरहाना ने शो को लेकर भी कुछ बातें की। उन्होंने कहा, शो की शुरूआत में लोग मुझे विलेन बना रहे थे और एक वक्त ऐसा आया, जब मुझे खुद लगने लगा कि शायद मैं सच में बुरी हूं, लेकिन जब पता चला कि बाहर लोग मुझे बहुत प्यार और सपोर्ट कर रहे हैं, तो समझ में आया कि हमारी जनता सब देखती है। वो सही-गलत की पहचान करती है।

जब ने उनसे पूछा कि वे बाहर निकलने के बाद सबसे पहले क्या करेंगी, इस सवाल का जवाब देते हुए फरहाना ने कहा, सबसे पहले तो मैं अपनी मां के साथ समय बिताऊंगी क्योंकि मैं उन्हें बहुत मिस कर रही हूं।

श्रीनगर की रहने वाली फरहाना को भले ही आज कई लोग जानते हैं, लेकिन यहां तक आने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया है। अभिनेत्री ने इम्तियाज अली की फिल्म लैला मजनू में एक छोटा सा रोल किया था। इसके बाद वे अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन में भी साइड रोल में नजर आई थीं। इसके बाद भी वे फिल्म नोटबुक में भी नजर आई थीं।

# 3 दिनों में होंठ बनाएं मुलायम और कोमल, अपनाएं ये 5 तरीके

होंठों की देखभाल करना उतना ही जरूरी है, जितना चेहरे की। ठंड के मौसम में हवा में नमी की कमी के कारण होंठ सूखने और फटने लगते हैं। इसके अलावा कई बार शरीर में पानी की कमी और सही देखभाल न करने से भी होंठ रूखे, बेजान और फट जाते हैं। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप 3 दिनों में अपने होंठों को मुलायम और कोमल बना सकते हैं।



**गुनगुना पानी पिएं**

ठंड के मौसम में होंठों को मुलायम और कोमल बनाने के लिए रोजाना गुनगुना पानी पिएं। शरीर में पानी की कमी के कारण डिहाइड्रेशन होता है, जो होंठों को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है और उन्हें रूखा और फटा हुआ बनाता है। इसलिए दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं। इसके अलावा आप चाहें तो नारियल पानी, ताजे फलों का रस या छाछ भी ले सकते हैं।

**होंठों की सफाई करें**

होंठों को मुलायम और कोमल बनाने के लिए उन्हें साफ करना भी जरूरी है। इसके लिए शहद और चीनी का मिश्रण बनाकर अपने होंठों पर लगाएं। अब हल्के हाथों से 2-3 मिनट तक मले और गुनगुने पानी से धो लें। शहद और चीनी का मिश्रण मृत त्वचा को हटाने में मदद करता है, जबकि शहद होंठों को नमी से भरपूर बनाए रखने में मदद करता है।

**शहद और दूध का मिश्रण लगाएं**

होंठों पर शहद और दूध का मिश्रण लगाने से भी वे मुलायम और कोमल बन सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक चम्मच दूध में एक चम्मच शहद मिलाएं, फिर इस मिश्रण को अपने होंठों पर लगाएं और 15 मिनट के बाद उन्हें गुनगुने पानी से धो लें। इस उपाय को रोजाना रात को सोने से पहले अपनाएं। इससे आपके होंठ मुलायम और कोमल बनेंगे और उनमें नमी भी बनी रहेगी।

**नारियल तेल से मालिश करें**

नारियल तेल में मौजूद फैटी एसिड होंठों को नमी देता है और उन्हें फटने से बचाता है। इसके लिए रोजाना रात को सोने से पहले अपने होंठों पर थोड़ा-सा नारियल तेल लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। 5 से 10 मिनट बाद अपने होंठों को गुनगुने पानी से धो लें। इस उपाय से आपके होंठ मुलायम और कोमल बनेंगे और उनमें नमी भी बनी रहेगी।

**सोने से पहले लिप बाम लगाएं**

रात को सोने से पहले अपने होंठों पर लिप बाम लगाना न भूलें क्योंकि लिप बाम आपके होंठों को पूरे दिन रूखे होने से बचाता है और उन्हें मुलायम बनाए रखता है। इसके अलावा लिप बाम में मौजूद तत्व आपके होंठों को पोषण देते हैं। इस तरह इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने सूखे और फटे होंठों को जल्द ही ठीक कर सकते हैं। यकीन मानिए 3 दिनों में ही आपको फर्क नजर आने लगेगा।

# चेहरे के खुले रोमछिद्रों को कम करने में मदद कर सकते हैं ये 5 प्राकृतिक टोनर

चेहरे के खुले रोमछिद्रों से झुर्रियों और असमान बनावट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए महंगे सीरम और क्रीम पर निर्भर रहने के बजाय आप प्राकृतिक टोनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये टोनर न केवल आपके चेहरे की सफाई कर सकते हैं, बल्कि रोमछिद्रों को भी कम कर सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे प्राकृतिक टोनर के बारे में बताते हैं, जो चेहरे की देखभाल में मदद कर सकते हैं।



**एलोवेरा का उपयोग करें**

एलोवेरा में ऐसे गुण होते हैं, जो त्वचा को आराम देने और रोमछिद्रों को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए ताजे एलोवेरा जेल को चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। आप चाहें तो एलोवेरा जेल को गुलाब जल के साथ मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपकी त्वचा को अतिरिक्त नमी मिलेगी।

**विटामिन-ए का लाभ उठाएं**

विटामिन-ए का एक रूप त्वचा की बनावट को सुधारने में मदद कर सकता है। यह त्वचा की गहराई तक जाकर रोमछिद्रों को कम करने में सहायक होता है। लाभ के लिए इसे सुबह और रात दोनों समय अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। इससे आपकी त्वचा को नमी मिलेगी और रोमछिद्र भी धीरे-धीरे कम होंगे। नियमित उपयोग से आपको बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

**सेब का सिरका है कारगर**

सेब का सिरका एक प्राकृतिक तरीका है, जो रोमछिद्रों को बंद करने में मदद कर सकता है। यह त्वचा के संतुलन को बनाए रखने में भी सहायक होता है। लाभ के लिए सेब के सिरके को पानी में मिलाकर रूई की मदद से चेहरे पर लगाएं। कुछ मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। आप चाहें तो इसे रोजाना इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन पहले पैच टेस्ट जरूर करें।

**खीरे का रस भी है प्रभावी**

खीरा प्राकृतिक रूप से त्वचा को ठंडक देने और पोषण देने वाला फल है, जिसमें गुण होते हैं, जो रोमछिद्रों को कम करने में सहायक होते हैं। लाभ के लिए खीरे के रस को रूई पर लगाकर चेहरे पर हल्के हाथों से मलें और 5 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें। आप चाहें तो खीरे का रस गुलाब जल के साथ मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**ग्रीन टी है लाभदायक**

ग्रीन टी में ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को साफ-सुथरा रखने में मदद कर सकते हैं। यह रोमछिद्रों को भी कम करने में सहायक हो सकता है। लाभ के लिए ग्रीन टी के बैग्स को पानी में भिगोकर ठंडा कर लें, फिर उसे रूई पर लगाकर चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इन प्राकृतिक टोनर्स का नियमित उपयोग करके आप अपने चेहरे की देखभाल कर सकते हैं।

# सीएम रेखा गुप्ता ने भलस्वा ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने आज भलस्वा क्षेत्र में बने ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स का निरीक्षण किया। वर्ष 2016 में तैयार लेकिन वर्षो से खाली पड़े इन फ्लैट्स को देखकर मुख्यमंत्री ने गहरी नाराजगी जताई और इसे दिल्ली के गरीब परिवारों के साथ सबसे बड़ा अन्याय बताया। मुख्यमंत्री ने लाखों झुग्गीवासी परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पिछली सरकारों पर तीखा हमला किया और कहा कि हमारी सरकार लगातार झुग्गीवासियों को उनके हक का पक्का घर और हर मूलभूत सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से आज इन फ्लैट्स की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया है। मुख्यमंत्री ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन फ्लैट्स को जल्द से जल्द तैयार किया जाए, ताकि इन्हें झुग्गीवासियो को आवंटित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने वहां एक मॉडल रिहायशी परिसर भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री के साथ इस निरीक्षण दौरे में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री आशीष सूद एवं विधायक श्री दीपक चौधरी सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार उन लाखों गरीब परिवारों के बेहतरी के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जो आज भी झुग्गियों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने भलस्वा परिसर में बने 7,400 फ्लैट्स के बारे में उल्लेख करते हुए बताया कि ये फ्लैट वर्ष 2016 में बनकर तैयार हुए थे और अब इनकी हालत खंडहर जैसी हो गई। पिछली सरकार ने इन मकानों को किसी भी गरीब परिवार को आवंटित नहीं किया। यह दिल्ली की जनता के साथ कितना बड़ा धोखा है। मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि यदि उस समय ये फ्लैट गरीबों को आवंटित कर दिए गए होते, तो आज वे परिवार अपने घरों में सुख और सम्मान के साथ रह रहे होते। वर्षों तक खाली पड़े रहने के कारण ये मकान जर्जर हो गए और इनमें रखा सामान गायब हो गया है । मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली सरकार ने झुग्गी बस्तियों के पुनर्वास के लिए एक नया, आधुनिक और सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित मॉडल तैयार किया है। इस मॉडल के तहत भलस्वा के फ्लैट्स को पूरी तरह दुरुस्त कर सम्पूर्ण सुविधाओं वाली आधुनिक रिहायशी परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने यहां ई-रिक्शों के लिए चार्जिंग स्टेशन, कारोबार के लिए सुरक्षित स्थान, पार्किंग स्थल, स्वास्थ्य सेवाएं, पार्क आंगनवाड़ी आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि हम ऐसा मॉडल बना रहे हैं, जो दिल्ली के लाखों गरीब परिवारों के लिए केवल सपना था।

# पंजाब नैशनल बैंक द्वारा माटकी झरौली में मेगा कृषि आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**






**सहारनपुर।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान माटकी झरोली, सहारनपुर में आज पीएनबी कृषि जनसंपर्क कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंचल कार्यालय मेरठ से सहायक महाप्रबन्धक मनोज चौधरी, विशिष्ट अतिथि ललित भाटिया, मंडल प्रमुख सहारनपुर रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री मनोज चौधरी ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संचालित कृषि आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, ग्रामीण युवाओं, स्वयं सहायता समूहों तथा उद्यमशीलता की ओर अग्रसर व्यक्तियों तक बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं और प्रशिक्षण के अवसरों को सीधे पहुँचाना है। विशिष्ट अतिथि मंडल प्रमुख श्री ललित भाटिया ने कहा कि कृषि से संबंधित योजनाएँ जैसे कृषि ऋण, केसीसी, पशुपालन ऋण, डेयरी, बागवानी, मशरूम उत्पादन, बकरी पालन, आधुनिक कृषि उपकरणों के लिए ऋण आदि के बारे में जागरूकता बढ़ना अत्यंत आवश्यक है और इस प्रकार के आउटरीच कार्यक्रम किसानों के लिए लाभकारी साबित होते हैं। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथियों में उप मंडल प्रमुख श्री ओ.पी. भालोटिया, मुख्य प्रबन्धक निशा तथा अन्य पीएनबी अधिकारीगण, एवं शाखा प्रमुख उपस्थित रहे। पीएनबी आरसेटी के निदेशक दीपक कुमार ने संस्थान द्वारा संचालित कृषि से जुडी विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी और आउटरीच कार्यक्रम का लाभ उठाकर स्वरोजगार से जुडने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, स्वयं सहायता समूह सदस्यों तथा आरसेटी के प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। आरसेटी से प्रशिक्षित उदयमियों ने अपने अनुभव साक्षा कियें।

मुख्य अतिथियों द्वारा मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए इसके साथ ही केसीसी, सीसीएल, एवं अन्य वित्तिय योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किये गयें। कार्यक्रम के दौरान पीएनबी के मार्केटिंग एवं कृषि अधिकारियों सहित एफएलसी सैयद शान हुसैन, ने किसानों एवं प्रतिभागियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण योजनाओं, बैंकिंग सुविधाओं तथा वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन आरसेटी संकाय सदस्य अमित कुमार चौबे ने किया। कार्यकम में आरसेटी एवं ग्राम्य विकास केन्द्र के सभी स्टाफ उपस्थित रहें। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को कृषि से जुडी पंजाब नैशनल बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी देना एवं ऋण योजनाओं के द्वारा स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना रहा, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में लगभग 300 लोगो ने हिस्सा लिया।

# मुरादाबाद में"एटीएम लूटने वाले पांच बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** 'दिल्ली रोड पर लोकोशेड पुल के पास 25 नवंबर की बुर्का पहनकर पंजाब नेशनल बैंक का आटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) लूटने वाले पांच बदमाश मुठभेड़ के बाद मंगलवार तड़के दबोच लिए गए। मुरादाबाद में भटावली पुल के पास हुई मुठभेड़ में शहर में मुगलपुरा मुहल्ले के अब्दुल मतीन खान और तंजीम के पैर में गोली लगी। वहीं, शहर के ही गलशहीद का रहमान उर्फ हसनैन, हरियाणा के पलवल का जुबैर खान और बुलंदशहर का पूर्व सीआरपीएफ जवान नरेश उर्फ फौजी भी मौके से गिरफ्तार हुए।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि वारदात के बाद बदमाश गाजियाबाद तक गए और शाम को वापस लौटे। अगले दिन फिर निकल गए और बिहार, बंगाल और असम पहुंचे। अब सभी मुरादाबाद में फिर से एटीएम लूटने की वारदात दोहराने की फिराक में दोबारा आए थे। पुलिस ने बदमाशों की सुराग रशी में 1000 सीसीटीवी कैमरे खंगाले और 500 किलोमीटर एरिया तक सर्च किया।



गाजियाबाद से लौटने के बाद घटना में प्रयुक्त नीली रंग की ब्रेजा और उसका असली नंबर मिलने के बाद पुलिस बदमाशों की लोकेशन तक पहुंची थी। अब पुलिस गिरोह के सरगना हरियाणा के मेवात निवासी नियामत उर्फ घोड़ा के अलावा, मेवात के ही रणवीर उर्फ राणा व साथी तौफीक नेपाली की तलाश कर रही है। इनके कब्जे से पुलिस ने 3.83 लाख रुपये, एटीएम काटने के उपकरण, बुर्के, तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। पूछताछ में पता चला कि इसी गिरोह ने 18 नवंबर को मथुरा में भी एटीएम लूटने का प्रयास किया था।

## रजपुरा में दुकान पर बेल्टों से मारपीट का वीडियो हुआ वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रजपुरा** (मौहम्मद अब्बास )। कस्बे में पंजाब नेशनल बैंक के नजदीक स्थित एक दुकान में बेल्टों से की गई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में 3झ4 किशोर दुकान से हाथ में बेल्ट लिए बाहर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव पबसरा निवासी पीड़ित राजकुमार ने बताया कि बीते शनिवार दोपहर करीब 3 बजे वह बैंक के पास रेडीमेड की दुकान पर बैठा था। तभी अलग-अलग गांव के चार किशोर दुकान में आए और बेल्टों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे बचाया, जिसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए मारपीट में राजकुमार के सिर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने उसे रजपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल के लिए भेजा। पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



# अपराधियों पर शिकंजे में सफल कानपुर के सीपी रघुबीर लाल की नेतृत्व कुशलता,जारी गिरफ़्तारियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां अपनी परिश्रम पूर्ण कर्मठता के फल स्वरुप कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में पीड़ितों की हर संभव सहायता तथा घटनाओं के सटीक खुलासे के साथ कमिश्नरेट पुलिस का हर तरह के अराजक तत्वों तथा सफेदपोश माफिया अपराधियों पर प्रहार लगातार जारी है।

माना जा रहा है कि अपराधियों और प्रभावशाली सफेदपोश माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के मामले में ऐतिहासिक साबित हो चुके अखिल कुमार के बाद भारतीय पुलिस सेवा के लिए चयनित 1997 बैच यूपी कैडर के मूल रूप से उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग के निवासी, अपने करियर के दौरान लोकसभा सचिवालय में संयुक्त सचिव (सुरक्षा) का पद भी संभालने वाले, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कमिश्नरी प्रणाली शुरू होने से पहले, शहर के पहले और आखिरी एसपी (कानून और व्यवस्था) भी रहे, दिल्ली में नए संसद भवन के सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके, सीआईएसएफ के साथ भी काम कर चुके, सुरक्षा प्रबंधन में व्यापक अनुभव वाले और दो बार राष्ट्रपति वीरता पदक भी प्राप्त कर चुके जुझारू वरिष्ठ आईपीएस एडीजी रघुबीर लाल की कानपुर पुलिस कमिश्नर के रूप में चल रही उनकी चुनौती पूर्ण नियुक्ति का सीधा मतलब यह भी है कि अपराधियों ,माफियाओं और भ्रष्ट पुलिस वालों को भी किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। कानपुर के छठवें पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल के बारे में विभागीय सूत्रों का



दावा यह भी है कि किसी भी तरह के अन्याय, अपराध और अपराधियों के खिलाफ शुरू से ही सफल जुझारू तेवरों वाले, लोकहित में निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी विचारधारा के अनुरूप शांति और कानून व्यवस्था के खिलाफ हर स्तर की अनुचित सिफारिशों को जूते की नोक पर मारने के लिए भी चर्चित, कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा के चलते मंशा पर खरे उतरने के रूप में योगी सरकार का इकबाल भी बुलंद करने वाले देश प्रदेश के कर्तव्य निष्ठ और बेहद ईमानदार आईपी एस अधिकारियों में से एक भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले, जुझारू वरिष्ठ आईपीएस रघुबीर लाल की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा, उनकी इमानदारी, उनकी निष्पक्षता, उनकी पारदर्शिता, उनकी अभूतपूर्व नेतृत्व क्षमता, उनकी अदम्य साहस वाली कर्मठता, उनकी निडरता और उनकी कठोर परिश्रम शीलता ने अपने कर्तव्य का पालन करने में कभी भी कोई कसर नहीं रखी। पीड़ितों की सहायता करते हुए कानून व्यवस्था के पक्ष में माफियाओं और हर तरह के अपराधियों के खिलाफ अपनी जुझारू नौकरी के अबतक के कार्य काल में रिकॉर्ड तोड़ संख्या में कार्रवाई में मिली सफलता भी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के जुझारू पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल के अदम्य साहस, शौर्य ,वीरता और दूरदर्शिता का ही परिणाम है।

यही नहीं पुलिस भारतीय पुलिस सेवा में आने के बाद लोकहित में अपनी धुन के पक्के ,अपने कर्तव्य के प्रतिपूर्ण रूप से निष्ठावान और बेहद ईमानदार वरिष्ठ आई पी एस रघुबीर लाल के अबतक के जुझारू कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन आई पी एस अधिकारी के रुप में मानवीय दृष्टिकोण के भी प्रबल पक्षधर कानपुर के पुलिस कमिश्नर एडीजी रघुबीर लाल ने अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा और ईमानदारी के साथ समझौता आज तक नहीं किया।




**बुलन्दशहर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/ जिला जज श्री संजय सिंह प्रथम के आदेशानुसार सचिव शहजाद अली के दिशा निर्देशन में जिला कारागार बुलंदशहर के जेल अधीक्षक श्रीमती कोमल मंगलानी एवं जेलर अशोक कुमार, डिप्टी जेलर प्रणय सिंह के सहयोग से मानव अधिकार दिवस के अवसर पर मध्यस्थ नवीन चंद्र बिरला एडवोकेट, नामित अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार एडवोकेट ,सत्यप्रकाश शर्मा एडवोकेट,राबिया खातून एडवोकेट और नौशीन एडवोकेट द्वारा बंदिया को मानव अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए जागरूक किया।

# दीपावली का यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होना गर्व की बात : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में सम्मिलित किए जाने को गर्व का पल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उस उत्सव की वैश्विक पहचान है, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय और नए आरंभ के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति व परंपरा की महत्ता को विश्वपटल पर और अधिक मजबूती प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' के माध्यम से विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण से इस उपलब्धि के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उत्तर प्रदेश के लिए इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अयोध्या प्रभु श्रीराम की पावन भूमि है। यहीं पर दीपावली की पहली ऐतिहासिक उत्सव

**अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है दीपावली का त्योहार : मुख्यमंत्री**

परंपरा की शुरूआत हुई थी। उन्होंने कहाकि अयोध्या केवल सांस्कृतिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय परंपराओं की आत्मा है। ऐसे में इस पर्व की वैश्विक मान्यता अयोध्या के आध्यात्मिक महत्व को और भी प्रखर बनाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान भारत की बढ़ती सांस्कृतिक प्रतिष्ठा का प्रतिबिंब है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व स्तर पर अपनी सांस्कृतिक उपस्थिति को व्यापक रूप से स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपराओं और उत्सवों को विश्व समुदाय द्वारा अपनाया जाना सकारात्मक संकेत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आशा व्यक्त की कि अयोध्या का शाश्वत प्रकाश मानवता को सत्य और सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। उनके अनुसार यह पर्व केवल उत्सव नहीं बल्कि जीवन दर्शन है, जो समाज को एकता और संस्कारों की दिशा में अग्रसर करता है।

# रामघाट रोड स्थित लॉर्ड कृष्णा नर्सिंग कॉलेज में पुलिस की साइबर क्राइम, मिशन शक्ति और यातायात नियमों का पालन करने को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली।** रामघाट रोड स्थित लॉर्ड कृष्णा नर्सिंग कॉलेज में पुलिस की साइबर क्राइम, मिशन शक्ति और यातायात नियमों का पालन करने को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसएसपी नीरज जादौन ने कहा कि पुलिस आपकी मित्र है पुलिस से कोई भी घटना न छिपाएं। आपके आसपास होने वाली हर छोटी बड़ी घटना की जानकारी पुलिस से शेयर करें। घटनाओं को छिपाने से क्राइम बढ़ता है। मोबाइल नंबर पर आने वाली अंजान कॉल से सावधान रहें। किसी को भी अपनी व्य?क्तिगत जानकारी और ओटीपी आदि शेयर न करें। फोन पर डराकर पैसे ऐंठने वाले लोगों से सावधान रहें और पुलिस को तुरंत सूचना दें। 1930 नंबर पर जानकारी दें। साइबर क्राइम को हम सभी की जागरूता से रोका जा सकता है। यातायात नियमों पालन करें और बाइक पर हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाकर चलें। आपकी जान कीमती है इसे परिजनों व देश के लिए बचाकर रखें। कोई दुर्घटना में घायल मिले तो उसे अस्पताल पहुंचाएं आपको इनाम दिया जाएगा।

एसपी क्राइम ममता कुरील ने कहा कि नाबालिग, छात्राओं व महिलाओं के साथ कुछ गलत हो रहा है तो चुप न बैठें गलत के खिलाफ आवाज उठाएं।



112 नंबर, 1090 अथवा थाने में सूचना अवश्य दें। आपकी पहचान गोपनीय रहेगी। गली मोहल्ले में कोई परेशान कर रहा है अथवा बिना वजह घूरता है तो पुलिस में शिकायत करें। कुछ भी अजीब या गलत लगे तो घबराएं नहीं उसे परिजनों, गुरुजनों अथवा पुलिस से जरूर शेयर करें। पुलिस को सही सूचना दें गलत इस्तेमाल न करें। एसआई हिमानी तोमर, कमलेश कुमार व अमित कुमार एसओ अंकित सिंह ने भी जागरूता संदेश दिया। एसएसपी ने हेलमेट भी वितरित किए। इस दौरान डा जन्मेजय सिंह, अन्नू चौधरी, हिमांशु मित्तल गुप्ता, कमल अग्रवाल, अमित राघव, देवेंद्र सिंह, रवि कुमार, दुर्गेश, देवेश शर्मा, प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

**पुलिस चैक पोस्ट का शुभारंभ**

अतरौली से पनेहरा रोड स्थित बड़ा महादेव के निकट स्थापित नव निर्मित पुलिस चैक पोस्ट का एसएसपी नीरज जादौन ने शुभारंभ किया। उद्यमी अंशू अग्रवाल ने कहा कि इस रोड पर शाम होते ही लोगों को निकलने में डर लगता था। पुलिस चैक पोस्ट स्थापित होने से लोगों को भारी सुरक्षा महसूस होगी। काफी समय से लोग यहां पुलिस चैक पोस्ट की मांग कर रहे थे।

**माघ मेला-2026** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक बार फिर भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित माघ मेला संपन्न कराने की तैयारी

# महाकुंभ के भव्य आयोजन के बाद माघ मेला-2026 की तैयारियां अंतिम चरण में

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन के बाद अब राज्य सरकार माघ मेला-2026 को भी अभूतपूर्व, व्यवस्थित और सौंदर्यपूर्ण स्वरूप देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में माघ मेले की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। अभी हाल ही में मुख्य सचिव के समक्ष प्रतीक चिन्ह का अनावरण, सेक्टरवार रंग योजना और अवसंरचनात्मक सुधारों पर विशेष चर्चा हुई थी। इस बार अनुमानित है कि प्रयागराज में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु संगम पर पवित्र स्नान करेंगे, जिनमें प्रतिदिन आने वाले लाखों कल्पवासी भी शामिल होंगे।

**7 सेक्टर्स - 7 ऊर्जा चक्रों के रंग**

पूरा मेला क्षेत्र रंग-समन्वित थीम पर आधारित होगा। हर सेक्टर एकरूपता का अनुभव कराएगा। मेले को सुसंगत और आकर्षक रूप देने के लिए सातों सेक्टर्स और सात पॉन्टून पुलों को "सात ऊर्जा चक्रों" के अनुरूप रंगों से सजाया जाएगा। हर सेक्टर की चहारदीवारी पर 3 फुट चौड़ी सीमांकन पट्टी बनाई जाएगी, जिससे मेले का आकार दृष्टिगत रूप से स्पष्ट, व्यवस्थित और सुंदर दिखाई देगा। सभी सेक्टर्स में उत्तर प्रदेश सरकार और माघ मेला-2026 का प्रतीक चिन्ह अंकित होगा।




**चेंजिंग रूम होंगे अधिक सुविधाजनक**

विभिन्न घाटों पर उपलब्ध चेंजिंग रूम भी सेक्टरवार रंग योजना के अनुरूप तैयार किए जाएंगे। पहले की तुलना में दोगुनी क्षमता, रंग योजनाओं से मेल खाते हुए होंगे। अब 2 यूनिट में 2 के स्थान पर 4 लोग एक साथ सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। इससे भीड़ प्रबंधन अधिक सुचारू और सुविधाजनक होगा तथा मेले की एकरूपता कायम रहेगी।

**पॉन्टून पुलों पर बढ़ेगी सौंदर्य और सुरक्षा दोनों**

सातों पॉन्टून पुलों को इंद्रधनुषी सात रंगों से सजाया जाएगा। पुलों पर लगे लाइट, पोलों पर एलईडी लाइटें धार्मिक चिन्हों के साथ प्रदर्शित होंगी, जो दिन और रात दोनों समय आकर्षण का केंद्र रहेंगी। हर पुल पर रंग अनुरूप झंडे लगाए जाएंगे।यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलों पर कैनोपी का निर्माण किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विश्वस्तरीय अनुभव देने पर फोकस**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि माघ मेला-2026 न केवल धार्मिक भावना का प्रतीक हो, बल्कि साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा सुविधाओं और आधुनिक अवसंरचना के मामले में भी देशभर के मेले आयोजनों के लिए एक आदर्श बने। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में मेला प्रशासन श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित, व्यवस्थित, आध्यात्मिक और विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करने में जुट गया है।

# वकीलों ने तहसील परिसर मे निर्वस्त्र होकर किया प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर तहसील मे बुधवार को कुछ वकीलों ने निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन एक जमीनी विवाद मे स्टे हटाने के विरोध मे किया गया।



आरोप है कि एसडीएम ने बिना एक पक्ष को सुने विवादित जमीन से स्टे हटा दिया, जिसके बाद दूसरे पक्ष ने उस जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। साथ ही समस्या का समाधान होने तक दिन रात इसी तरह धरने की चेतावनी दी है। वकील मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि रेवती का दूसरे पक्ष से रबूपुरा के गांव मेंहदीपुर बांगर मे एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जिसमे कोर्ट से 17 नवंबर को यथास्थिति के आदेश हुए थे। आरोप है कि इसके बाद इस मामले मे एक व दो दिसंबर कि तारीख लगाई गईं, जिसकी उनको सूचना नही हुईं और दूसरे पक्ष को बिना सुने स्टे हटा दिया गया और अब दूसरा पक्ष उसमे निर्माण कार्य कर रहा है। उनको आदेश क्या हुआ है, इसकी जानकारी भी नही दी गईं। उनको 8 दिसंबर को विपक्ष व पुलिस से जानकारी मिली की स्टे हटा दिया गया है। साथ ही आरोप है कि उनको पत्रावली की नकल भी नही दी जा रही है। उन्होंने डीएम कार्यलय मे भी शिकायत की है, लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। जिसपर उन्होंने निर्वस्त्र होकर धरना प्रदर्शन शुरू किया है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267